डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
शुक्रवार
25.11.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 02
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
बदलते लोग बदलते रिश्ते और बदलता मौसम, चाहे दिखाई ना दें पर महसूस जरुर होते हैं।

www.rastriyanaveenmail.com
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-29 अंक-41 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

## न्यूज गैलरी

### झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक अब एक दिसम्बर को

**रांची।** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि सोमवार दिनांक 28 नवम्बर अपराह्न चार बजे से होनेवाली मंत्रिपरिषद की बैठक अब गुरुवार, एक दिसम्बर 2022 को अपराह्न चार बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### अवैध खनन के बाद बालू घाटों का मामला भी ईडी रडार पर

**रांची।** साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध खनन में पूजा सिंघल पर चार्जशीट की तैयारी ईडी कर रही है। वहीं, अब बालू घाट की एलॉट्मेंट बगैर टेंडर किये जाने को लेकर भी पूजा सिंघल ईडी की रडार पर आ गयी हैं। जेएसएमडीसी में रहते हुए पूजा सिंघल ने सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के गाइडलाइंस का उल्लंघन करते हुए गढ़वा में पचदुमर और सुंडीपुर बालूघाटों का ठेका नंदकिशोर सिंह और आत्माराम उपाध्याय को दे दिया था। इस संबंध में जेएसएमडीसी ने कोई टेंडर नहीं निकाला था।

### राज्य वन सेवा के आठ पदाधिकारी होंगे भारतीय वन सेवा में प्रोन्नत यूपीएससी ने लगायी मुहर

**रांची।** झारखंड राज्य वन सेवा के आठ पदाधिकारियों को भारतीय वन सेवा के लिए यूपीएससी ने मुहर लगा दी है। दिल्ली में यूपीएससी की बैठक में राज्य वन सेवा के सुनील कुमार, एसपी सिंह, ओमप्रकाश, शशि कुमार, अरविंद कुमार गुप्ता, शिव कुमार प्रसाद, अजय कुमार और तारकनाथ के नामों पर मुहर लगाकर भारतीय वन सेवा में प्रोन्नत करने की सिफारिश कर दी है। बैठक में यूपीएससी के दो सदस्यों सहित राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एल ख्यांगते व प्रधान वन्य संरक्षक संजय श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### अंचल अधिकारी व अन्य के विरूद्ध होगी एसीबी जांच, सीएम की मंजूरी

**रांची।** भ्रष्टाचार के खिलाफ गंभीर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जामताड़ा के तत्कालीन सीओ हेमा प्रसाद, सीआई इस्माईल टूडू सहित अन्य के खिलाफ एसीबी जांच करने की अनुमति दे दी है। जमीन के अवैध खरीद बिक्री के आरोपी इन लोगों के खिलाफ सीएम ने एसीबी को निर्देश में कहा है कि आरोपी यदि फरार रहे तो उनके खिलाफ कुर्की जप्ती किया जाये। मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, धनबाद आईआर संख्या-40/2017 (दुमका), दिनांक-30.11.2017 हेमा प्रसाद, तत्कालीन अंचलाधिकारी एवं अन्य के विरुद्ध जामताड़ा जिला के मिहिजाम थाना अन्तर्गत बुटकेरिया मौजा में अवैध रूप से जमीन की खरीद बिक्री किये जाने से संबंधित मिहिजाम थाना कांड संख्या-47/2016, दिनांक-17.06.2016, जो वर्तमान में अनुसंधान में है। सीएम ने इसे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया है। मामले में हेमा प्रसाद, तत्कालीन अंचलाधिकारी जामताड़ा, इस्माईल टुडू तत्कालीन अंचल निरीक्षक तथा अन्य के विरुद्ध पीई दर्ज करने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। प्रतिवेदन के अनुसार, इस संबंध में जामताड़ा थाना में आईपीसी की धारा 420/406/409/468/471 एवं 120- बी के तहत कांड संख्या-47/16 दर्ज किया गया है। प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि इस कांड में सभी नौ प्राथमिकी अभियुक्तों के विरुद्ध मामला सत्य पाते हुए अविलंब गिरफ्तार करने तथा फरार रहने की स्थिति में कुर्की जब्ती की कार्रवाई करने एवं उचित माध्यम से अभियोजन स्वीकृति प्राप्त करने के लिए प्रतिवेदन समर्पित करने तथा पर्यवेक्षण में लंबित अन्य निर्देशों का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है।

### लातेहार मुठभेड़ की होगी सीआईडी जांच

**रांची।** लातेहार के बेंदी जंगल में जेजेएमपी उग्रवादियों के साथ पुलिस मुठभेड़ की जांच सीआईडी करेगी। 21 नवम्बर की दोपहर तीन बजे उग्रवादियों के साथ पुलिस बलों की मुठभेड़ हुई थी, जिसमें जेजेएमपी उग्रवादी शिवनाथ लोहरा, मनोज राम व एक अन्य की मौत हो गयी थी। इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के पूर्व के निर्देश के आलोक में केस सीआईडी को ट्रांसफर किया जायेगा। लातेहार एसपी ने इस मुठभेड़ से जुड़ी शुरुआती रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को भेजी है।

**क्या था मामला :** लातेहार पुलिस व सीआरपीएफ ने बीते 21 नवम्बर को सदर इलाके के बेंदी जंगल में सर्च अभियान शुरू किया था। दिन के तीन बजे पुलिस पर जेजेएमपी उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की एफआईआर में जिक्र है कि उग्रवादियों द्वारा फायरिंग करने पर पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें तीन उग्रवादी मारे गये। मामले में सीआईडी की मानवाधिकार शाखा लातेहार के सदर थाने में दर्ज केस को टेकओवर करेगी।

आजादी के अमृत महोत्सव व संविधान दिवस पर तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन, 26 तक चलेगी प्रदर्शनी

# सवैधानिक मूल्यों की रक्षा सबका कर्तव्य : सांसद

- संविधान की उद्देशिका का लोगों ने किया पाठ, मूल्यों पर चलने की शपथ
- संविधान सभा के सदस्य के वंशज का सम्मान, गिरिवर प्लस टू स्कूल से निकली जागरूकता रैली
- क्विज, रंगोली एवं पेंटिंग्स प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत


तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन करते सांसद व अन्य

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आजादी के अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं संविधान दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में शहर के गांधी स्मृति टॉउन हॉल में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पूर्वी जोन के महानिदेशक भूपेंद्र कैंथोला, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राम लखन सिंह, पीआईबी-सीबीसी के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के पश्चात सभी अतिथियों ने संविधान निर्माण में पलामू की भूमिका, पलामू के स्वतंत्रता सेनानी, आजादी का अमृत महोत्सव एवं आठ साल-सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण से संबंधित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान संविधान की उद्देशिका का पाठ भी किया गया। इसके पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि अमृत महोत्सव के जरिये देश के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया जा रहा है। आज संविधान को याद करने का दिन है। हम सभी को संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करनी चाहिए। सांसद ने चित्र प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि संसद भवन में आयोजित चित्र प्रदर्शनी से किसी मायने में यह प्रदर्शनी कम नहीं हैं। इस प्रदर्शनी में नीलांबर-पीतांबर से लेकर देश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों को शामिल किया गया जाना काफी हर्ष का विषय है। सांसद ने सभी लोगों से प्रदर्शनी का अवलोकन करने एवं जानकारी हासिल करने की अपील की। वहीं, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रामलखन सिंह ने कहा कि अमृत महोत्सव के जरिये जन-जन तक स्वतंत्रता सेनानियों की वीरगाथा पहुंच रही है। इस तरह की प्रदर्शनी का आयोजन पलामू ही बल्कि पूरे प्रमंडल के लिए गौरव की बात है।

**गिरिवर प्लस टू स्कूल से निकली जागरूकता रैली :** आजादी के अमृत महोत्सव एवं संविधान दिवस के मौके पर स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने एवं संविधान के मूल्यों को समझाने के लिए गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रातः साढ़े दस बजे से विद्यालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली गयी। इसके लिये विद्यार्थियों के बीच टोपी एवं टी-शर्ट का वितरण किया गया। गांधी स्मृति टॉउन हॉल में आयोजित प्रदर्शनी स्थल के बाहर जेएसएलपीएस, पलामू, भारतीय डाक विभाग पलामू एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का स्टॉल लगाया गया है। इन स्टॉल्स के जरिये आम लोग उत्पाद खरीद सकते हैं एवं सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं।

### वर्ष 2023 तक होंगे अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रम : भूपेंद्र कैंथोला

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पूर्वी जोन के महानिदेशक भूपेंद्र कैंथोला ने कहा कि मंत्रालय के द्वारा देशभर में इस तरह की प्रदर्शनी का आयोजन वर्ष 2023 तक किया जा रहा है। इस तरह की प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को भारत सरकार की योजनाओं एवं राष्ट्रीय महत्व की चीजों की जानकारी दी जाती है। पीआईबी-सीबीसी के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्र ने कहा कि लोग पूरे परिवार के साथ इस तरह की प्रदर्शनी को देखने आयें। यहां लगायी गयी प्रदर्शनी काफी शिक्षाप्रद है। मेदिनीनगर नगर निगम के उप महापौर राकेश कुमार सिंह ऊर्फ मंगल सिंह ने भी प्रदर्शनी की सराहना करते हुए आम लोगों से इसे देखने की अपील की। आकाशवाणी, डालटनगंज की कार्यालय प्रमुख क्लाउडिया सोरेंग ने भी दूरदर्शन के एप्प की जानकारी दी। कार्यक्रम को गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार द्विवेदी ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, डालटनगंज गौरव कुमार पुष्कर ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया एवं संबोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषिका शालिनी श्रीवास्तव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सह पीआईबी रांची के कार्यालय प्रमुख ओंकारनाथ पांडेय ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार, तकनीकी सहायक अंजनी कुमार मिश्रा, गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक, शाहिद अख्तर, राकेश यादव, ब्रह्मदेव यादव,अनूप राकेश खलखो, नवीन पांडेय, शशिकांत, नरेश सिंह, जितेंद्र मेहता, रामजन्म पाल, सतीश कुमार, विवेकानंद, सचिन, राजेंद्र प्रसाद, अशोक सिंह, शिवजी प्रसाद, आकांक्षा कुमारी, स्मृति कुमारी, हेमलिनकांत, रख्शॉ रमीजा, प्रीति कुमारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### संविधान सभा के सदस्य के वंशज का सम्मान



चित्र प्रदर्शनी के दौरान संविधान सभा के सदस्य रहे स्व. यदुवंश सहाय के पुत्र वृजनंदन सहाय उर्फ मोहन बाबू को सांसद एवं पूर्वी जोन के महानिदेशक के द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। वहीं, चित्र प्रदर्शनी के पूर्व युवाओं और छात्रों को आजादी का अमृत महोत्सव एवं संविधान दिवस का महत्व समझाने के लिए क्विज, रंगोली, पेंटिंग्स, भाषण एवं निबंध प्रतियोगाताओं का आयोजन गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं बीच किया गया था। इनके विजेताओं को सभी गणमान्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मानव तस्करी के शिकार झारखंड के 14 बच्चों को दिल्ली में कराया गया मुक्त

## मानव तस्करी के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रयास ला रहा रंग

### मुक्त होनेवालों में साहेबगंज जिले के तीन बालक व 11 बालिकायें शामिल


मानव तस्करी के शिकार बालक-बालिकाओं को कराया गया मुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सार्थक प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक/बालिकाओं को मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वास किया जा रहा है। उसी कड़ी में मानव तस्करी के शिकार झारखंड के साहेबगंज जिले के तीन बालक एवं 11 बालिकाओं को दिल्ली में मुक्त कराया गया है। इन बच्चों से काउंसलिंग के दौरान यह पता चला कि रेखा (काल्पनिक नाम) नाम की एक 12 वर्षीय बच्ची को उसके गांव के एक व्यक्ति ने अपहरण कर एक वर्ष पूर्व दिल्ली लाकर एक साल तक दिल्ली के विभिन्न इलाकों की कोठियों में घरेलू कार्य हेतु लगाया। इसका बच्ची द्वारा विरोध करने पर उसे रेड लाइट एरिया में ले जाकर बेच दिया गया। वहां से एक दिन मौका देखकर वह खिड़की से कूदकर भाग निकली एवं एक ऑटो वाले की मदद से पुलिस स्टेशन पहुंच गयी। पुलिस द्वारा झारखंड भवन से समन्वय स्थापित किया गया और बच्ची के घर का पता लगाया गया। बता दें कि रेखा की मां की मृत्यु हो चुकी है और पिता ने दूसरी शादी कर ली है। घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण गांव के एक व्यक्ति द्वारा जबरन उसे दिल्ली लाया गया था। इसी कड़ी में साहेबगंज जिला प्रशासन द्वारा यह पता चलते ही कि उनके बच्चे दिल्ली में रेस्क्यू किये गये हैं, इस मुद्दे पर त्वरित कार्यवाही की गयी। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। बता दें कि यह टीम पिछले छह दिनों से दिल्ली में कैम्प कर 14 बच्चों के साथ वापस ट्रेन द्वारा झारखंड लौट रही है। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा यह जानकारी दी गयी कि इन सभी बच्चों को झारखंड सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ते हुए इनकी सतत निगरानी की जायेगी ताकि ये बच्चे दोबारा मानव तस्करी का शिकार ना होने पायें।

सीएम ने दिल्ली में आयोजित झारखंड राज्य दिवस समारोह में हुए शामिल, कलाकारों का बढ़ाया हौसला, कहा-

## मंत्रमुग्ध कर गयी झारखंड की पारम्परिक कला-संस्कृति


दिल्ली में आयोजित झारखंड राज्य दिवस समारोह का उद्घाटन करते सीएम

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** देशवासी झारखंड आयें। झारखंड में आप सभी का स्वागत है। यहां आकर देखिए झारखंड कितना खूबसूरत है और यह आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इस राज्य में जब आप आयेंगे तब यहां की धरा आपका दिल मोह लेगी। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में आयोजित झारखंड दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह झारखंड के लिए गौरव की बात है। आज झारखंड के आदिवासी और मूलवासी शैक्षणिक, सामाजिक और राजनीतिक तौर पर अपनी अलग पहचान बनाने में लगे हैं और आज जहां हर जगह एक प्रतिस्पर्धा की स्थिति बनी है। हर किसी में अपनी क्षमता और हुनर है, जिसके बल पर वह अपनी पहचान बनाता है, जिस प्रगति मैदान में वर्षों पहले पढ़ाई के दौरान आया था, आज वहां अतिथि के रूप में आया हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के जिस परिवार को दो वक्त का भोजन सही से नहीं मिल पाता था, उस परिवार के बच्चे खेल में देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। आज उन सभी हुनरमंद बच्चों को वर्तमान सरकार तराशने में लगी है और आनेवाली पीढ़ी को उनके लिए बेहतर मार्ग प्रशस्त करने के लिए रोज नये सोच के साथ देश के सामने आ रही है।

**कलाकारों का बढ़ाया हौसला :** अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में आयोजित झारखंड दिवस समारोह में पाईका, पंच-परगनिया, मुंडारी, मानभूम छऊ, नागपुरी नृत्य के माध्यम से झारखंड के कलाकारों ने सबका मन मोहा। एक ओर जहां कलाकारों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, वहीं झारखंड के मुख्यमंत्री उनके बीच पहुंच कर उनकी हौसला अफजाई की।

### झारखंड के स्टॉल का किया अवलोकन

झारखंड दिवस समारोह में शामिल होने से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 में झारखंड पवेलियन का परिभ्रमण किया और मेले में भाग लेनेवाले झारखंड के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने मेले में पलाश, झारक्राफ्ट, खादी, कृषि, पशुपालन विभाग का जैविक कृषि का स्टॉल, वन विभाग का स्टॉल, ऊर्जा विभाग का जरेडा स्टॉल, लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के स्टॉल में विशेष रूची दिखायी। मुख्यमंत्री के साथ मौके पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक दिनेश विलियम मरांडी, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, उद्योग सचिव वंदना दाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे एवं अन्य उपस्थित थे। मालूम हो कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड पार्टनर स्टेट के तौर पर शामिल होकर एक अमिट छाप छोड़ा है।

गोयल को जल्दबाजी में ईसी नियुक्त करने पर सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने पूछा -

## 24 घंटे के भीतर सारी जांच पड़ताल कैसे कर ली गयी?

- एक व्यक्ति, जिसका कार्यकाल छह वर्ष की अवधि का भी नहीं होगा उसे नियुक्त क्यों किया गया?
- चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए कानून मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री की मंजूरी के लिए भेजे गये चार नामों को शॉर्टलिस्ट करने के पीछे क्या मानदंड थे?

-आरएनएम

**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने केंद्र सरकार से चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति से जुड़े दस्तावेज देखने के बाद पूछा कि अरुण गोयल का नाम एक ही दिन में कैसे फाइनल हो गया? मालूम हो कि सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार 23 नवम्बर को केंद्र से चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़े सभी दस्तावेज तलब किये थे। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार 24 नवम्बर को भी सुनवाई हुई। केंद्र ने नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़ी फाइल कोर्ट को सौंपी। सरकार ने कहा कि नियुक्ति की ओरिजिनल फाइल की प्रतियां पांचों जजों को दी गयी हैं। इसे देखने के बाद संविधान पीठ ने पूछा कि चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए कानून मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री की मंजूरी के लिए भेजे गये चार नामों को शॉर्टलिस्ट करने के पीछे क्या मानदंड थे?



पीठ ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए एक स्वतंत्र तंत्र की मांग करनेवाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की थी कि यह उचित होता अगर मामले की सुनवाई के दौरान नियुक्ति नहीं की जाती। इस मामले के याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने अदालत को सूचित किया था कि गोयल को गुरुवार को सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति दी गयी थी और उनकी नियुक्ति को दो दिनों के भीतर पक्का किया गया था। 24 नवम्बर को भारत के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि द्वारा पेश की गयी फाइलों को देखने के बाद पीठ ने इस बात पर सवाल उठाये कि एक दिन के भीतर ही नियुक्ति क्यों की गयी? पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि से यह भी पूछा कि एक व्यक्ति, जिसका कार्यकाल छह वर्ष की अवधि का भी नहीं होगा उसे नियुक्त क्यों किया गया? जस्टिस रस्तोगी ने कहा कि 15 मई को पद खाली हुआ, ऐसे में सरकार ने इस पर नियुक्ति के लिए जल्दबाजी क्यों की? उसी दिन क्लीयरेंस, उसी दिन नोटिफिकेशन, उसी दिन मंजूरी। फाइल 24 घंटे भी नहीं घूमी। यह तो बिजली की गति से भी तेज हुआ। सुनवाई के दौरान पीठ ने नियुक्ति के तरीके पर भी सवाल उठाये। जस्टिस अजय रस्तोगी ने इतनी तेजी से फाइल आगे बढ़ने और नियुक्ति करने पर सवाल खड़े किये। उन्होंने पूछा कि 24 घंटे के भीतर सारी जांच पड़ताल कैसे कर ली गयी? इस पर अटॉर्नी जनरल ने कहा कि वो सभी बातों का जवाब देंगे, लेकिन अदालत उनको बोलने का मौका तो दें। जस्टिस रस्तोगी ने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि क्या व्यवस्था कायम है और प्रक्रिया ठीक काम कर रही है? डेटाबेस सार्वजनिक डोमेन में है और कोई भी इसे देख सकता है?

## पूजा सिंघल ने फर्जी एंजीयोग्राफी रिपोर्ट तैयार करवाने की कोशिश की थी



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मनरेगा घोटाले में जेल में बंद आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने जमानत के लिए गलत एंजीयोग्राफी रिपोर्ट तैयार कराने की कोशिश की थी। ईडी ने इस बारे में झारखंड हाईकोर्ट में दायर हलफनामें में यह जानकारी दी है। पूजा सिंघल ने स्वास्थ्य कारणों से जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका को कोर्ट के द्वारा खारिज किया जा चुका है, लेकिन मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने जो हलफनामा दिया है, उसमें इस बात का जिक्र है कि स्वास्थ्य कारणों से जमानत का लाभ लेने के लिए एंजीयोग्राफी रिपोर्ट में फर्जीवाड़ा की गयी थी।

**ईडी अफसरों की मौजूदगी के कारण पकड़ी गयी गड़बड़ी :** ईडी ने बताया है कि पूजा सिंघल एंजीयोग्राफी रिपोर्ट बनवा लेतीं, लेकिन मौके पर ईडी के अधिकारियों के कारण मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं बन पाया। मेडिकल रिपोर्ट में बताया गया है कि वह शारीरिक और मानसिक तौर पर पूरी तरह स्वस्थ हैं। ईडी के तरफ से कोर्ट में अमित कुमार दास ने यह जानकारी दी है।

# न्यूज गैलरी

## प्रखंड स्तरीय खेलो झारखण्ड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**पाटन।** झारखण्ड़ शिक्षा परियोजना परिषद के द्वारा दो दिवसीय खेल प्रतियोगित खेलो झारखण्ड़ का आयोजन पाटन के बीआरसी अंतर्गत हाई स्कूल किंशुनपुर के मैदान में किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक पुष्पा देवी, बीडीओ मनोज तिवारी, जिला पार्षद संग्राम सिंह, मुखिया सुमन गुप्ता, बीपीओ अजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में वर्ग 6 से 12 वी क्लास की छात्र/ छात्राओं की अलग अलग ग्रुप में विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन सम्पन्न होगा। उद्घाटन के मौके पर पुष्पा देवी ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद भी छात्र के जीवन मे अहम है। जिससे शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। बीडीओ मनोज तिवारी ने कहा कि छात्र जीवन मे खेल से अपेक्षित प्रगति होता है। स्वस्थ्य शरीर रहने पर स्वस्थ्य मानसिकता का विकास होता है। पढ़ाई के साथ साथ खेल बहुत जरूरी है। सरकार का प्रयास है कि बच्चे पढ़े और स्वस्थ्य रहें। स्वस्थ्य रहने के लिये खेल का बढ़ावा स्कूल स्तर से ही दिया जा रहा है। खेल से छात्र भविष्य को सवरने एवं गढ़ने की मौका मिलता है। वहीं संग्राम सिंह ने कहा कि छात्र/ छात्राओं को खेल के प्रति किसी तरह अभाव हो तो मेरे द्वारा समाधान का प्रयास किया जायेगा। मौके पर विधायक पुष्पा देवी, बीडीओ मनोज तिवारी, जिला पार्षद संग्राम सिंह, मुखिया सुमन गुप्ता, किशनपुर विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, शुभम क्रांति, बीआरसी कर्मी, शिक्षक उपस्थित थे।

## किसानों के बीच मुफ्त बीज का वितरण

**पाटन।** प्रखंड के 22 पंचायतों के गांव को चयनित कर बीज उपलब्ध कराना है। जिसके तहत प्रखंड में किसानों के बीच 10 क्विंटल बीज का वितरण करना है। उक्त बातें प्रखंड कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया। उन्होंने कहा कि अभी तक साढ़े 4 क्विंटल बीज किसानों के बीच वितरण किया जा चुका है। जिसमें चना, राई, मकई का बीज किसान को 1 एकड़ के खेत में 2 केजी चना या सरसो दिया जा रहा है। बीटीएम विनय कुमार ने बताया कि अभी तक 200 किसानों के बीच चना व सरसों बीज का वितरण कर दिया गया है।

## आगंनबाड़ी सेविका सहिया को फाइलेरिया रोकथाम की दी गई ट्रेनिंग

**पाटन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया रोकथाम को लेकर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी अमित आजाद के निदेर्शानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया रोकथाम को लेकर सहिया, आंगनबाड़ी सेविका को ट्रेनिंग 21 नवम्बर से 26 नवम्बर तक दी जा रही है। जिसमें ट्रेनर के रूप में बीपीएम सुनीता कुमारी, अकाउंटेंट धीरज कुमार सिन्हा के द्वारा फलेरिया के रोकथाम को लेकर गांव के एक एक घर में जाकर फलेरिया दवा खिलाना है। वही बीपीएम ने बताया कि फलेरिया मुक्त के लिए एक आदमी को तीन प्रकार की दवा खिलाई जायेगी। फलेरिया मुक्त दवा का इस्तेमाल 2 साल के ऊपर के लोग कर सकते हैं। इस अभियान में मुख्य रूप से एएनएम, सीएचओ, भीटीआई, प्रशिक्षण सफल बना कर फाइलेरिया मुक्त अभियान चलायेंगे।

## अनियंत्रिक 407 ट्रक पलटा बाल बाल बचे लोग

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के रांची- मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर पोखराहा के पास गुरुवार की सुबह करीब 10.30 बजे 407 ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें चालक व खलासी बाल - बाल बच गये। चालक ने बताया कि 407 ट्रक रांची से माल लेकर मेदिनीनगर जा रहा था। इसी बीच गाड़ी में तकनीकी खराबी आ गई। जिसके कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।

## खेल से निखरती है प्रतिभा : अजहर

**मेदिनीनगर।** रा.उर्दू उत्क्र.मध्य विद्यालय बी.एम.सी.नेउरा में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक एमजे.अजहर ने की। संचालन रेणु कुमारी जायसवाल ने किया। अध्यक्षीय संबोधन में प्रधानाध्यापक एमजे.अजहर ने कहा कि खेल से प्रतिभा निखरती है। हमारे विद्यालय के बच्चों ने प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड के अंतर्गत अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि बच्चों के प्रदर्शन से वे बहुत खुश हैं। खेलो झारखंड के अंतर्गत गुल फराज अंसारी ग्रुप ने कबड्डी, 800 मीटर दौड़, व भाला फेंक प्रखंड स्तरीय प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# यज्ञ मानव जीवन की धरोहर है : सुंदरराज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर देवी धाम मंदिर पर श्री माँ देवी प्राण प्रतिष्ठा सह सतचंडी महायज्ञ के आयोजन को लेकर गुरुवार को महावीरी ध्वज स्थापित किया गया। बनारस से आए जगताचार्य श्री त्रिदंडी स्वामी महाराज जी के शिष्य सुंदरराज स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में यज्ञ आयोजित किया जायेगा। मौके पर विशिष्ट रूप से पूर्व प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार सिंह मौजूद थे। यज्ञ 21 जनवरी से 30 जनवरी तक चलेगा। गुरुवार को बड़ी संख्या में लोगों ने यज्ञ के लिए निर्धारित देवी धाम परिसर में विधिविधान से पूजा अर्चना कर यज्ञ का प्रतीक ध्वज स्थापित किया। सुंदरराज स्वामी जी महाराज ने यज्ञ महत्तम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ मानव जीवन की धरोहर है, जो जीवन पद्धति को परिष्कृत कर तीनों तापों से मुक्ति के मार्ग को गति देता है। यज्ञ मात्र कर्मकांड नहीं है। यह जीवन शैली भी है। सृष्टि में शास्त्र सम्मत दैनिक कार्यों का निष्पादन भी यज्ञ है। यज्ञ की शुद्धता से अभिप्राय सिर्फ स्नान, वंदन और कर्मकांड नहीं होना चाहिए। अध्ययन, अध्यापन, भोजन, विवाह, शयन, संतानोत्पत्ति और मृत्यु आदि सभी यज्ञ है। जीवन यज्ञ से अलग नहीं है। यज्ञ का अर्थ सिर्फ स्नान, तिलक, हवन और वंदन नहीं। यज्ञ दृष्टि के आरंभ से है। ईश्वरीय कृति को सुरक्षित रखने में मानव की हर एक चेष्टा यज्ञ है। इससे सृष्टि और समाज में व्याप्त विकृतियों का अंत होता है। वातावरण भी शुद्ध होता है। आज विज्ञान भी इस बात को स्वीकार करता है कि ओजोन की परत में छिद्र को यज्ञ के हवन से ही भरा जा सकता है। इसलिए हवन यज्ञ की भी अपनी महता है। प्रदूषण मुक्त वातावरण के लिए यज्ञ हवन आदि होना चाहिए। यज्ञ का आयोजन कर्ता में संतोष कुमार सिंह, महंत सुरेश दास त्यागी, जितेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह, रामस्नेश सिंह, गुरु प्रताप शाहीदेव, रत्नेश कश्यप, चिंटू सोनी, उज्ज्वल पांडेय सहित कई वैष्णव सम्प्रदाय के अनुयाई उपस्थित हुए।



संतचंडी यज्ञ का आयोजन कराते सुंदराज स्वामी जी महाराज

# बिजली चोरी के खिलाफ नौ लोगों पर मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने बुधवार को देर शाम तक विशेष छापेमारी अभियान चलाया। अभियान में 9 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। अवैध ढंग से बिजली का उपयोग करने वाले कुल 9 लोगों के खिलाफ कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। सभी नौ लोगों पर एक लाख 33 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जिन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उनमें परता गांव के अर्जुन साव, अधौरा के सुशील कुमार सिंह, अमित कुमार मेहता, खरखोल गांव के आशिक हुसैन, पंसा की सिंधु देवी, बंशीपुर के जसमुद्दीन अंसारी, राबिउद्दीन अंसारी, कांजीनगर की रीना कुमारी एवं अनिल कुमार शामिल हैं। जेबीवीएनएल के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने उक्त आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उन पर अलग-अलग कुल एक लाख 33 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इस अभियान में उनके अलावा सहायक अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर और मनोज कुमार व रामानंद पांडेय शामिल थे। श्री सिंह ने कहा कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बिजली का वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला ने कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है।

# अवैध खनन व परिवहन को लेकर आयुक्त ने की बैठक



अवैध खनन को लेकर बैठक करते आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के लातेहार जिले में अवस्थित सीसीएल के कोयला खनन क्षेत्रों में हो रहे अवैध खनन एवं अवैध परिवहन को लेकर आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने गुरूवार को आयुक्त कार्यालय में बैठक की। इस दौरान उन्होंने सीसीएल के कोयला खनन क्षेत्र के खनन पट्टा क्षेत्र में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन को गंभीरता से लिया। उन्होंने अवैध खनन एवं अवैध परिवहन को सख्ती से रोकने एवं इन अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्ति, वाहन एवं वाहन मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध खनन एवं अवैध परिवहन किसी कीमत पर नहीं होने देने एवं इससे बचाव के तरीके अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने अवैध रूप से हो रहे खनन एवं परिवहन के लिए मुकम्मल इंतजाम करें, ताकि चोरी के कारोबार को रोका जा सके। उन्होंने इसके लिए खनन पट्टा क्षेत्र में सीसीटीवी का अधिष्ठापन एवं उसके फुटेज का नियमित रूप से मॉनिटरिंग सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही खनन पट्टा में वाहनों के प्रवेश एवं उसके निकास द्वार पर भी सीसीटीवी लगाते हुए नजर रखने तथा इसमें तकनीक का सहारा लेते हुए बूम बैरियर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया, ताकि अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के कारोबार को सक्रियता से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि खनन पदाधिकारी एवं संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवैध खनन एवं परिवहन के कार्यों को सख्ती से रोकना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने 3 साल से अधिक समय तक एक ही परियोजना में जमे अधिकारियों का स्थानांतरण का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खनन पदाधिकारी द्वारा मांगे गए रिपोर्ट को सक्रियता से देना सुनिश्चित करें। उन्होंने लिंकेज वाले कोयला खनन को रोकने एवं बिडिंग वाले को सही से बिक्री का निर्देश दिया। आयुक्त ने परिवहन कार्य में लगे वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाने के लिए खनन सचिव को अनुशंसा की बात कही। वैसे वाहन जो अपना रूट बदलकर कोयला का परिवहन करते हैं, ऐसे वाहनों एवं उनके मालिकों को चिन्हित करने और उनके खिलाफ कार्रवाई एवं रूट बदलकर जाने वाले वाहनों का लाइसेंस कैंसिल करने की प्रक्रिया करने का निदेश दिया। बैठक में तीनों जिले के खनन पदाधिकारी एवं मगध कोल परियोजना के जीएम केके सिन्हा, सीसीएल के रजहरा एवं तेतरियाखांड़ एरिया के जीएम बासब चौधरी आदि उपस्थित थे।

# प्रखंड परिसर में यूथ मोबलाइजेशन कैंप का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में गुरुवार को जेएसएलपीएस के माध्यम से ग्रामीण कौशल योजना रौशनी कार्यक्रम अंतर्गत प्रखंड स्तरीय यूथ मोबिलाइजेशन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता व संचालन जेएसएलपीएस के बीपीएम सुनील कुमार ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीडीओ रतन कुमार, जिप सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता, जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक स्किल एंड जॉब बिपिन कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, मुखिया सरिता कुमारी, श्रवण राम, नरेश पासवान, डब्लू सिंह, मनोज भारती आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि सरकार के माध्यम से युवा वर्ग को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत कई तरह के प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। बीडीओ ने कहा कि कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र के युवा पीढ़ी इसके माध्यम से ऑटोमोबाइल, भवन निर्माण, एसईसीएल टेक्नीशियन, नर्सिंग, सिलाई जैसे कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर खुद को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ इसके माध्यम से बेहतर रोजगार भी देश के विभिन्न हिस्सों में पा रहे हैं। वही जिप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा हमारे युवा पीढ़ी को रोजगार के विभिन्न माध्यमों से जोड़ने को लेकर प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है, जो अपने आप में बेरोजगारी को दूर करने का एक बेहतर जरिया साबित हो रहा है। हमारी युवा पीढ़ी भी इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। ताकि, वह खुद को बेहतर साबित कर सकें। कैंप में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए 730 से अधिक युवाओं को विभिन्न ट्रेड के माध्यम से प्रशिक्षण देने के लिए पंजीकरण किया गया। मौके पर बिनय पासवान, विमलेश पासवान, जेएस एलपीएस के धर्मवीर कुमार, अजित शर्मा, लवकुश ,विकास, विश्वविजय, विनय, गोरख, पंकज, रत्नेश, उर्मिला समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



मोबलाइजेशन कैंप में शामिल हुए ग्रामीण

## मारपीट में महिला घायल थाना में शिकायत दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत अलीनगर गांव में पुराने विवाद को लेकर हुई मारपीट में अलीनगर गांव निवासी लक्ष्मण पासवान की पत्नी नगीना देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। इस संबंध में मिथलेश कुमार पासवान ने गांव के ही सात लोगों के विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन दिया है। हुसैनाबाद थाना को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि पूर्व में भी बच्चों के बीच झगड़ा हुआ था। इस मामले को लेकर पिछले माह पंचायत भी हुई थी। परंतु पुनः दूसरे पक्ष के लोगों ने गुरुवार को मेरे घर पर आकर मारपीट किया। जिससे मेरी मां घायल हो गई। घायल महिला का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया है। उधर आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### विहंगम योग का रक्तदान शिविर आयोजित

## मानव कल्याण हित में रक्तदान शिविर का आयोजन : सुरेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** ब्रह्मविद्या विहंगम योग संत समाज हरिहरगंज के तत्वाधान में संत विज्ञान देव जी महाराज की जयंती पर गुरुवार को हरिहरगंज प्रखंड के जीनीयस कंप्यूटर कोचिंग सेंटर मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विहंगम योग समाज के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह, पलामू संयोजक गिरजा प्रसाद सिंह, प्रखंड प्रभारी मदन प्रसाद के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने महाराज जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। साथ ही अपने परिवार की मंगल कामना की। मौके पर सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि मानव कल्याण हित में संस्था के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

**Drinking Water and Sanitation Department Latehar Division**

**Very Short Tender Notice**

**EOI No. : SBM(G) Phase II/DWSC/GOBARDHAN/01/2022-2023 Date :- 22.11.2022**

**EOI FOR IMPLEMENTING AGENCIES**

Expression of Interest (EoI) for inviting of Technical support Agencies under GOBARDHAN Scheme (Swachh Bharat Mission - Grameen), Jharkhand to Installation of Bio-Gas Plant in selected villages/Community/Goushala/ in District of Latehar, Jharkhand through Community approach (Capacity Building, Hand Holding Support and Community Mobilization.)

Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand invites EOI from interested and experienced parties to implement Bio-gas projects in different villages of Jharkhand state under GOBAR-DHAN scheme.

The Technical Support Agency (TSA) can be Gram Panchayat, SHG federations, Bulk waste generators such as dairies, poultry farms, markets, industries, religious sites etc and entrepreneurs. Selected agencies shall be willing to collect waste, install Bio-gas plants, under take operation maintenance of the same for at **least 3 years**. The agencies can be attached with empanelled technical support (if needed).

Interested agencies are requested to furnish willingness for undertaking GOBAR-DHAN projects, supported by credentials and testimonials in the prescribed online application form and guideline available on following link Latehar.nic.in. The guidelines of GOBARDHAN scheme and details can also be viewed on the latehar District Website: Latehar.nic.in. All tender document download from website Latehar.nic.in

Swachh Bharat Mission (Grameen) Govt. of Jharkhand reserves its right to cancel or modify this Expression of Interest (EoI) without assigning any reasons whatsoever.

Last date and time for submission of bid - 06.12.2022

**Executive Engineer**
**Swachh Bharat Mission (Grameen)**
**Drinking Water and Sanitation Department**
**Latehar Division**

PR.NO.283251 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

## फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**पाटन।** किशनपुर मिडिल स्कूल के मैदान में प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 25 नवंबर को किया जा रहा है। जिसके मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार उपस्थित रहेंगे। फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष उमेश सिंह, सचिव, राकेश चौधरी कोषाध्यक्ष राजीव प्रताप माली ने इसकी जानकारी दी।

## कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट खड़गड़ा व पतरिया के बीच, मैच ड्रा

### कुकही के टीम ने जीता अपना पहला मैच



टूर्नामेंट में भाग लेते खिलाड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कपूर्री मैदान में खेले जा रहे हैं कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन दर्शकों को दो रोमांचक मैच देखने को मिला। पहला मैच खड़गड़ा बनाम पतरिया के बीच खेला गया जिसमें दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर रहा तथा दूसरा मैच जमुआ बनाम कुकही के बीच खेला जा रहा है। जिसमें कुकही की टीम 1 गोल से जीत दर्ज किया। गुरुवार को मैच के मुख्य अतिथि कर्नल संजय कुमार सिंह के पिता और सेवानिवृत्त शिक्षक गोवर्धन सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साह वर्धन किया। उन्होंने बताया कि खेल को खेल भावना से खेलें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करें। कर्नल संजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारा क्लब इस टूर्नामेंट के माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों को इंगित कर रहा है। खेल के माध्यम से मानवता, एकता और भाईचारे का संदेश भी देते हैं। यही नहीं खेल शारीरिक, मानसिक विकास के साथ रोजगार के भी सशक्त माध्यम हैं। इसलिए इस दिशा में भी प्रयास करने के लिए भी सोचना चाहिए। मैच के दौरान क्लब के महासचिव मनोज शर्मा, निर्णायक नेहाल मिर्जा, सगीर अहमद, एस.एम अकरम, विनय कुमार सिंह, गोविंद कुमार, नीरज कुमार सिंह, विशाल कुमार सिंह काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे। शुक्रवार को फुटबॉल मैच हैदरनगर बनाम रपुरा तथा देवरी कलां बनाम सरहु के बीच खेला जायेगा।

**कार्यालय नगर परिषद, चतरा।**

पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401

दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : **npchatra@gmail.com**

**–:अतिअल्पकालीन निविदा दर आमंत्रण सूचना संख्या–08 / 2022–23:–**

नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2022–23 हेतु चतरा नगर परिषद् (वर्ग–ख) के लिए मतदान सामग्रियों के क्रय, टेन्ट शमियाना, कुर्सी, टेबल, जेनरेटर (विद्युत आपूर्ति) भाड़ा पर रखने, विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों एवं बुकलेट आदि का मुद्रण, विडियोग्राफी, डिजीटल कैमरा, भोजन, नास्ता की आपूर्ति के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक–02.12.2022 को अपराह्न 1.00 बजे तक नगर परिषद्, चतरा कार्यालय में मुहरबंद निविदा जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। प्राप्त मुहरबंद निविदायें उसी दिन अर्थात दिनांक–02.12.2022 को अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

नोटः– निविदा की नियम एवं शर्तें तथा सामग्रियों की सूची कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका),
–सह–कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, चतरा।

PR 283267 Election(22-23)D

**कार्यालय नगर परिषद,चतरा**
**पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401**
दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com

**–:अतिअल्पकालीन निविदा दर आमंत्रण सूचना संख्या–07 / 2022–23:–**

नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2022–23 हेतु चतरा नगर परिषद् (वर्ग–ख) के 42 मतदान केन्द्रों के लिए प्रति मतदान केन्द्र 35 संभावित मतदाता सूची के सेट का मुद्रण का कार्य किया जाना है। इच्छुक निविदादाता **प्रति पेज (सिंगल साईड) तथा प्रति पेज (डबल साईड) का मुद्रण दर सभी करों सहित दिनांक–02.12.2022 को अपराह्न 1.00 बजे तक** नगर परिषद्, चतरा कार्यालय में मुहरबंद निविदा जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। प्राप्त मुहरबंद निविदायें उसी दिन अर्थात **दिनांक–02.12.2022 को अपराह्न 3.00 बजे** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

नोटः– निविदा की नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका),
–सह–कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, चतरा

PR 283266 Election(22-23).D

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक .............. | दिनांक ..................

**शुद्धि – पत्र**

PRno.-282776

कार्यालय ज्ञापांक 2873 दिनांक 18.11.2022 से आमंत्रित नाली एवं सड़क की निविदा संख्या–UDHD/MMC/77/2022-23 के योजना के नाम में आंशिक संशोधन निम्न प्रकार की जाती है :–

| S.l. | Tender id | पूर्व में निर्गत योजना का नाम | संशोधित योजना का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | UDHD/MMC/77/2022-23 | Detailed Estimate for (i) New PCC over old PCC road from late Mahendra tiwari house to bharat ram house via md mustafa house and from anil ram house to Azamal khan house in ward 25 (ii) PCC road from Rinku chasma house to Faeem raen house ward 26 (iii) PCC Road from Haidu Balki house to arif shiddiqui house via rinku tent house ward 26 (iv) New PCC over PCC road from Late kayum ansari house to shamu driver house ward 27 (v) New PCC over PCC road from Late kayum ansari house to shamu driver house ward 27 Under Medininagar Municipal Corporation. | Detailed Estimate for construction of (i) New PCC over old PCC road from late Mahendra tiwari house to bharat ram house via md. mustafa house and from anil ram house to Azamal khan house in ward 25 (ii) PCC road from Rinku chasma house to Faeem raen house in ward 26 (iii) PCC Road from Haidu Balki house to arif shiddiqui house via rinku tent house in ward 26 (iv) New PCC over old pcc road from late Badon sahba house to anish chasma house in ward no. 26 (v) New PCC over PCC road from Late kayum ansari house to shamu driver house ward 27 (vi) New PCC over old pcc road from Ghee Adat mode to Lallu Prasad jhouse in ward no. 27 |

शेष निविदा की नियम एवं शर्तें यथावत् रहेगी।

ह0/– उप नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR283348 (District)22-23*D

## न्यूज गैलरी

### कुमुद सहाय को पलामू में बनाया गया नोडल पदाधिकारी

**मेदिनीनगर।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने विद्यालय और कार्यालयों के निरीक्षण के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपी है। जिलावार नोडल पदाधिकारी को इसके लिए नामित किया गया है। इस संबंध में शिक्षा सचिव रवि कुमार ने आदेश जारी कर दिया है। जिसमें पलामू के लिए कुमुद सहाय को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि विभाग के अंतर्गत विद्यालयों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, विद्यालय संचालन, मध्यान्ह भोजन योजना, छात्र शिक्षकों की उपस्थिति, प्रयोगशाला, पुस्तकालय अधिगम वृद्धि एवं मूल्यांकन, पेंशन आदि कार्यों का सतत निरीक्षण/ पर्यवेक्षण अति आवश्यक है। पूर्व की भांति विद्यालयों, कार्यालयों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन समर्पित करने के लिए पदाधिकारियों को उनके नाम के सामने अंकित जिला का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। यह विद्यालयों एवं कार्यालयों का निरीक्षण और समीक्षा करेंगे। निरीक्षण कार्य नवम्बर माह से प्रारंभ किया गया है। प्रत्येक माह में कम से कम एक भ्रमण किया जाना आवश्यक होगा। भ्रमण के लिए पदाधिकारियों को वाहन की आवश्यकता को पूरी की जायेगी। उनके लिए वाहन की व्यवस्था झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची कार्यालय से की जायेगी। जो पदाधिकारी ट्रेन से भ्रमण करना चाहेंगे । उनके लिए जिला में भ्रमण के लिए वाहन की व्यवस्था संबंधित जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा की जायेगी। जरूरत के अनुसार पदाधिकारियों के ठहरने के लिए भी उचित व्यवस्था परिसदन 1बी में इत्यादि में की जायेगी। निरीक्षण पर्यवेक्षण के क्रम में यथासंभव अभिभावकों एवं अन्य संबंधित स्टेकहोल्डर संपर्क कर योजना क्रियान्वयन के संबंध में मंतव्य प्राप्त किया जा सकता है। सभी नामित नोडल पदाधिकारी अपना निरीक्षण प्रतिवेदन संबंधित प्राधिकारी के कोषांग को सौंपेंगे। प्रतिवेदन को संबंधित निदेशालय कार्यालय को संकलन के लिए उपलब्ध कराया जायेगा।

### महापौर ने चौधराना किराये के संबंध में दिया स्पष्टीकरण

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने गुरुवार को एक शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान चौधराना बाजार के किराए के संबंध में पूछे जाने पर कहीं कि पता नहीं कि आजकल त्रिपाठी जी को क्या हो गया है । जो पत्र दिखाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। डुगडुगी बजवा के बाजार में सबको बता रहे हैं कि किराया कम हो गया भाई ,किराया कम हो गया , माला पहनाओ । जब व्यवसायियों को यह पता चलेगा की उसी पत्र के अंतिम पारा में लिखा है कि किराया अभी नहीं अगले चुने हुए बोर्ड से यथोचित निर्णय लिया जायेगा, तब वे व्यवसायियों को क्या जवाब देंगे । महापौर ने कहा कि जब वे कैबिनेट मिनिस्टर थे तो खासमहाल का कैंप बिना पूरी जानकारी लिए वाहवाही लूटने के उद्देश्य से कैंप लगवा बैठे । जब शहर वाले कैंप में नहीं पहुंचे ,तो उन्हें समझ आया की कहीं कुछ गड़बड़ हो गया है और धीरे से निकल पड़े। महापौर अरुणा शंकर ने चौधराना किराए के संबंध में स्पष्ट किया कि जो सरकार ने किराया निगम चुनाव के उपरांत निर्वाचित बोर्ड से 4 रुपया निर्धारित करने की बात पत्र में लिखी है । उसे मैं आगामी बोर्ड में ही प्रस्ताव लाकर सरकार को पत्र दूंगी कि अभी से किराया कम करने की अनुमति नगर विकास मुझे दें , ताकि किराया अभी से लागू हो ,बाद में क्यों ? वही किराया कम करने के साथ हर 5 वर्षों के उपरांत मात्र 10 प्रतिशत किराया वृद्धि का भी प्रस्ताव बोर्ड से पारित कराया जायेगा। ताकि बीच में कोई हमारे व्यवसाय भाइयों को अनाप-शनाप किराया बढ़ाकर तंग ना कर सके। महापौर ने यह भी स्पष्ट किया जो किराया 6 रुपया के दर से व्यवसायियों से लिया गया है। मैं प्रयास करूंगी कि उनका किराया 4 रुपया के दर से हिसाब करते हुए शेष राशि को आगे एडजस्ट किया जाए। क्योंकि व्यवसायियों ने अंडर प्रोटेस्ट यह किराया दिया था। वे बुधवार को एक इंटरव्यू में कह रहे थे कि महिलाएं घर में रहती हैं। उनको बाहर का क्या पता ,तो शायद वह भूल गए हैं कि उनके दल के नेतृत्वकर्ता भी एक महिला है। मैं उनके बातों को बुरा नहीं मानती और किसी को भी नहीं मानना चाहिए । अब देखिए ना कभी सीधे नेताजी राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लड़ने जा रहे , तो कभी सीधे राष्ट्रीय स्तर से ,एका एक लूडो के सांप की सीढ़ी की तरह नीचे आकर निकाय चुनाव लड़ने लगे पता नहीं उनको क्या हो गया। मैं किराया कम कराने के लिए विशेष बधाई झारखंड चेंबर अध्यक्ष के किशोर मंत्री को जिनके प्रयास से सरकार ने बिना नक्शा के बने 3 तल्ले तक का मकान वैध करने हेतु नोटिफिकेशन किया और होल्डिंग टैक्स तथा खासमहाल को सरलीकरण कराने पर कार्य चल रहा है । साथ ही मैं जेएमएम जिला अध्यक्ष तथा कांग्रेस जिला अध्यक्ष को भी बधाई देती हूं । जिन लोगों ने व्यवसायिक हित में दलगत भावना से ऊपर उठकर निगम एवं चेंबर की बातों को सरकार तक पहुंचाई।

### श्राद्ध में पौधारोपण से प्रकृति व पितरों के साथ देवता भी होते हैं प्रसन्न : कौशल

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने जिले के छतरपुर अनुमंडल के सबसे अधिक सुदूरवर्ती हुलसम पंचायत के तारू दाग बाघ मनवा निवासी विलास यादव की मौत चेन्नई में एक दुर्घटना में हो गया था । उनके श्राद्ध कर्म में शामिल होकर मृतक के नाम पर थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी का पौधरोपण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्राद्धकर्म में शामिल लोगों का पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने उक्त मौके पर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों की शपथ भी दिलाई। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा है कि पितरों को माता- पिता की सेवा से यदि मुक्ति मिल जाती हैं तो दुनियां के हरेक पुत्रों को पर्यावरण धर्मगुरु कौशल के द्वारा चलाए गए पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के तहत उनके नाम पर पौधा लगाकर उसकी सेवा करना चाहिए। क्योंकि उससे मृतक की आत्मा को शांति मिलती है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि हमारी हिंदू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा करने का विधान है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले जीवों को 10 तरह का लाभ मिलता है। जिसका उपभोग लोग सदियों से करते आ रहे हैं । जिसका प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में उल्लेख है श्राद्ध में स्वर्गीय विलास यादव के पुत्र अंकेश यादव, राकेश यादव, अखिलेश यादव, मुखदेव यादव, विष्णु देव यादव,सुभाष गुप्ता,अरुण पाठक, जुबेर अंसारी,जयराम सिंह हरेंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह,कैलाश भुइयां उपस्थित थे।

## उपायुक्त पहुंचे आदिम जनजाति बहुल पंचायत नावाडीह

# कोरवा व परहिया जाति के लोगों की समस्याओं से हुए अवगत

## डीसी ने किया कई लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण



परिसंपत्तियों का वितरण करते उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे गुरुवार को जिले के आदिम जनजाति बहुल पंचायत रामगढ़ प्रखंड के नावाडीह पहुंचे। यहां वे नवाडीह पंचायत भवन में आयोजित आदिम जनजाति के लोगों के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उपायुक्त कोरवा व परहिया जाति के लोगों से बात कर उनकी समस्याओं व मांगो से अवगत हुए। इस दौरान कई लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया।

**4 महिलाओं ने छोड़ा हड़िया-दारू बेचने का काम,उपायुक्त ने सौंपा 10-10 हजार का चेक :** आदिम जनजाति के लोगों के साथ संवाद कार्यक्रम में उपायुक्त श्री दोड्डे ने कोरवा व परहिया जाति की 4 महिलाओं के बीच 10-10 हजार रुपये का चेक सौंपते हुए हड़िया-दारू बेचने का कार्य छोड़ नया स्वरोजगार से जुड़ने की अपील की। इस दौरान सभी महिलाओं ने उपायुक्त को आश्वस्त कराया कि वे अब हड़िया-दारू नहीं बेचेंगे। इसी तरह संवाद के दौरान 5 लोगों ने पेंशन नहीं होने संबंधित शिकायत की। सभी का पेंशन ऑन स्पॉट स्वीकृत कर दिया गया। इसी तरह आगामी ठंड के मद्देनजर उपायुक्त ने 50 से अधिक लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। वहीं 25 लोगों के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया।

### आदिम जनजातियों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास

संवाद कार्यक्रम में लोगों ने उपायुक्त से गांव में बिजली नहीं होने की बात कही । इस पर उपायुक्त ने कहा कि जल्द ही सर्वे कराकर जहां बिजली नहीं है । वहां इलेक्ट्रिफिकेशन का कार्य करा दिया जायेगा। उपायुक्त ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के जो युवा शिक्षित हैं । वे मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से जुड़ कर खुद को स्वरोजगार से जोड़ें। उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग की ओर से बेरोजगार युवक-युवतियों के बीच 25 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है । जिसमें 40 फीसदी की सब्सिडी भी दी जाती है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों के विकास के लिये डीएमएफटी के माध्यम से दोना-पत्ता बनाने का मशीन लगाया जायेगा । जिसका मकसद आदिम जनजातियों के जीवन में बदलाव लाने का है। इसके पूर्व बीडीओ पार्थ नंदन ने उपायुक्त को रामगढ़ प्रखंड की भौगोलिक जानकारी से अवगत कराया। मौके पर उपरोक्त के अलावे सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक पीयूष,रामगढ़ के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, अंचलाधिकारी संजय बाखला, स्थानीय,पंचायत समिति सदस्य समेत बड़ी संख्या में आदिम जनजाति समुदाय के लोग उपस्थित थे।

# पलामू आयुक्त ने मारवाड़ी पुस्तकालय में साहित्यकारों से की मुलाकात

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कन्नी राम चौक स्थित मारवाड़ी सार्वजनिक हिंदी पुस्तकालय पहुंचकर साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमियों से विमर्श किया। 1917 में स्थापित इस पौराणिक पुस्तकालय पहुंचकर आयुक्त अपने आप को सौभाग्यशाली बताया। उन्होंने कहा कि जिस पुस्तकालय में मोहनदास करमचंद गांधी, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, पंडित मदन मोहन मालवीय जैसे विभूतियों का आगमन हुआ उस पुस्तकालय में आकर वे अभिभूत हैं। उन्होंने पुस्तकालय समिति के सदस्य एवं अन्य को संबोधित करते हुए कहा कि यह पुस्तकालय धरोहर है। इस धरोहर को जीवंत एवं सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि पलामू की भूमि साहित्यक की भूमि रही है। उन्होंने पुस्तकालय की उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का अथाह सागर है। यह अलग बात है कि डिजिटल माध्यमों के इस दौर में पुस्तकालय जाकर या पुस्तकालय पढ़ने वालों की संख्या में थोड़ी कमी आई है। समाज में इसके दुष्परिणाम भी देखने को मिल रहा है। सुविधाएं जितनी बढ़ी है, उतने ही समाज में कुरीतियां, विकृतियां आती है। साथ ही नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है। इसके प्रति चिंतन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय का महत्व हमेशा रहा है और आगे भी रहेगा। इसमें अध्ययन का बेहतर माहौल मिलता है। कार्यक्रम के दौरान पलामू के साहित्यकारों ने आयुक्त को अपनी लिखित पुस्तक भेंट की। पुस्तकालय समिति के सदस्यों ने मारवाड़ी सार्वजनिक हिंदी पुस्तकालय परिसर में संचालित राजकीय विद्यालयों को स्थानांतरण या विलय कर पुस्तकालय परिसर को स्वतंत्र रूप से काम करने के लिए उपलब्ध कराने की मांग रखी। आयुक्त ने उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन झारखंड विधानसभा के उप सचिव पद से सेवानिवृत्त एवं साहित्यकार रवि शंकर पांडेय ने की। वहीं साहित्यकार श्रीधर द्विवेदी, युवा कवि रवि शंकर पांडेय, साहित्यकार हरिवंश प्रभात आदि ने संबोधित किया और स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में मारवाड़ी सर्वजनिक हिंदी पुस्तकालय के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम में पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार तुलस्यान (नवल), उपाध्यक्ष सुशील लाट, सचिव राजेश उदयपुरी, उप सचिव संजय केजरीवाल सहित विनोद उदयपुरी, संजय केजरीवाल, अनुपम तुलस्यान, सुरेश उदयपुरी आदि उपस्थित थे।

# पोस्टमार्टम हाउस में व्याप्त गंदगी से आसपास के लोग परेशान

## लावारिस लाश के दाह संस्कार के लिए पुलिस को जेब से खर्च करने पड़ते हैं पैसे



पोस्टमार्टम हाउस में गंदगी का अंबार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस की स्थिति बद से बदतर हो गई है। यहां पर चीर फाड़ करने वाले कर्मचारी अपने मनमाने ढंग से मृतक के परिजनों से पैसे वसूल रहे हैं। बताते चलें कि मंगलवार को एक महिला जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के परिजनों ने बताया कि वे महिला के शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे थे। वहां पर पोस्टमार्टम हाउस में चीरफाड करने वाले कर्मचारियों के द्वारा उनसे 35 रुपये मनमानी रकम मांगी गई। इसके बाद मृतक के परिजनों ने इस बात की जानकारी सीएस विजय सिंह को दी । विजय सिंह से बात करने के बाद 500 लेकर कर्मचारियों के द्वारा चीर फाड़ किया गया। इतना ही नहीं पोस्टमार्टम हाउस में अज्ञात शव को रखने के लिए डीप फ्रीजर भी नहीं है। जिसके वजह से कई दिनों तक लाश पोस्टमार्टम हाउस में ही पड़ा रहता है। इससे आसपास के क्षेत्र में काफी दुर्गंध फैलती है। जिसके वजह से आसपास के लोग काफी परेशान रहते हैं। पोस्टमार्टम हाउस के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि कभी-कभी पोस्टमार्टम हाउस से इतनी बदबू आती है कि लोगों को खाना खाना भी मुहाल हो जाता है। स्थानीय लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस में साफ-सफाई व डीप फ्रीजर लगवाने का जिला प्रशासन से आग्रह किया है


# युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना अंतर्गत पोलपोल पंचायत के नावाडीह निवासी मुंद्रिका सिंह के पुत्र उमाशंकर सिंह 45 वर्ष बुधवार की रात पंखा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लीया।इस सम्बंध में स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उमाशंकर सिंह का मानसिक हालत ठीक नहीं था ।तथा नशेड़ी प्रवृत्ति का व्यक्ति था । इसके बाद ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी सतबरवा थाना को दी। जानकारी मिलते ही सतबरवा थाना के एसआई कुणाल किशोर मोर्य दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर मामले की जानकारी ली। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया जी मृतक का मानसिक स्थिति ठीक नहीं था।काफी नशा पान करता था। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हुआ है। वही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।

# पानी टंकी की सफाई पूरी, अब होगी सप्लाई पानी की आपूर्ति

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में बीते पांच दिनों से सप्लाई पानी बाधित रहने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहरी क्षेत्र के लोगों को जलापूर्ति के लिए बेलवाटीकर पंपू कल हाउस में बने क्लेरीफ्लोक्लेटर को साफ करने का अभियान चल रहा था। गौरतलब है कि स्थानीय पंपुकल में बने 32 लाख लीटर की फिल्टर टंकी की साल में एक बार सफाई की जाती है। इस दौरान करीब एक सप्ताह शहर में जलापूर्ति बाधित हो जाती है। साल भर में जमा बालू और कीचड़ को निकालने के लिए कंप्रेशर मशीन को लगाया गया है। रविवार से रोजाना 13-15 लेबर काम कर रहे थे। हालांकि पावर कट के कारण सफाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। 19 तारीख से कंप्रेसर के द्वारा पाइप साफ किया जा रहा है। 21 तारीख से हौदा की सफाई का काम शुरू हो गया है।



फिल्टर टंकी सफाई करते निगमकर्मी

शहर में पानी बाबा के नाम से विख्यात परशुराम ओझा के लगातार प्रयास से शहर में पानी की निर्वाध सप्लाई होती है। पानी की समस्या होने पर लोग उनके पास ही फरियाद करते है। इसी टंकी से फिल्टरेशन के बाद पूरे शहर वासियों को जलापूर्ति की जाती है। यहां से पानी आईटीआई, बीएन कॉलेज, जिला स्कूल, सिंचाई विभाग और स्टेशन पर स्थित दो टंकियों में जाता है। जहां से शहर वासियों को जलापूर्ति होती है। साथ ही कुछ इलाकों में डायरेक्ट पानी सफलाई होती है। बीती शाम डिप्टी मेयर ने भी पानी टंकी का जायजा लिया और कार्य को तय सीमा में करने का निर्देश दिया।

**क्या कहना है पाइप लाइन इंस्पेक्टर का :** पाइप लाइन इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि रविवार से क्लेरीफ्लोक्लेटर में जमा बालू और कीचड़ को निकालने का कार्य चल रहा है। इसके लिए एक सप्ताह का समय मांगा गया था । लेकिन गुरुवार या शुक्रवार तक काम पूरा होने की संभावना है। पावरकट की समस्या बरकरार रही तो और समय लग सकता है। उन्होंने बताया कि उसके बाद फिल्टर प्लांट को भी साफ किया जायेगा। उसके बाद पानी का भंडारण करने के उपरांत जलापूर्ति शुरू कर दी जायेगी।

# एआईएसएफ के मांगो को जल्द पूरा किया जाए नहीं तो होगा उग्र आंदोलन : विदेशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय की अध्यक्षता में एनपीयू के डीएसडब्ल्यू के नाम उनके आदेशपाल को 8 सूत्री मांग पत्र का प्रति दिया । मांग पत्र का प्रतिलिपि प्रति कुलपति को भी दिया गया । मांगपत्र में आर्थिक रूप से गरीब छात्र को निःशुल्क शिक्षा प्रदान किया जाये।। महाविद्यालय पत्रिका राशि लिया जाता हैं, पर छात्रों को मैगजीन उपलब्ध नहीं कराया जाता। बिजली के लिए पैसा लिया जाता हैं, पर पंखा नहीं चलता । कॉमन रूम का राशि लिया जाता हैं, पर कॉमन रूम उपलब्ध नहीं हैं। मेघा छात्रवृति योजना लागू किया जाये। युवा महोत्सव, खेलकूद समय कराया जाए। शारीरिक शिक्षक प्रत्येक महाविद्यालय में नियुक्त किया जाए। कौशल मनी शिक्षा पूरी होने के बाद वापस किया जाए मांग किया गया। मौके पर विदेशी पांडेय ने कहा कि नामांकन दाखिल लेते समय कई तरह के शुल्क लिए जाते हैं मगर उसका लाभ छात्रों को नहीं मिल पाता।

# कांग्रेस ने भाजपा की जन आक्रोश रैली को नौटंकी बताया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने कहा कि भाजपा के द्वारा निकाली गई जन आक्रोश रैली बिल्कुल ही नौटंकी एवं लोगों को दिग्भ्रमित करने वाला कार्यक्रम है। भाजपा को जनआक्रोश रैली बेरोजगारी,महंगाई,भ्रष्टाचार एवं काला धन के खिलाफ एवं केंद्र सरकार की विफलता के विरुद्ध निकालने चाहिए। झारखंड में सरकार का 3 वर्ष का कार्यकाल काफी सराहनीय व उल्लेखनीय रही है। झारखंड सरकार के द्वारा पेंशन योजना, रिक्त पदों पर सरकारी नौकरी, आदिवासियों, अल्पसंख्कों एवं पिछड़ी जातियों के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है। सरकार के प्रति लोगों का विश्वास जगा है और राज्य में महागठबंधन की सरकार बेहतर कार्य कर रही हैं। इसके बावजूद सरकार का भाजपा के द्वारा विरोध किया जाना हास्यास्पद एवं नौटंकीपूर्ण है। इस तरह की नौटंकी भरा रैली के लिए भाजपा नेताओं को भाड़े के लोगों को लाने के लिए ड्यूटी पर लगाई गई थी।

# भाजपा ने निकाली जन आक्रोश रैली, केंद्रीय राज्य मंत्री भी हुई शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड की सरकार के जनविरोधी नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा ने गुरुवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पलामू में इस आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं झारखंड राज्य एससी मोर्चा के अध्यक्ष शिव शंकर उरांव के साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष विजयनंद पाठक की अध्यक्षता में जन आक्रोश रैली निकाली गई। यह रैली स्थानीय शिवाजी मैदान से होते हुए छहमुहान चौक की ओर आगे बढ़ा । जिसका संचालन जिला महामंत्री श्याम बाबू ने किया । आगे बढ़ते हुए समाहरणालय के समक्ष यह एक जनसभा में तब्दील हो गई। हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ के जन आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए धरना प्रदर्शन को सफल बनाया गया ।। मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि अबुआ राज के बबुआ मुख्यमंत्री ने पूरे राज्य को लूट का अड्डा बना दिया । बालू, गिट्टी, कोयला चाहे कुछ भी सब भ्रष्टाचार का केंद्र बना हुआ है । केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि इस राज्य के दिसोम गुरु कहे जाने वाले शिबू सोरेन ने 1990 के दशक में इस राज्य को कांग्रेस के हाथों बेच दिया था । अर्थात एक बेचने वाला और दूसरा खरीदने वाला और एक तीसरा दल राष्ट्रीय जनता दल जिसने कहा था कि झारखंड हमारे लाश पर ही बन पायेगा। फिर भी केंद्र में भाजपा की सरकार जैसे ही बनी बिहार से झारखंड को अलग करने का कार्य भाजपा ने किया। भाजपा के नेताओं का यह कर्तव्य बनता है कि इस राज्य को लूट का अड्डा नहीं बनने देंगे। उसके लिए जितने भी आंदोलन होंगे करने से हम बाज नहीं आयेंगे। छोटे राज्यों का निर्माण का उद्देश्य यह था कि सभी सुखी संपन्न हो, सभी को रोजगार मिले । लेकिन इस राज्य सरकार ने प्रत्येक वर्ष 5 लाख लोगों को नौकरी देने का जो वादा किया था । जब तक नौकरी ना मिले तब तक बेरोजगारी भत्ता देने का भी वादा किया था, उस वादे का क्या हुआ । लेकिन यह वादाखिलाफी की सरकार केवल और केवल झूठे वादे करके जनता को लॉलीपॉप दिखा कर अपना उल्लू सीधा करने का काम किया है। इस सरकार का कोई नैतिक अधिकार नहीं बनता है कि वह सत्ता में बनी रहे । वही एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कहा कि यह सरकार ऐसी निकम्मी सरकार है कि कब किसकी हत्या हो जाए, लूट हो जाए , मारपीट हो जाए,पता नहीं। इसका जिम्मेदार कौन होगा यह भी देखने वाला कोई नहीं है। भाजपा के जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक ने कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री का पलामू की पवित्र धरती पर आगमन हुआ है। जो अपने आप में हम सभी का उत्साहवर्धन करने का कार्य करेगा । यह बलात्कारियों की सरकार है या उसका पोषण करने वाली सरकार है। यहां पुलिस में दरोगा पद पर आसीन बेटी के साथ भी हत्या हो जाता है। पलामू के सांसद वीडी राम ने कहा कि आज दलितों और आदिवासियों के साथ अत्याचार हो रहा है और इस अत्याचार में ब्लॉक स्तर के अधिकारी से लेकर के जिला स्तर के अधिकारी भी लगे हुए हैं । जब से यह सरकार बनी है तब से आतंकवादियों का राज्य कायम हो गया है । कोई भी व्यक्ति सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है । बैठक में पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी , आलोक चौरसिया, शशिभूषण मेहता, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष किसलय तिवारी ,पलामू भाजपा प्रभारी विनय जयसवाल, महापौर अरुणा शंकर ,उपमहापौर मंगल सिंह ,श्याम नारायण दुबे ,प्रेम सिंह ,परशुराम ओझा, विभाकर नारायण पांडे , पूर्व सांसद मनोज कुमार, उदय शुक्ला, लवली गुप्ता, नरेंद्र पांडे ,दुर्गा जोहरी, धर्मेंद्र उपाध्याय ,अरविंद गुप्ता, कृष्णा गुप्ता ,मुन्ना चंद्रवंशी , रामचंद्र यादव ,श्यामा द्विवेदी ,रेनू देवी ,सुजाता सिंह , जितेंद्र तिवारी , सीटू गुप्ता, नवेन्दु मिश्र, सोमेश सिंह, सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित थे ।धन्यवाद ज्ञापन एवं सभा समाप्ति की घोषणा महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया।



जन आक्रोश रैली में जनसैलाब

# रेलवे निर्माण कार्य से जुड़ी कंपनी को माओवादी बना रहे निशाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पैसों और कैडर की समस्या से जूझ रहे माओवादी बौखलाहट में हैं। यही कारण है कि रेलवे निर्माण कार्य से जुड़ी कंपनी को माओवादियों ने निशाना बनाया है। पिछले दो महीने के अंदर माओवादियों ने लातेहार के इलाके में फ्रेट कॉरिडोर बना रही कंस्ट्रक्शन कंपनी पर दो बार हमला किया है। दोनों हमलों के मामले में माओवादियों ने पर्चा छोड़कर जिम्मेवारी ली है और लेवी की मांग की है। दरअसल, इन्ही दो महीने में माओवादियों के सबसे सुरक्षित ठिकाना बूढ़ा पहाड़ पर सुरक्षा बलों का कब्जा हो गया है। माओवादी अपने सबसे सुरक्षित ठिकाने को छोड़ के भागने पर मजबूर हुए हैं। बूढ़ापहाड़ के इलाके को माओवादी छोड़कर भाग गए हैं और उनके पास पैसे और हथियार की कमी हो गई है। माओवादियों को झारखंड में सबसे अधिक कोयल शंख जोन से लेवी मिलती थी। लेकिन सुरक्षाबलों के दबाव के कारण इलाके में लेवी मिलना बेहद ही कम हो गया है। सुरक्षा जंक्शन के अनुसार माओवादियों के पैसे और कैडर समस्या को दूर करने की जिम्मेदारी रबिन्द्र गंझू को दी गई है। यही कारण है कि उसके दस्ते ने रेलवे को शार्ट टारगेट बनाते हुए लेवी लेने के लिए हमले को अंजाम दिया है। जिस इलाके में रेलवे पर लगातार हमले हुए हैं । वह इलाका रबिन्द्र गंझू का सबसे सुरक्षित ठिकाना है। रबिन्द्र गंझू पर राज्य सरकार ने 15 लाख का इनाम घोषित कर रखा है। सुरक्षा एजेंसी के अनुसार उसके दस्ते में करीब 15 से 20 सदस्य शामिल हैं। बूढ़ा पहाड़ से निकल कर भागे कुछ नक्सली भी उसके साथ हो गए हैं। सुरक्षा एजेंसी के अनुसार माओवादी रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनी से करीब 5 करोड़ रुपये की लेवी वसूलना चाहते हैं।

**माओवादियों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू :** लातेहार के जिस इलाके में रेलवे के थर्ड लाइन परियोजना पर हमला हुआ था । उस इलाके में डीआईजी राजकुमार लाकड़ा बुधवार को जांच के लिए पहुंचे थे। डीआईजी राजकुमार लाकड़ा ने बताया कि माओवादियों के खिलाफ अभियान जारी है, ऐसे तत्व जो लेवी वसूलना चाहते हैं उनके खिलाफ पुलिस सख्ती से निबटेगी।

## न्यूज गैलरी

### भवनाथपुर में 45 महिलाओं का बंध्याकरण का सफल ऑपरेशन

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में 45 महिलाओं का बंध्याकरण का सफल ऑपरेशन किया गया। अस्पताल के प्रभारी डॉ दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कर्मियों के सहयोग से ऑपरेशन के पूर्व सभी निबंधित महिलाओं का सभी प्रकार की स्वास्थ्य के जांच के बाद ऑपरेशन के कार्य संपन्न किया गया। मौके पर प्रभारी के साथ महिला डॉ प्रियंका कुमारी,सीएचओ इन्द्रकिशोर विश्वकर्मा,आयुष डॉ निशंक निश्रम,अभिनीत विश्वास,प्रदीप कुमार पाठक,एएनएम अगाथा टोप्पो,गुलाब खलखो,उपेंद्र कुमार आदि कर्मियों ने भी सहयोग किये।

### झामुमो महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंजली गुप्ता ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**गढ़वा।** झामुमो महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंजली गुप्ता ने गुरूवार को पार्टी से इस्तिफा दे दी है। अंजली गुप्ता ने कहा कि जिस पार्टी में महिला को सम्मान नहीं मिलता है। उस पार्टी में रहने का कोई मतलब नहीं है। पार्टी के कुछ कार्यकताओं द्वारा हमेशा महिला जिलाध्यक्ष को बेज्जती किया जाता था। इसी को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा से इस्तिफा दे रही हुं। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी में मान सम्मान नहीं मिलता है। वहां पर रहने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में जब से जुड़ी थी तब से निस्वार्थ भाव से काम कर रही थी। पार्टी में महिलाओं को संगठित करने का काम कर रही थी।

### पेयजल व स्वच्छता मंत्री से दो मुहाना नदी पर पुल निर्माण की मांग



**रमना।** सिलीदाग पंचायत के मुखिया अनीता देवी ने मंगरा मौजा के बिवाटीकर स्थित दो मुहाना नदी पर पुल निर्माण की मांग पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर को आवेदन देकर किया है। मुखिया द्वारा मंत्री को दिये गए आवेदन में कहा गया है कि सिलीदाग पंचायत के विवाटीकर में आदिवासी व अनुसूचित जाति सहित अन्य जाति के लगभग 12 सौ की आबादी है। इस गांव के लोगों को गाय -बकरी चराने एवं खेती बाड़ी करने जाने के साथ अन्य कार्यों के लिए दोमुहाना नदी को पार करना पड़ता है। जिसके कारण लोगों गर्मी में किसी प्रकार काम चल जाता है लेकिन वर्षात और सर्दी में कई तरह के समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सबसे अधिक समस्या बरसात के दिनों में होता है। जब नदी में पानी का बहाव बढ़ जाता है, तो ग्रामीण जान जोखिम में डालकर किसी प्रकार नदी को पार करते हैं। आवेदन में मुखिया ने कहा है कि लोगों द्वारा पुल निर्माण की मांग पूर्व में विधायक व जनप्रतिनिधि से किया गया था। लेकिन किसी के द्वारा कारवाई न कर केवल आश्वासन ही मिला। मुखिया ने इस चिरपरिचित मांग को पुरा करने की मांग मंत्री मिथलेश ठाकुर से किया है।

### लाभुकों ने बीडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र मकरी पंचायत के प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों ने बीडीओ को आवेदन देकर प्रधानमंत्री आवास के कोडिनेटर सिराज अहमद पर कारवाई के मांग किया है। दिए आवेदन में लाभुकों ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास के प्रखण्ड कोडिनेटर सिराज अहमद के द्वारा संतोषजनक काम नही करने एवं अवैध वसूली करने के वजह से हमलोग का आवास कार्य बाधित हो रहा है कोडिनेटर सिराज अहमद को यहाँ सब हटाने का मांग किया है। आवेदन देने वालो में सुरेंद्र सिंह, बाला यादव, संजय कुमार, अर्जुन राम, सुखाडी राम, धर्मेंद्र यादव, अरविंद पाल, अनिल राम, फुलवंती देवी, शकीला बीबी, सुशीला देवी, रेखा देवी, रीमा देवी सहित कई लोग थे।


### भंडरिया लैंपस का चुनाव संपन्न, चंद्रशेखर सिंह बने लैंपस के नये अध्यक्ष

**भंडरिया ।** भंडरिया लैंपस का चुनाव संपन्न हो गया ।नौका गांव निवासी चंद्रशेखर सिंह लैंपस के नये अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित घोषित किए गए। इसकी जानकारी देते हुए लैंपस चुनाव के निर्वाचित पदाधिकारी ने कहा कि चंद्रशेखर को 52 वोट मिला, जबकि उनके निकट प्रतिद्वंदी रमेश टोप्पो को 40 वोट मिला। साथ ही 10 सक्रिय सदस्य निर्वाचित घोषित किया गया है। इनमें देवानंद कुमार, राजेश कुमार वर्मा ,संजय केसरी, संतोष वर्मा ,सुशील कुमार सिन्हा, अंती टोप्पो, कुसेर्ला केरकेट्टा, देव कुमारी देवी और सुनीता केरकेट्टा का नाम शामिल है । निर्वाचि पदाधिकारी ने कहा कि सभी निर्वाचित अध्यक्ष और सक्रिय सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### 13 करोड़ की लागत से बनने वाली 45 योजनाओं का शिलान्यास, बोले मंत्री

# जहां भी देखें विकास ही विकास नजर आयेगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरुवार को करीब 13 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 45 योजनाओं की आधारशिला रखी। मंत्री ने पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर इन योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में मुख्य रूप से तीन करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले सोनपुरवा में अत्याधुनिक सर्व सुविधा संपन्न बस स्टैंड, करीब दो करोड़, 71 लाख रुपए की लागत से मंझियाव मोड़ के समीप सरस्वती नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण एवं मंझियांव मोड़ का सुंदरीकरण व हाई फ्लैग मास्ट का अधिष्ठापन शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा शहर के मझियांव मोड़ पर स्थित सरस्वती का नदी पुल वर्षो से जर्जर हो गया था। यह अंतरराज्यीय मार्ग है। जिसके कारण आवागमन में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। अब इसका निर्माण किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि बस स्टैंड परिसर में वर्तमान में 40 दुकानों का निर्माण किया जाएगा। ताकि यहां दुकान लगाने वाले लोग बेदखल नहीं हो। इसके अलावा 100 अन्य दुकानों का भी निर्माण होगा जिससे अन्य लोगों के रोजगार के अवसर मिल सकेंगे । उन्होंने कहा कि हमारी सोच गढ़वा को विकसित जिलों में शामिल करना है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार बनते ही विकास को ले चिंतित हैं तथा विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य किए जा रहे हैं । जहां भी देखें विकास ही विकास नजर आ रहा है । ऐसी स्थिति बन गई है कि यदि सभी योजनाओं का शिलान्यास किया जाए तो शिलान्यास करने में तीन माह से अधिक समय लग जाएगा। मंत्री ने कहा कि किसी भी शहर के विकास का पैमाना वहां उपलब्ध नागरिय सुविधाओं से आंका जाता है। गढ़वा बस स्टैंड सर्वश्रेष्ठ बस स्टैंड बनेगा। मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ कुमुद कुमार झा, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, नप अध्यक्ष पिंकी केशरी, जीप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, संतोष केशरी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, जितेंद्र सिन्हा, अनिता दत्त, अंजली गुप्ता, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, घनश्याम प्रसाद, मदनी खान, नीलू खान, आशीष अग्रवाल, दिव्य प्रकाश केशरी, संजय ठाकुर, रेखा चौबे, रविंद्र गुप्ता, नसीम अख्तर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

#### स्टैंड की विशेषताएं

तीन करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस बस स्टैंड में भव्य मुख्य द्वार सहित 40 दुकाने, रेस्टोरेंट, महिला डोरमेट्री, पुरुष डोरमेट्री, शौचालय की व्यवस्था, पूछताछ केंद्र, प्रतीक्षालय, टिकट घर, दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, एक साथ 20 बसों के ठहराव की व्यवस्था, स्टोर, किचन, ऑफिस जैसी सारी सुविधाएं उपलब्ध होगी। यह बस स्टैंड के गढ़वा का गौरव होगा।

# बिलैतीखैर में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलैती खैर में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता कार्यक्रम की शुरूआत पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव के द्वारा फीता काटकर किया गया । वही पंचायत के विभिन्न गांव से आए हुए खिलाड़ियो को फुटबॉल टूनामेंट के आयोजन से कुशल खिलाड़ियों का चयन किया गया । जिसमें विभिन्न गांव से आए हुए फुटबॉल खिलाड़ी उमाशंकर परहीया, विकास सिंह,अखिलेश सिंह, मुकेश सिंह, मंत्री सिंह, विनय सिंह,कमलेश सिंह, जगमोहन सिंह,गणपत सिंह, बिरेंद्र सिंह,संतोष परहीया का नाम शामिल है । इसकी जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव ने बताया कि आज हमारे पंचायत में पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया जिसमें से कुशल खिलाड़ियों को चयन कर प्रखंड में भेजा जाएगा वहीं प्रखंड से खिलाड़ियों को चयन कर जिला में व जिला से चुने हुए खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर खेलने का मौका प्राप्त होगा। मौके पर टीम के कप्तान बिरेंद्र सिंह, उपकप्तान उमाशंकर परहीया, गोल जज विमलेश सिंह, देव नारायण सिंह, लायंस मैन अजय सिंह,कलू सिंह,रामनाथ सिंह,बिनेश्वर सिंह, वार्ड सदस्य सहदेव सिंह, इमामुद्दीन मंसूरी, नेमा सिंह, मनदीप यादव, दुर्गेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बड़गढ़ प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंची प्रमुख

# उपस्थिति पंजी में कर्मी का 40 दिन से हाजिरी अनुपस्थित

**नवीन मेल संवाददाता**




**बड़गड़।** प्रखंड प्रमुख शांति देवी द्वारा बुधवार को किए गए बड़गड़ प्रखंड कार्यालय के औचक निरीक्षण में बीआरसी कार्यालय में प्रतिनियुक्त कर्मी बीपीएम इंदु विश्वकर्मा एवं एमआईएस संजीत कुमार का लंबे समय से कार्यालय में नहीं आना उनके ऑफिस में रखें गए उपस्थिति पंजी के आधार पर हुआ। निरीक्षण के दौरान प्रमुख द्वारा बीआरसी कार्यालय में रखें उपस्थिति पंजि का अवलोकन जब किया गया तो पाया कि कार्यालय में प्रतिनियुक्त तीन कर्मियों में से बीपीएम इंदु विश्वकर्मा का पिछले 17 अक्टूबर से 23 नवंबर 2022 तक उपस्थित पंजी में हाजिरी नहीं बनाया गया है। इसी तरह एमआईएस संजीत कुमार का भी 18 अक्टूबर से 23 नवंबर 2022 तक उपस्थित पंजी में हाजिरी नहीं बनाया गया है। वहीं तीसरे कर्मी अरूण बैठा कार्यालय में उपस्थित नहीं थे पर उनका 22 नवंबर 2022 तक हाजिरी बना हुआ पाया गया। प्रमुख शांति देवी ने उपस्थिति पंजी का फोटोकॉपी प्रखंड कार्यालय में उपस्थित प्रधान सहायक वीरेंद्र कुमार मांझी को सौपते हुए संबंधित बीइईओ एवं डीएसई को अवगत कराते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया है। बीआरसी कार्यालय में प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा उपस्थिति पंजी में 40 दिनों तक हाजिरी नहीं बनाए जाने के संबंध में पूछे जाने पर बीइईओ विद्यासागर मेहता ने कहा कि दोनों कर्मी कार्यालय में कार्यरत रहे हैं वह किस कारण अपनी हाजिरी नहीं बनाए हैं इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी। बीपीएम इंदु विश्वकर्मा ने हाजिरी नहीं बनाए जाने के मामले में पूछे जाने पर बताया कि बीआरसी कार्यालय का रजिस्टर बड़ा बाबू एवं संदीप गुप्ता द्वारा जप्त कर लिया गया है। बीआरसी कार्यालय में उपस्थिति पंजी नहीं रहने का कारण हम हाजिरी नहीं बना पाए हैं। इस संबंध में ब्लॉक के प्रधान सहायक वीरेंद्र कुमार मांझी ने कहा कि उपस्थिति पंजी जप्त करने की बात गलत है और इसमें संदीप गुप्ता का किसी तरह का रोल नहीं है। हमने बीडीओ एवं बीईओ के निर्देश पर उपस्थिति पंजी को जिस कार्यालय कक्ष में सभी कर्मियों का उपस्थिति बनता है वहां रखा है। जहां प्रखंड सहित बीआरसी कर्मी अपनी उपस्थिति बनाते हैं।

# सगमा से एक ट्रक लकड़ी और हाइड्रा मशीन किया गया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**




**धुरकी।** थाना क्षेत्र के सगमा गांव से बीडीओ सत्यम कुमार व थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने एक ट्रक लकड़ी व एक हाइड्रा मशीन को जब्त कर लिया है। इस संबंध मे गत बुधवार को बीडीओ सत्यम कुमार से इसकी जानकारी लेने के लिए संपर्क किया गया तो उन्होने कॉल रिसीव नही किया वहीं कॉल रिसीव नही करने के बाद उन्हें वाट्सएप मैसेज कर पुछा गया इसके बाद भी सगमा के बीडीओ ने मैसेज का रिप्लाई नही दिया। इधर थाना प्रभारी सदानंद कुमार से पुछे जाने पर उन्होने बताया की सगमा बीडीओ के नेतृत्व मे एक ट्रक पर लेपटस का इमारती लकड़ी हाइड्रा मशीन से लोड किया जा रहा था, वहीं सगमा बीडीओ के द्वारा धुरकी पूलिस को सुचना दिया गया। इसके बाद बीडीओ ने स्वयं हाइड्रा मशीन और ट्रक को पकड़कर जब्त किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया की ट्रक पर लदे लकड़ी को पकड़कर पुलिस जब थाने लेकर जा रही थी तो अचानक ट्रक खराब हो गया और उसे सगमा सेंट्रल बैंक के निकट खड़ा हो गया है। थाना प्रभारी ने बताया की बीडीओ के निर्देश पर उक्त लकड़ी लदे ट्रक व हाइड्रा को जब्त कर लिया गया है और थाना मे लगाया गया है।

### बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ एआरओ ने की बैठक

**केतार।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पर गुरुवार को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के एआरओ वह भवनाथपुर बीडीओ जयपाल महतो ने प्रखंड कार्यालय केतार में सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ बैठक की। उक्त बैठक में बीएलओ को निर्देश दिया गया की एक जनवरी 2023 की तिथि मानते हुए सभी 18 वर्ष की उम्र पुरा करने वाले युवक युवती का नाम मतदाता सूची में जोड़े ।और लिंगानुपात में सुधार करते हुए सभी मतदाताओं का मतदाता सूची में सभी का आधार शत प्रतिशत लिंक करें। बीडीओ मुकेश मछुआ ने बीएलओ और सुपरवाइजर को निर्देश दिया की गांव के हर टोले मुहल्ले में वार्ड सदस्य, मुखिया, जलसहिया,डीलर, सहायक अध्यापक, को साथ लेकर घर घर जाकर ग्रामीणों से समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत मतदाता सूची में नाम जोड़े। सुनिश्चित करें की किसी भी मतदाता का नाम छुटे न और शत प्रतिशत मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य सफल हो। बैठक में सभी बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित थे।

### मकान निर्माण कार्य के दौरान युवक गिरकर घायल

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के मझिआंव निवासी सुरेंद्र चंद्रवंशी के पुत्र कुंदन कुमार बुधवार को मकान निर्माण कार्य के दौरान उंचाई से गिरकर घायल हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार कुंदन कुमार अपने मकान निर्माण कार्य में लगा था। ईंट जोड़ाई के दौरान असंतुलित होकर नीचे गिर गया। इस घटना में उसके बायां पैर की हड्डी फ्रैक्चर हो गई। इसके बाद स्वजनों ने उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# प्रमुख ने की समीक्षा बैठक, कर्मियों को ससमय कार्यालय पहुंचने की दी नसीहत

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में गुरुवार को प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी की अध्यक्षता में प्रखंड और अंचल कमीर्यों की बैठक हुई। उक्त बैठक में प्रमुख चंद्रावती देवी ने प्रखंड और अंचल कमीर्यों को ससमय कार्यालय में पहुंचकर आमजनों की कार्यों को निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की प्रखंड और अंचल कमीर्यों की आये दिन ब शिकायत मिल रही है की हाजिरी बनाकर कार्यालय से गायब हो जाते हैं जिससे आमजनों को परेशानी हो रही है। उनका काम ससमय नहीं हो पा रहा है। प्रमुख चंद्रावती देवी ने फिल्ड वर्क करने वाले कमीर्यों को मंगलवार और शुक्रवार को सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक प्रखंड कार्यालय अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की नसीहत दी। वहीं अन्य कमीर्यों को प्रतिदिन प्रखंड कार्यालय में रहने को कहा है। उन्होंने कहा की अनुपस्थिति रहने वाले कर्मियों की हाजिरी काटने की अनुशंसा की जायेगी। वहीं बीडीओ मुकेश मछुआ ने मनरेगा कर्मियों को पुरानी योजनाओं को पुर्ण कराते हुए बंद करने और नया योजनाओं को शुरू कराकर अधिक से अधिक मानव दिवस सृजन करने का निर्देश दिया। वहीं पंचायत समिति सदस्यों की मनरेगा योजना में भागीदारी सुनिश्चित कराने को कहा। मौके पर बीपीओ दीपक जयसवाल, पंचायत सचिव अशोक कुमार, राजीव कुमार ,जेई अमर भारती,राजीव कुमार, सत्यम कुमार, रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, पंकज सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### केतार पंचायत में वित्तिय जागरूकता शिविर का आयोजन

# बैंकिंग प्रणाली की दी गयी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार।** गुरुवार को केतार पंचायत सचिवालय के प्रांगण में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के तत्वावधान में वित्तिय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शिविर का शुभारंभ शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार,जेएस एलपीएस के सीसी बसंत कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक ने उपस्थित महिला-पुरूष ग्रामीणों को बैंक में खाता खुलवाने का सलाह दिया। ग्रामीणों को बताया कि बैंक में खाता में नॉमिनी का नाम, मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर होना बहुत अनिवार्य है। महिलाओं को छोटी- छोटी बचत की राशि जामा करने के लिए बैंक में आना-जाना चाहिए। उन्हें बताया गया की पैसा जमा नहीं होने के कारण खाता बंद हो जाता है, ऐसे छोटी बचत से बड़ा काम हो सकता है। ग्रामीणों को बताया गया की डिजीटल बैंकिंग के द्वारा आप कहीं भी राशि निकाल सकते हैं या ट्रांसफर करा सकते हैं। शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार ने कहा की आजकल साइबर क्राईम बढ़ गई है। इसको लेकर खाताधारकों को अनजान नम्बर से आये फोन से सावधान रहने की जरूरत है। फोन या मैसेज के माध्यम से कोई एटीएम का गुप्त पिन कोड, ओटीपी के बारे में पुछे तो नहीं बतायें अन्यथा आप ठगी का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने कहा की बैंक सम्बंधित किसी भी समस्याओं को लेकर आप बेझिझक हम से मिलकर अपनी समस्या को रख सकते हैं।आपकी समस्या का समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा की किसी बिचौलिया और दलाल के चक्कर में नहीं पड़े अपना काम बैंक आकर स्वयं करवायें।उक्त शिविर में मुकुन्दपुर गांव के ग्रामीणों ने शाखा प्रबंधक से शिकायत किया की मुकुन्दपुर का सीएसपी केन्द्र केतार में संचालित हो रहा है उसको मुकुन्दपुर में संचालित करवाने की मांग किया। उक्त कार्यक्रम में अशोक पासवान,विवेक गुप्ता, सोनम देवी, काजल देवी,सरिता देवी, उर्मिला देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अपराध: गढ़वा में सक्रिय है चोर, दिनदहाड़े कर रहे है चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी दशरथ चौधरी की पत्नी अनीता देवी गुरूवार को अपने घर से गढ़वा आई थी। अनीता देवी पोस्टऑफिस में पैसा जमा करने के बाद गोविंद स्कूल के पास कुछ सामान की खरीदारी करने लगी। इसी बीच दो महिला चोर ने अनीता के झोला को बलेड से काटकर 3500 रुपए चोरी कर ली। अनीता कुछ सामान की खरीदारी करने के बाद झोला में रखे पैसा निकालने लगी तो देखी की झोला कटा हुआ है। इसके बाद अनीता उक्त महिला को शक के आधार पर पकड़ ली। उसके बाद अनीता ने दो महिला को गढ़वा थाना में लेकर पहुंच गई। इधर महिला चोर अपना नाम संजना कुमारी व रूमिता कुमारी बताई। महिला चोर अपना घर मेदनीनगर बता रही थी।

#### दो लोगों के पैकेट से मोबाइल की चोरी

जबकि दूसरी चोरी की घटना शहर के बाजार समिति गेट पर नाबालिग युवक ने दो लोगों के पैकेट से मोबाइल की चोरी कर ली। धुरकी थाना क्षेत्र के कदवा गांव निवासी अगस्त पासवान बाजार समिति के गेट पर सामान की खरीदारी कर रहे थी। इसी बीच नाबालिग चोर उनके पैकेट से मोबाइल फोन की चोरी कर ली। जबकि उसी जगह से डंडई थाना क्षेत्र के जरही गांव निवासी मनीष कश्यप के पैकेट से उसी युवक ने मोबाइल फोन चोरी कर लिया। उक्त लोगों ने नाबालिग युवक को पकड़ कर थाना को सौंप दिये है। नाबालिग युवक अपना घर साहेबगंज बता रहा है। उक्त लोगों ने बताया कि मोबाइल चोरी करने के बाद युवक मोबाइल फोन किसी को दे दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विकास के दावे को खोखला साबित करता सिलिदाग-धुरकी भाया बुल्का मुख्य सड़क

# सड़क पर गोते लगाती है वाहनें, लोग परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**



**रमना।** -क्षेत्र में एक और जहां विधायक अपनी कार्यों से क्षेत्र में विकास का दावा कर रहे है और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास कर रहे है,वही सिलिदाग झुरहा मोड़ से गम्हारिया बुल्का पंचायत होते हुए धुरकी प्रखंड को जोड़ने वाले मुख्य सड़क का हाल बेहाल है। इस मुख्य सडक से वाहनों का चलना मुश्किल तो है ही पैदल चलना भी कठिन हो हो गया है। यह सड़क गम्हरिया, बुल्का और सिलिदाग पंचायत वासियो का प्रखंड कार्यालय एवं बाजार आने-जाने का मुख्य मार्ग है। इस मार्ग में वर्षो पहले कालिकारण किया गया था जिसमे अब केवल छोटे- बड़े गढ़े और पत्थर ही पत्थर ऊपर हो गये है। यह हाल गत चार पांच वर्षो से है लेकिन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों नें आज तक कोई सुध नहीं ली । आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस भी जल्द नहीं पहुंच सकती जहां जाने में 19-20मिनट लगता था वही आज 40-50 मिनट लग जाता है। गत दिनों क्षेत्रीय विधायक शाही सड़क मरम्मती का उदघाटन करते हुए बोले थे की किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए अच्छी सड़क का होना अति आवश्यक है। फिर इस मुख्य सड़क की बदतर स्थिति के बाद भी कोई आवाज क्यों नहीं उठाते?

#### क्या कहते है स्थानीय निवासी

गम्हारिया निवासी वाहन चालक दीना राम बोले की गाड़ी चलाकर किसी प्रकार जीवन यापन करता हूँ लेकिन खराब सड़क के कारण गाड़ी मंटेनेंस का खर्च बढ़ गया है और आमदनी घट गयी है इसके अलावे सड़क दुर्घटना का भय बना रहता है।

सिलिदाग ग्रामीण गूंजेस कुमार बताये की जर्जर सड़क के कारण सड़क के धूल से घर के सामने सुबह- शाम उठना -बैठना मुश्किल हो गया है ।सांसद, विधायक भी इस क्षेत्र के जन समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं देते, केवल वोट के समय बड़े बड़े वादा करते है।

बुल्का निवासी मुख़्तार अंसारी बताते है की इस सड़क की खराब स्थिति के कारण हमलोगो को सोनेंहरा सड़क से होकर रमना बाजार एवं प्रखंड जाना पड़ता है जिससे अतिरिक्त दुरी तय करना पड़ता है।

#### सर्दी-गर्मी में धूल फांकते चलना पड़ता है: प्रदीप

ग्रामीण प्रदीप कुमार बतातें है की इस सड़क में सर्दी-गर्मी में धूल फाँकते चलना पड़ता है। बरसात में कीचड और गढढ़े में जमा पनियों के बिच छपा-छप करते चलने को हमलोग विवस है, इस सड़क से नेता अधिकारी आते जाते रहते लेकिन उन्हें कोई फर्क नहीं।

जो सडक क्षेत्र के तीन पंचायत और धुरकी प्रखंड को जोड़ता है वही सड़क जनप्रतिनिधियों के उपेक्षा का शिकार है। जिस कारण इस क्षेत्र के विकास अवरुद्ध हो गया है। जिस क्षेत्र के सड़क की स्थिति जर्जर हो उसका विकास संभव नहीं।

# समय पर राशन नहीं देने पर लाभुकों ने किया जमकर हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के ग्रामीण इलाके में गरीबों तक सरकारी अनाज उपलब्ध कराने के लिए महिला समूह व राशन डीलरों को जिम्मेवारी दी गई है, परंतु आश्चर्य की बात तो यह है कि प्रत्येक दिन कहीं न कहीं गरीबों के बीच राशन सामग्री कालाबाजारी में बेच देने की शिकायत मिलती है। ऐसे ही एक मामला गुरुवार को प्रखंड के भवनाथपुर पंचायत के ढिकुलिया गांव में देखने को मिला। गांव के ग्रामीण लाभुकों ने राशन डीलर दशरथ बैठा का जमकर विरोध करते हुई बीडीओ सह एमओ जयपाल महतो को लाभुकों ने आवेदन देकर डीलर दशरथ बैठा पर कार्रवाई की मांग की है । लाभुकों ने बताया कि डीलर दशरथ बैठा हमलोगो का राशन समय पर नहीं देता है। मागने पर डीलर द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है।

#### जांच करते है अगर डीलर दोषी पाया जाता है कार्रवाई होगी : बीडीओ

लाभुकों ने एम ओ से डीलर दशरथ बैठा कि दुकान से नाम हटाकर प्रिया जागृति समूह भवनाथपुर बुका डीलर छोटन मेहता के पास कर दिया जाए। बीडीओ सह एम ओ जयपाल महतो से पूछे जाने पर कहा कि मामले कि जांच करते है अगर डीलर दोषी पाया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी। हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देने वालो में प्रभादेवी, रीना देवी, कौशल्या देवी, फुल कुमारी देवी, हल कनिया देवी, दानो देवी, प्रियंका देवी, देवंती देवी, सुकनी देवी, कमला देवी, चंदा देवी, लालो देवी, सोनू बैठा, गरीबा बैठा,सूर्य बहादुर ठाकुर, राज नारायण ठाकुर, सुरेंद्र सिंह आदि का नाम शामिल है।

## न्यूज गैलरी

### एसीएस का स्थापना दिवस मनाने को लेकर हुई बैठक



**चंदवा।** आदिवासी सांस्कृतिक सामाजिक संगठन लातेहार की बैठक दामर शक्ति खूंटा मैदान सिकनी में राजनाथ उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम समाज को संगठित करने को लेकर चर्चा की गई। संगठन के स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए तैयारी को लेकर कार्यो का बंटवारा किया गया। चंदवा प्रखंड क्षेत्र में प्रचार प्रसार के लिए जितेंद्र सिंह रखांत, किरानी उरांव को लातेहार, के साथ मनिका क्षेत्र में प्रचार प्रसार के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं विनोद उरांव जिला परिषद लातेहार को समाज की ओर से अपने समाज के अधिकारियों से मिलजुल कर दिशानिर्देश प्राप्त करने को कहा गया है। स्थापना दिवस कार्यक्रम में ही सहायक अभियंता पद के लिए नव चयनित आदिवासी युवाओं को सम्मानित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। मौके पर सावित्री उरांव, राजकुमारी उरांव, जयो उरांव, बाबूलाल उरांव, जितेंद्र सिंह, कृष्णा उरांव, जगधात्री उरांव समेत समाज के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने सिमरिया अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, बोले

# लंबित मामलों का अविलंब निष्पादन करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/सिमरिया।** उपायुक्त अबु इमरान ने गुरुवार को अंचल कार्यालय सिमरिया का औचक निरीक्षण करने के साथ प्रखंड मुख्यालय में स्टेडियम के सौंदर्यीकरण कार्य का जायजा भी लिया। अंचल निरीक्षण के क्रम में अंचल कार्यालय की साफ-सफाई, पेयजल की उपलब्धता, पंजियों का संधारण के साथ सभी कर्मियों की ससमय उपस्थिति की उपायुक्त ने जांच की। साथ ही अंचल कार्यालय में लंबे समय से लंबित पड़े आवेदनों की जानकारी लेते हुए सीओ को अविलंब निष्पादन का निर्देश दिया। वहीं ग्रामीणों से मिल कर उनकी समस्याओं को सुनकर तीव्र गति से कार्य निष्पादन करने को लेकर भी निर्देशित किया। इसके उपरांत सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण कर उपायुक्त ने लगाये जा रहे सामग्रियों कि गुणवत्ता की जांच की। साथ ही मौके पर उपस्थित संवेदक को निर्देशित किया कि स्टेडियम में लगाये जा रहे सभी सामग्री गुणवत्तापूर्ण हो और कार्य ससमय शीघ्र पूर्ण करें।



### प्रदर्शनी सह बाल मेला में शामिल हुए उपायुक्त

**सिमरिया(चतरा)।** गुरुवार को सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित सिमरिया-हजारीबाग रोड स्थित श्रीराम कृष्ण परमहंस स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त अबु इमरान शामिल हुए। उपायुक्त का स्कूल प्रबंधक प्रवीण प्रकाश सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। जिसके पश्चात संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा विज्ञान से संबंधित प्रदर्शनी लगाते हुए आगंतुकों को संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। उपायुक्त ने प्रदर्शनी का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए आगे और बेहतर करने की बात कही। कार्यक्रम में एसडीओ सिमरिया सुधीर दास, अंचल अधिकारी छुटेश्वर कुमार दास, जिप सदस्य देवनंदन साहू समेत विद्यालय के सभी शिक्षक व अन्य उपस्थित थे।

# इटखोरी और गिद्धौर में 5 अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी/गिद्धौर(चतरा)।** गुरूवार को जिले के इटखोरी व गिद्धौर थाना क्षेत्र में अवैथ खनन के विरूद्ध जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास के द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। डीएमओ ने इटखोरी में 3 और गिद्धौर में 2 अवैध बालू लदे ट्रेक्टर को जप्त कर अग्रेतर कार्रवाई के लिए लिखित आवेदन के साथ पुलिस को सौंप दिया। वहीं लगातार हो रहे छापेमारी से बालू के अवैध कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गई है। मिली जानकारी के अनुसार इटखोरी थाना क्षेत्र के मुहाने नदी से अवैध खनन कर ढुलाई में लगे तीन ट्रैक्टर को जब्त कर चालक व ट्रैक्टर मालिक के ऊपर डीएमओ ने प्राथमिकी दर्ज कराई। छापेमारी में डीएमओ के साथ थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। वहीं गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुवारी बलबल नदी से अवैध रूप से बालू लदे दो ट्रैक्टर को जिला खनन पदाधिकारी ने जप्त कर थाना को सौंप दिया। जबकि 1 ट्रैक्टर भागने में सफल रहा। डीएमओ ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दुवारी-बलबल नदी से अवैध बालू उत्खन्न कर धड़ल्ले से ढुलाई की जा रही है।सुचाना के आलोक में पुलिस के सहयोग से करवाई की गई। जबकि ट्रैक्टर ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़ भाग गया।

---

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार
समग्रशिक्षा अभियान
समाहरणालय भवन, दूसरी मंजिल, लातेहार
दूरभाष सं० : 06565–248083, ई-मेल : ssalatehar@gmail.com

### आवश्यक सूचना

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लातेहार के पत्रांक 332 दिनांक 12.03.2022 जिसका PR No. 266229 है। के आलोक में कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय में पूर्णकालिक विषयवार शिक्षिकाओं के संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति के संदर्भ में विज्ञापन प्रकाशित की गई थी। अपरिहार्य कारणों से संबंधित विज्ञापन निरस्त किया जाता है।

PR 283271 Human Resource Developement (22-23)_D

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लातेहार

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

पत्रांक 821 गढ़वा/दिनांक 22.11.2022

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण संख्या– WRD/MID/GARHWA/ F2-14/2022-23 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No.- 282609 Minor Irrigation (22-23) D है को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | ई0 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | 13.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | अग्रधन जमा करने की तिथि एवं समय | :– | 14.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 3 | Technical Bid खुलने की तिथि एवं समय | :– | 15.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न |

निविदा को इस हद तक संशोधित करते हुए एवं अति अल्पकालीन निविदा को विलोपित करते हुए निविदा आमंत्रण समझा जाये तथा उक्त निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
PR 283285 Minor Irrigation (22-23)_D लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

पत्रांक 816 गढ़वा/दिनांक 22.11.2022

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण संख्या– WRD/MID/GARHWA/F2-19/2022-23 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No.- 282959 Minor Irrigation (22-23) D है को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | ई0 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | 13.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | अग्रधन जमा करने की तिथि एवं समय | :– | 14.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 3 | Technical Bid खुलने की तिथि एवं समय | :– | 15.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न |

निविदा को इस हद तक संशोधित करते हुए एवं अति अल्पकालीन निविदा को विलोपित करते हुए निविदा आमंत्रण समझा जाये तथा उक्त निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
PR 283287 Minor Irrigation (22-23)_D लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

पत्रांक 817 गढ़वा/दिनांक 22.11.2022

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण संख्या–WRD/MID/GARHWA/F2-20/2022-23 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No.- 282971 Minor Irrigation (22-23) D है को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | ई0 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | 13.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | अग्रधन जमा करने की तिथि एवं समय | :– | 14.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 3 | Technical Bid खुलने की तिथि एवं समय | :– | 15.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न |

निविदा को इस हद तक संशोधित करते हुए एवं अति अल्पकालीन निविदा को विलोपित करते हुए निविदा आमंत्रण समझा जाये तथा उक्त निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।
PR.NO.283286 Minor Irrigation(22-23):D

---

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार
समग्र शिक्षा अभियान
समाहरणालय भवन, दूसरी मंजिल, लातेहार,
दूरभाष सं० : 06565–248083, ई-मेल : ssalatehar@gmail.com

### कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय में शिक्षिकाओं के चयन हेतु आवश्यक सूचना

सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड सरकार के पत्रांक–**GE/08/163/2022-23/2835** दिनांक 03.11.2022 के आलोक में लातेहार जिलान्तर्गत संचालित कुल 06 कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालयों में पूर्णकालिक विषयवार शिक्षिका के रिक्त पदों के विरूद्ध पूर्णतया अस्थायी अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तो के अधीन शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 10.12.2022 के अपराहन 5:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार कार्यालय में आमंत्रित किये जाते है –

| क्र. | पदनाम | रिक्ति | रोस्टर | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC1 | BC2 | SC | ST | Total |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका(महिला)–गणित | 4 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 4 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका(महिला)– विज्ञान | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका(महिला)– शरीरिक षिक्षा | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 |

उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र जिला शिक्षा पदधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी लातेहार के पदनाम से आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिला कार्यालय समग्र शिक्षा लातेहार में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगें। साधारण डाक से भेजें गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

चयन हेतु अहर्ता एवं निर्धारित परिलब्धि :–

| क्र. सं | पदनाम | रिक्ति | वांछित अहर्ता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक गणित शिक्षिका | कुल पद –04 अनारक्षित–02 अनुसूचित जाति–1 अनुसूचित जनजाति–01 | 1. शैक्षणिक अहर्ता :– किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक शिक्षिका यथा क्रमांक 1,2 एवं 3 पर अंकित पदो हेतु आवेदन किया जा रहा हों), में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक की अहर्ता अनिवार्य है, अनुसूचित जाति/जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यार्थियों को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 5 प्रतिषत की छूट दी जाएगी। चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जायेगी। अभ्यर्थी का मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा झारखंड से पास किया होना अनिवार्य होगा। 2. प्रशैक्षणिकअहर्ता :– मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी. एड. अथवा समकक्ष परीक्षा यथा प्रारंभिक षिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा में उत्तीर्णता। शारीरिक शिक्षिका के लिए Bachelor in physical Education/ Degree in Physical Education अनिवार्य होगा। 3. षिक्षक पात्रता परीक्षाः– राष्ट्रीय अध्यापक षिक्षा परिषद द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धांतों के अधीन झारखण्ड सरकार द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 8 के लिए आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (**TET**) में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा शारीरिक शिक्षिका हेतु TET अनिवार्य नहीं है। राज्य सरकार द्वारा TET की वैधता आजीवन मान्य किया गया है। | 1. शिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 15,840/– प्रतिमाह देय होगी। 03 वर्ष की संतोशप्रद सेवा पूर्ण होने पर नियत प्रतिमाह परिलब्धि में 50 प्रतिशत की वृद्धि देय हागी। 2.संविदा विस्तार की स्थिति में 250 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 2 | पूर्णकालिक विज्ञान शिक्षिका | कुल पद –02 अनारक्षित–02 | | |
| 3. | पूर्णकालिकश शरीरिक शिक्षिका | कुल पद –02 अनारक्षित–01 अनुसूचित जाति–01 | | |

**चयन संबंधी दिशा–निदेश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्ते निम्नवत हैं –**

1. चयन हेतु सिर्फ महिला अभ्यर्थी ही योग्य माने जायेंगे। पुरूष अभ्यर्थियों का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. चयनित होने वाले शिक्षिका एवं शिक्षकेतर कर्मी की सेवा अनुबंध के आधार पर प्रथमतया एक वर्ष के लिए ली जाएगी तथा कार्य संतोषप्रद होने की स्थिति में एक–एक वर्ष के लिए अवधि विस्तारित किया जा सकेगा।
3. सभी पदों के चयन में जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर का पालन किया जाएगा।

**आयु सीमा :–**

**I.** चयन हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 तथा अधिकत्तम उम्र 35 वर्ष होगी परंतु उच्चतम उम्र में कार्मिक, प्राशासनिक एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक संख्या–29 दिनांक 04.01.2021 झारखंड सरकार के आलोक में निम्नवत् होगी :–

| Sl.No. | Category | Maximum age limit |
|---|---|---|
| 1 | Unreserved Category | 35 |
| 2 | Female (UR/EWS/BC-1/BC-II) | 38 |
| 3 | Extremely Backward Classes (Annexure-I/ Backward Classes Annexure-II) | 37 |
| 4 | SC/ST (Male and Female) | 40 |
| 5 | Person with bench Mark Disability (PWBD) | A Relaxation of 10 years in their Respective category. |

**II.** अनुभवी महिला **Ex-Servicemen** को अपनी कोटि में 05 वर्ष तक उपरोक्त अधिकत्तम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।
**III.** उम्र की गणना आवेदन करने के वर्ष 01.08.2022 के आधार पर की जायेगी।

4. आवेदन– सिर्फ विहित प्रपत्र में पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि 10.12.2022 के संध्या 5:00 बजे तक संबंधित जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा (**SSA**) लातेहार के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से स्वीकर किए जायेंगे। अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। पता–जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार। समाहरणालय परिसर, लातेहार पिन कोड–829206.
5. प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्ते, अहर्ता, विषयवार एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश झारखण्ड शिक्षा परियोजना लातेहार के अधिकारिक वेबसाईड **www.latehar.nic.in** पर उपलब्ध हैं। चयन से संबंधित सभी दिशा–निदेश उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे तथा अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे समय–समय पर जानकरी हेतु वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे।
6. आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अनुलग्नक :–

**I.** 23x10 से.मी. का स्वःपता लिखा हुआ दो लिफाफा।
**II.** सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा अन्य स्वः अभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छाया प्रति संलग्न की जाए।
**III.** आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र (सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत) स्वःअभिप्रमाणित छाया प्रति।
**IV.** झारखंड राज्य के सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत नियोजन हेतु आवासीय प्रमाण पत्र की स्वःअभिप्रमाणित छाया प्रति।

7. कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है, अतः चयनित अभ्यर्थी को विद्यालय में रहना अनिवार्य होगा।
8. अभ्यर्थियों का चयन संबंधित जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का इस हेतु निर्णय अंतिम माना जाएगा।
9. अपरिहार्य कारणों से चयन प्रक्रिया किसी भी समय स्थगित/रद्द करने का अधिकार राज्य परियोजना निदेशक अथवा उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी समीति, लातेहार को सुरक्षित रहेगा।
10. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से आवेदन के लिफाफा के ऊपर लाल रंग से मोटे अक्षर में आवेदित पद का नाम एवं कोटि अंकित करना होगा। अन्यथा आवेदन अस्वीकार करने की स्थिति में वे स्वयं जवाबदेह होंगे।अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदनों को स्वीकर नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–
जिला कार्यकम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, अभियान, लातेहार।

PR.NO.283311 Human Resource Developement(22-23):D

---

## कार्यालय :– नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
अल्पकालीन निविदा
**(NIT No. - 05/2022-23)**

| | |
|---|---|
| 1. विज्ञापनदाता का नाम | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर। |
| 2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि, स्थान एवं समय | दिनांक 08.12.2022 से 10.12.2022 तक, कार्यालय अवधि में नगर पंचायत, कार्यालय, श्री बंशीधर नगर |
| 3. निविदा प्राप्ती का तिथि, स्थान एवं समय | दिनांक 12.12.2022 के 10.00 बजे पूर्वा0 से 02.00 बजे अप0 तक नगर पंचायत , कार्यालय, श्री बंशीधर नगर |
| 4. निविदा खोलने का तिथि, स्थान एवं समय | दिनांक 12.12.2022 को नगर पंचायत, कार्यालय, श्री बंशीधर नगर में 3.00 बजे अप0 से। |

| क्र0 | वार्ड | कार्य का नाम | मद | प्रा0 राशि | परिमाण विपत्र मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्णता अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Construction of PCC Road from House of Ikbal Ansari to House of Gurmohhamad Ansari | शहरी परिवहन | 375230.00 | 1000.00 | 7500.00 | 2 माह |
| 2 | 1 | Construction of PCC Road from House of Jalil Miyan to House of Sarajuddin Ansari | शहरी परिवहन | 513580.00 | 5000.00 | 10300.00 | 2 माह |
| 3 | 1 | Construction of PCC Road from Mill More to House of Jahid Hussain | शहरी परिवहन | 416730.00 | 1000.00 | 8300.00 | 2 माह |
| 4 | 1 | Construction of PCC Road from House of Neyamat Ansari to Lalan Lal Bhandar | शहरी परिवहन | 900930.00 | 5000.00 | 18000.00 | 2 माह |
| 5 | 3 | Construction of PCC Road from House of Neyauddin Hasmi to House of Aslam Khan | शहरी परिवहन | 651910.00 | 5000.00 | 13000.00 | 2 माह |
| 6 | 4 | Construction of PCC Road from PCC Road to Middle School | शहरी परिवहन | 693410.00 | 5000.00 | 13900.00 | 2 माह |
| 7 | 6 | Construction of PCC Road Quarter D Type (Block Campus) | शहरी परिवहन | 415860.00 | 1000.00 | 8300.00 | 2 माह |
| 8 | 6 | Construction of RCC Drain with Slab from House of Kashi Thakur to Main Road | नागरिक सुविधा | 953384.00 | 5000.00 | 19100.00 | 2 माह |
| 9 | 7 | Construction of Chhat Ghat and Beautification at Kali Mandir | नागरिक सुविधा | 917200.00 | 5000.00 | 18300.00 | 2 माह |
| 10 | 8 | Construction of RCC Drain with Slab from Sanjay Hotel to Chechariya Pull, Main Road | नागरिक सुविधा | 611702.00 | 5000.00 | 12200.00 | 2 माह |
| 11 | 8 | Construction of PCC Road from House of Ramdash Seth to Banki River | शहरी परिवहन | 485900.00 | 1000.00 | 9700.00 | 2 माह |
| 12 | 8 | Construction of RCC Drain Slab from House of Vijay Saw to Late Hira Sao House | नागरिक सुविधा | 573176.00 | 5000.00 | 11500.00 | 2 माह |
| 13 | 9 | Construction of Shamshan Ghat and Boundry Wall | नागरिक सुविधा | 961100.00 | 5000.00 | 19200.00 | 2 माह |
| 14 | 9 | Construction of Mundan Ghat and Boundry Wall | नागरिक सुविधा | 961100.00 | 5000.00 | 19200.00 | 2 माह |
| 15 | 10 | Construction of RCC Drain Slab | नागरिक सुविधा | 573176.00 | 5000.00 | 11500.00 | 2 माह |
| 16 | 10 | Construction of RCC Dran with Slab form House of Badan Ram to Banki River (Puraini) | नागरिक सुविधा | 983977.00 | 5000.00 | 19700.00 | 2 माह |
| 17 | 10 | Construction of PCC Road from House of Sanjay Ram to Samshan Ghat, Puraini | शहरी परिवहन | 347560.00 | 1000.00 | 7000.00 | 2 माह |
| 18 | 10 | Construction of PCC Road from House of Somnath Gupta Guru ji to Banki River | शहरी परिवहन | 942440.00 | 5000.00 | 18800.00 | 2 माह |
| 19 | 10 | Construction of PCC Road from Nandu Saw Well to House of Pintu ram | शहरी परिवहन | 970100.00 | 5000.00 | 19400.00 | 2 माह |
| 20 | 10 | Construction of RCC Drain with Slab from Shiv Mandir to House of Lalman Prasad | नागरिक सुविधा | 983977.00 | 5000.00 | 19700.00 | 2 माह |
| 21 | 11 | Construction of Paver Block Near Mahabir Mandir | शहरी परिवहन | 986600.00 | 5000.00 | 19700.00 | 2 माह |
| 22 | 12 | Construction of RCC Drain with Slab from House of Dilip Yadav to House of Satyendra Saw | नागरिक सुविधा | 982765.00 | 5000.00 | 19700.00 | 2 माह |
| 23 | 12 | Construction of RCC Drain with Slab from House of Ghuchu Chandravanshi to House of Jyoti Lal | नागरिक सुविधा | 990315.00 | 5000.00 | 19800.00 | 2 माह |
| 24 | 12 | Construction of PCC Road from House of Pradip Saw to House of Bachu Guru ji | शहरी परिवहन | 690050.00 | 5000.00 | 13800.00 | 2 माह |
| 25 | 12 | Construction of RCC Drain with Slab from House of Balram Gupta to House of Bhagwan Prasad Jaiswal | नागरिक सुविधा | 990315.00 | 5000.00 | 19800.00 | 2 माह |
| 26 | 13 | Construction of PCC Road from House of Baijnath Mahato to House of Vijay Singh | शहरी परिवहन | 647200.00 | 5000.00 | 12900.00 | 2 माह |
| 27 | 13 | Construction of RCC Drain with slab from House of Kameshwar Chandravanshi to Nathun Ram | नागरिक सुविधा | 722633.00 | 5000.00 | 14500.00 | 2 माह |
| 28 | 13 | Construction of Guardwall and Paver Block in Samshan Ghat | नागरिक सुविधा | 221200.00 | 1000.00 | 4400.00 | 2 माह |
| 29 | 13 | Construction of PCC Road form Land of Arvind prasad to House of Baijnath mahato | शहरी परिवहन | 693410.00 | 5000.00 | 13900.00 | 2 माह |
| 30 | 14 | Construction of PCC Road from House of Chinta kunwar to House of Upendra mahto | शहरी परिवहन | 873260.00 | 5000.00 | 17500.00 | 2 माह |
| 31 | 14 | Construction of Boundry wall at Kabristan | नागरिक सुविधा | 778900.00 | 5000.00 | 15600.00 | 2 माह |
| 32 | 14 | Construction of RCC Drain with slab from House of Abdul Ansari to House of Sakur Miya | नागरिक सुविधा | 426479.00 | 1000.00 | 8500.00 | 2 माह |
| 33 | 14 | Construction of Shed Near Shamshan Ghat | नागरिक सुविधा | 448500.00 | 1000.00 | 9000.00 | 2 माह |
| 34 | 15 | Construction of PCC Road from House of Santu Paswan to Land of Suraj Paswan | शहरी परिवहन | 390280.00 | 1000.00 | 7800.00 | 2 माह |
| 35 | 15 | Construction of PCC Road from House of Shankar Pal to House of Surendra Pal | शहरी परिवहन | 900930.00 | 5000.00 | 18000.00 | 2 माह |
| 36 | 16 | Construction of Guardwall from House of Manik Ram to House of Gariba Mahto | नागरिक सुविधा | 855100.00 | 5000.00 | 17100.00 | 2 माह |
| 37 | 16 | Construction of Guardwall from House of Sanjay Thakur to House of Bideshwari Thakur | नागरिक सुविधा | 552600.00 | 5000.00 | 11100.00 | 2 माह |
| 38 | 16 | Construction of PCC Road from House of Vinay Thakur to House of Batohi ram | शहरी परिवहन | 745560.00 | 5000.00 | 14900.00 | 2 माह |
| 39 | 16 | Construction of Chabutra and Beautification in Campus of Narmdeshwar Temple | नागरिक सुविधा | 557200.00 | 5000.00 | 11100.00 | 2 माह |
| 40 | 17 | Construction of Guardwall from land of Lalbihari to House of Sonu Prakash | नागरिक सुविधा | 217200.00 | 1000.00 | 4300.00 | 2 माह |
| 41 | 17 | Construction of Guardwall bhojpur siwan to House of Shyam Bihari (Part I) | नागरिक सुविधा | 988900.00 | 5000.00 | 19800.00 | 2 माह |
| 42 | 17 | Construction of Guardwall from Bhojpur Siwan to House of Shyam Bihari (Part II) | नागरिक सुविधा | 542100.00 | 5000.00 | 10800.00 | 2 माह |
| 43 | 17 | Construction of Guardwall from Govt Hand Pump to House of Rajkumar Chandravanshi | नागरिक सुविधा | 948300.00 | 5000.00 | 19000.00 | 2 माह |
| 44 | 17 | Construction of Guardwall form Land of Shringar Choubey to House of Ashok Choubey | नागरिक सुविधा | 825500.00 | 5000.00 | 16500.00 | 2 माह |
| 45 | 17 | Construction of Guardwall Land of Shiv kumar ram to House of Rajeshwar choubey | नागरिक सुविधा | 677400.00 | 5000.00 | 13500.00 | 2 माह |

जानकारी के लिये के बेबसाईट www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना–पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।

PR 283339 Urban Development(22-23)D

## न्यूज गैलरी

### कैरो में बिजली चोरी के खिलाफ चलाया गया सघन चेकिंग अभियान



**कैरो/लोहरदगा।** बुधवार को बिजली विभाग के कनीय अभियंता बनारसी राम के अलावा सहायक विधुत अभियंता विधुत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू संतोष कुमार,कनीय सारणी पुरुष विधुत आपूर्ति कुडू कौशल किशोर राम के द्वरा कैरो प्रखण्ड के महुवरी गांव में बिजली चोरी के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान जिन उपभोक्ताओं के घरों की बिजली बकाया बिल जमा नहीं करने पर काट दी गई थी और बिल जमा करने की चेतावनी भी दी गई थी। आरोप है कि इन उपभोक्ताओं ने आज तक बकाया बिल भी जमा नहीं किया और बिना किसी अनुमति के अपने अपने घरों के कनेक्शन जोड़कर चोरी से बिजली का उपयोग कर रहे, बुधवा उरांव पिता महल उरांव,सरोज उरांव पिता स्व भादे उरांव,रतिया उरांव पिता स्व सुकरा उरांव, विश्राम उरांव पिता गोंदल उरांव बसंत उरांव पिता स्व सुकरा उरांव कुल 5 उपभोक्ता पर विधुत अधिनियम के धारा 135 / 137 के तहत गुरुवार को कैरो थाना में मामला दर्ज कराया गया। इस चेकिंग अभियान में लाइनमेन खुर्शीद अंसारी, सूरज गिरी, अजहर खान, कैफ अंसारी, अमजद खान, व थाना के दलबल मौजूद थे।

### अवैध बालू लदे ट्रक मामले में चालक को भेजा गया जेल

**लोहरदगा।** कुडू थाना कांड स. 174/22, धारा 379 भादवि एवं 7/13 झारखंड खनिज (अवैध खनन का निवारण परिवहन एवं भण्डारण) नियमावली 2017 एवं 6/4/54 झारखंड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली 2004.4 एवं 21 खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के प्राथमिकी अभियुक्त कैरो थाना क्षेत्र के हनहट निवासी मोजाहिर अंसारी उम्र 32 वर्ष पिता एहसान अंसारी को पुलिस ने जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि अवैध बालू खनन कर ले जाने की गुप्त सूचना के आधार पर कुडू थाना प्रभारी अविनव कुमार के नेतृत्व में मंगलवार की देर शाम चलाए गए विशेष अभियान में मदरसा हनहट पथ में ककरगढ़ गांव के समीप बालू लदे एक टर्बो ट्रक को जब्त किया गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि अवैध खनन में लिप्त लोगों द्वारा टर्बो ट्रक में बालू लादकर रांची भेजा जा रहा है। जिसपर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चालक सह मालिक मोजाहिर अंसारी और जब्त ट्रक को थाना तक लाया था।

### अवैध बालू का धंधा बदस्तूर जारी, कारोबारी मस्त, आम जनता त्रस्त



**जलडेगा।** प्रखंड मुख्यालय समेत आस पास के क्षेत्रों में पूर्व की तरह अब भी अवैध बालू का धंधा बदस्तूर जारी है। फर्क बस इतना है पहले दिन के उजाले में होता था, अब रात के अंधेरे में होता है। पहले 15 सौ से 2 हजार में बालू बिकता था और आज 3 हजार से 35 सौ लग रहा है। दुसरी ओर प्रशासन पुरी तरह से आंखें बंद किए हुए हैं। जिसके कारण आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। बालू माफिया अपना काम यथावत कर रहे है। जलडेगा के कोने कोने में अवैध बालू स्टाक है। प्रसाशन छापामारी के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रही है।

### दो अज्ञात अपराधियों ने एटीएम कार्ड के हेराफेरी कर 50 हजार रू की निकासी की



**भंडरा /लोहरदगा।** भंडरा एसबीआई बैंक एटीएम में गुरुवार को दो अज्ञात अपराधियों द्वारा एटीएम कार्ड का हेराफेरी कर 50 हजार रुपये का निकासी करने का मामला की सूचना भंडरा थाना को दिया गया। बता दे कि बलसोता सरना टोली निवासी मनता उरांव गुरुवार को 10 : 40 बजे भंडरा एसबीआई एटीएम में पैसा निकासी करने गया था तभी पीछे से दो अज्ञात अपराधियो ने एटीएम कार्ड का फेरबदल कर 50 हजार की निकासी कर फरार हो गए। बतया जा रहा है अज्ञात अपराधी एक ब्लोनो कार से आये थे कार में सवार तीन लोग थे जिसमें दो एटीएम में घुसे हुए थे। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बतया की मामले की जांच पड़ताल की जा रही है अपराधियो का सीसी टीवी से फुटेज निकाला गया है और पहचानने का प्रयास किया जा रहा है।

### नये सत्र में नामांकित विद्यार्थियों का स्वागत सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 28 को



**लोहरदगा।** बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा में दिनांक 28 नवंबर 2022 दिन सोमवार को नए सत्र में नामांकित विद्यार्थियों का स्वागत सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बहुउद्देशीय भवन में होगा। इस पर विद्यार्थियों ने प्राचार्य को आवेदन देकर अनुमति लिया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाएं, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहेंगे। इस कार्यक्रम की सफलता हेतु महाविद्यालय के वर्तमान विद्यार्थी विनय उरांव ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि उक्त तिथि को इस कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राएं शामिल हों (नए सत्र में नामांकित सभी विद्यार्थी गण इस कार्यक्रम में अवश्य शामिल हो) यह कार्यक्रम 10 :30 से शुरू होगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से नए सत्र के विद्यार्थियों को शिक्षकों से परिचय होने का मौका मिलेगा साथी ही महाविद्यालय के अनुशासन की विषय में शिक्षकों के द्वारा जानकारियां दी जाएगी।

---

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में उपायुक्त आर. रॉनीटा ने कहा-

# जिलें में संचालित योजनाओं की धरातल पर सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास से संबंधित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन हुआ उपायुक्त ने समन्वय समिति कि बैठक में स्वास्थ्य, कल्याण, वन प्रमंडल, परियोजना निदेशक आईटीडीए, पंचायती राज, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, शिक्षा विभाग, विद्युत प्रमंडल, जिला समाज कल्याण विभाग, खेल विभाग, उद्योग, भूमि संरक्षण, भूमि सुधार, भू-अर्जन, ग्रामीण विकास विभाग, पथ प्रमंडल, भवन प्रमंडल, समाजिक सुरक्षा, पशुपालन विभाग, सहित अन्य विभाग कि विस्तृत समीक्षा कर, संचालित कार्य योजनाओं की धरातल पर सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने कि दिशा में आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में एमटीसी में प्रति माह चयन बच्चों का शत-प्रतिशत उपाचार करने का निर्देश दिया। आईटीडीए, एवं कल्याण विभाग के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 अन्तर्गत प्री मैट्रिक छात्रवृति से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को जिले के प्रत्येक विद्यालय का भ्रमण करते हुए शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं का ई-कल्याण पोर्टल पर डाटा अपलोड करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना हेतु प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। उन्होंने आवेदनों का सत्यापन करते हुए सभी सुयोग्य लाभूकों को लाभ मुहैया कराने का निर्देश दिया। वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत लाभूकों को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन पट्टा वितरण संबंधी अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा कर पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की समीक्षा कर कार्यपालक अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कॉर्डिनेटर के साथ स्थल का भ्रमण कर कार्यों की गुणवत्ता का जांच करें। जिन प्रखंडों से हर घर नल से जल योजना के तहत प्राप्त शिकायतों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। तथा जिन-जिन प्रखंडों में हर चर नल से जल योजना के तहत कार्य किया जा रहा है जिसका सभी प्रखंड पदाधिकारी को गांव-गांव तक पहुंच, कार्यों की गुणवत्ता का जांच कर अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। साथ ही हर घर को नल से जल योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी समीक्षा करें। शिक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रति माह कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। सभी सरकारी विद्यालय के बच्चों का शत-प्रतिशत पोशाक वितरण कराते हुए नया ड्रेस में स्कूल आएं इसे सुनिश्चित कराने की बात कहीं। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के छात्राओं का ससमय शत-प्रतिशत सबित्रीवाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से आच्छादित कराने की बात कहीं। जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा कर उन्होंने सभी अंचलाधिकारी को पोर्टल पर लंबित आवेदनों का ससमय निष्पादन कराने की बात कहीं। तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक से आवेदन प्राप्त कर ससमय बच्चों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की दिशा में आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा के क्रम में पीएम किसान के तहत लंबित ई-के०वाई०सी० से संबंधित कार्य को ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत सभी प्रखंडों को दिए गये निर्धारित लक्ष्य के अनूरूप कार्यों को ससमय शत-प्रतिशत पूर्ण कराने की बात कही। इसके अलावे उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, आईटीडीए निदेशक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी, भू-अर्जन पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, उप निवार्चन पदाधिकारी सहित जिला स्तरीय सभी विभागीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य कर्मीगण उपस्थित थे।

### महिलाओं पर जुल्म, अत्याचार बंद करो के नारों से गुंजा शहर

## महिलाओं पर अत्याचार बंद हो : सामाजिक विचार मंच





**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** पिछले दो दिनों पूर्व खखपरता गांव के झालो टोंगरी खेत में अज्ञात युवती की हत्या कर शव को जलाने का प्रयास किया गया। इस घटना के विरोध में सामाजिक विचार मंच ने पुरानी नगरपालिका से लेकर पावरगंज चौक सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति तक कैंडल मार्च निकाला एवं हत्यारों को की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। राज्य में बढ़ रहे महिलाओं पर अत्याचार को रोका जाए ,पुलिस को अपने सूचना तंत्र को और मजबूत करते हुए इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाना चाहिए. वार्ड पार्षद कमला देवी एवं अविनाश कौर ने कहा कि इस तरह की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और प्रशासन को अविलंब इस पर कार्रवाई करते हुए हत्यारों की गिरफ्तारी होनी चाहिए। वहीं वार्ड पार्षद सुगो देवी ने कहा कि आज महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है यह समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। कैंडल मार्च में मुख्य रूप से सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह, संदीप भगत, सागर वर्मा, पंकज टोप्पो,वार्ड पार्षद अविनाश कौर , सुगो देवी, कमला देवी एवं मंच की ओर से सत्येंद्र शर्मा, चंदन सिंह रंजन सिंह, राजू यादव, संतोष क्रेकेटा,बरज सिंह, विनोद सिंह मनोज गुप्ता, राजेश शर्मा, संजीव शर्मा, एन कुजूर, अमृता कौर, पिंकी देवी, ललिता उराव, संतोष गुप्ता, कुलदीप ऊरांव, रोहित कुमार, रोहित कुमार, कमलेश कुमार, कमलेश कुमार, शंकर साहू, सोहन साहू, गुड्डू गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे कैंडल मार्च के दौरान लोगों ने अपने हाथों में तख्तियां व बैनर पकड़ रखे थे जिस पर लिखा था। मुझे न्याय चाहिए और लोग नारे भी लगा रहे थे कि हत्यारों की गिरफ्तारी शीघ्र हो, महिलाओं को न्याय देना होगा एवं महिलाओं पर जुल्म, अत्याचार बंद करो आदि नारे लग रहे थे।

### ऑटो को टैक्सी स्टैंड में ही खड़ा करें चालकः अरशद

**सिमडेगा।** टैक्सी स्टैंड के संवेदक मो अरशद खान ने सभी ऑटो चालको से ऑटो को स्टैंड में खड़ा करने की अपील की है। उन्होने कहा कि कोई भी ऑटो चालक जहां तहां ऑटो खड़ा नहीं करें। उन्होने कहा कि विशेषकर कचहरी रोड में सड़क के किनारे ऑटो खड़ा कर देने से आने जाने वाले लोगो को काफी परेशानी होती है। उन्होने कहा कि कचहरी रोड में ऑटो खड़ा कर देने से हमेशा दुर्घटना होते रहती है। दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए उन्होने सभी ऑटो चालको से टैक्सी स्टैंड में ही ऑटो खड़ा करने की अपील की है। इधर बुधवार को टाउन थाना की पुलिस ने भी कचहरी रोड के किनारे ऑटो खड़ा करने वालो को हिदायत देते हुए ऑटो को स्टैंड के अंदर खड़ा करने की बात कही है। पकड़े जाने पर कार्रवाई करने का संकेत भी पुलिस पदाधिकारियों ने दिया है।

### बोलबा प्रखंड के समसेरा मोड़ के पास चला वाहन चेकिंग अभियान



**बोलवा।** बोलबा प्रखंड के सनसेरा मोड़ के पास बोलबा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चेकिंग किया गया। इस मौके पर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चालक के हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, रजिट्रेशन पेपर, इन्सुरेंस पेपर आदि जांच किया गया। इस मौके पर सभी कागजात या हेलमेट नहीं रहने पर हिदायद देकर छोड़ा गया और कहा गया कि अगली बार सभी कागजात एवं हेलमेट लगाकर चलें। इस मौके पर एएसआई बी.के. सिंह एवं पुलिस बल मौजूद थे।

## बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में नई शिक्षा नीति कारगर साबित : डीएसई



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारत सरकार द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्पोर्ट्स एंड फिजिकल एजुकेशन के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा सभी सरकारी विद्यालयों मे अध्यनरत अध्ययनरत छात्र-छात्राओं हेतु खेलकूद प्रतियोगिता, 'खेलो झारखंड' किक फॉर झारखंड का आयोजन जिला स्तरीय संत स्तनीस्लास उच्च विद्यालय पतरा टोली मे किया गया। इसके पूर्व विद्यालय और प्रखंड स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता किया जा चूका था जहां के चयनित छात्र जिला एवं राज्य स्तर पर खेलो झारखंड के तहत खेलेंगे। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पाल चौधरी ने कहा की बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए नई शिक्षा नीति के तहत छिपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए गांव-गांव टोला टोला के सरकारी स्कूलों के बच्चों को आगे बढ़ाने का सार्थक और सफल प्रयास है। ऐसे भी झारखंड की धरती खेल के लिए सदैव देश का मान और गौरव बढ़ायी है। इस अवसर पर जिला ओलिंपिक एसोसिएशन द्वारा महत्वपूर्ण सहयोग दिया गया है। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पाल चौधरी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अम्बुज पांडेय, मंच संचालन अशोक कुमार पांडेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे जिले के शारीरिक शिक्षक,शिक्षक गण, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी कर्मियों के सहयोग से कुल 66 प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### लोहरदगा के सभी प्रखंडों में ग्रामवार कैंप का होगा आयोजन

# सूखाग्रस्त घोषित होने के बाद किसानों से आवेदन लेने की प्रक्रिया होगी शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के अधिसूचना संख्या 1291, दिनांक 31.10.2022 के माध्यम से लोहरदगा जिला के सभी प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है। उक्त क्रम में दिनांक 30.11.2022 तक ग्रामवार कैम्प का आयोजन करते हुए किसानों से आवेदन सृजित किया जाना है। इस अभियान के जिला स्तर पर जिला कृषि पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी नामित किये गये हैं। अंचल स्तर पर अंचल अधिकारी नोडल पदाधिकारी होंगे। उक्त आलोक में लोहरदगा जिला के सभी प्रखंडों में ग्रामवार कैम्प का आयोजन करते हुए किसानों से आवेदन प्राप्त करने हेतु ग्रामवार नोडल पदाधिकारी एवं राजस्व उपनिरीक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है। उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में सरकार के स्तर से संसूचित निम्न निदेश प्रेषित किये जाते हैं। राज्य आपदा मोचन निधि से सुखाड़ प्रभावित प्रत्येक परिवार को तत्काल राहत हेतु 3,500 (तीन हजार पांच सौ) रुपये अनुग्राहिक राहत राशि उपलब्ध करायी जायेगी। सुखाड़ से प्रभावित निम्न परिवारों को तत्काल राहत हेतु 3,500 (तीन हजार पांच सौ) रुपए अनुग्राहिक राहत की राशि दी जायेगी। सुखाड़ से प्रभावित वैसे कृषक, जो जीविकोपार्जन हेतु मुख्यतः कृषि पर निर्भर हैं तथा जिनके द्वारा वर्ष 2022 की खरीफ में बुआई नहीं की गई हो, परंतु पारंपरिक रूप से पूर्व में ऐसे कृषक बुआई का कार्य करते रहे हों। सुखाड़ से प्रभावित कृषक, जो जीविकोपार्जन हेतु मुख्यतः कृषि पर निर्भर है तथा जिनकी फसल 33 प्रतिशत से अधिक क्षति हुई हो। भूमिहीन कृष मजदूर जिनकी कृषि आधारित आजीविका का साधन सुखाड़ से प्रभावित हुआ हो।

#### विभिन्न प्रखंडों में आज व कल लगेगा कैंप

**आज कैरो** अंचल में - हनहट, नगड़ा और चरिमा, भंडरा अंचल में - भीठा, धोबाली, कचमची, मकुन्दा, नगड़ी और तेतरपोका, पेशरार अंचल में- चन्दलगी, बुलबुल और होन्हे, किस्को अंचल में - तेतरडांड, लावांगाई, खड़िया, कसियाडीह, तिसीया, बड़चारगाई और बगड़ू, सेन्हा अंचल में - दतरी, झालजमीरा, चन्दकोपा, चमरू, मेंतगढ़ा, झाखर, कण्डरा, भड़गांव, कुन्दगड़ी, सेन्हा, डांडू, एकागुड़ी, ईचरी,सेरेगहातु, सिठियों, जोगना, अर्रू, चाउ, चुरकु, बंसरी और मुरकीतोडार और कल कैरो अंचल में - एड़ादोन, गुड़ी और पचागाई, भण्डरा अंचल में - अमादरी, धनामुंजी, गडरपो, पलमी, पोड़हा, सेमरा और तिलसिमरी, पेशरार अंचल में - केकरांग, रोरद और कौवाडार, किस्को अंचल में -महुगांव, हेसापिढ़ी, लावादांग, बिटलौंग और बानपुर, सेन्हा अंचल में - घाटा, आराहासा, जमीरा, बुटी, ढोका, सेन्हा, एकागुड़ी, चितरी, टेंगरीया, मेढों, चटकपुर, तोडार, कल्हेपाट, चन्दवा, हेसवे और मुरकी में आयोजित किया गया है।

### डीसी ने ईवीएम वज्रगृह का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा ईवीएम वज्रगृह, 72-लोहरदगा (अ0ज0जा0) विधानसभा क्षेत्र, लोहरदगा) का मासिक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम एवं निर्वाचन कार्यालय, लोहरदगा के कर्मी उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

पत्रांक 814गढ़वा/ **शुद्धि-पत्र** दिनांक 22.11.2022

इस कार्यालय के अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण संख्या–WRD/MID/GARHWA /F2-17/2022-23 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No.- 282953 Minor Irrigation (22-23) D है को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | ई0 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | 13.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | अग्रधन जमा करने की तिथि एवं समय | :– | 14.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 3 | Technical Bid खुलने की तिथि एवं समय | :– | 15.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न |

निविदा को इस हद तक संशोधित करते हुए एवं अति अल्पकालीन निविदा को विलोपित करते हुए निविदा आमंत्रण समझा जाये तथा उक्त निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
PR 283289 Minor Irrigation(22-23)#D लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।**

पत्रांक 815 गढ़वा/दिनांक 22.11.2022

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण संख्या–WRD/MID/GARHWA/ F2-18/2022-23 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No.- 282956 Minor Irrigation (22-23) D है को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | ई0 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | 13.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | अग्रधन जमा करने की तिथि एवं समय | :– | 14.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 3 | Technical Bid खुलने की तिथि एवं समय | :– | 15.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न |

निविदा को इस हद तक संशोधित करते हुए एवं अति अल्पकालीन निविदा को विलोपित करते हुए निविदा आमंत्रण समझा जाये तथा उक्त निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
PR 283288 (Minor Irrigation) 22-23 (D) लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

**OFFICE OF THE**
**MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION**
**Very shot Tender**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) ENGAGEMENT OF OPERATOR FOR OPERATION, MANAGEMENT AND MAINTENANCE OF 04 PINK CITY BUSES TO BE PROCURED UNDER "SHAHRI PARIVAHAN SCHEME" FOR MEDININAGAR CITY |
| 2 | Tender Fee (Demand Draft) | 10,000/- (Demand Draft) |
| 3 | Earnest Money (Demand Draft) | 50,000/- (Demand Draft) |
| 4 | Performance Security Amount (Bank Guarantee) | 50,000 Per Bus (Bank Guarantee) |
| 5 | Date Of Publication Of REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) | 25/11/2022 AT 10:00 AM |
| 6 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | 01/12/2022 12.00 PM to 01:00 PM |
| 7 | Date Of Bid Opening | 01/12/2022 AT 02:00 PM |
| 8 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 9 | Contact No. Of Procurement Officer | 9771945902 |
| 10 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9771945902 |

Sd/-
Dy. Municipal Commissioner,
PR.NO.283346 District(22-23):D Medininagar Municipal Corporation

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

पत्रांक 820गढ़वा/दिनांक 22.11.2022

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण संख्या–WRD/MID/ GARHWA/ F2-15/2022-23 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No.- 282631 Minor Irrigation (22-23) D है को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | ई0 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | 13.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | अग्रधन जमा करने की तिथि एवं समय | :– | 14.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 3 | Technical Bid खुलने की तिथि एवं समय | :– | 15.12.2022, 03:00 बजे अपराह्न |

निविदा को इस हद तक संशोधित करते हुए एवं अति अल्पकालीन निविदा को विलोपित करते हुए निविदा आमंत्रण समझा जाये तथा उक्त निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
PR283291 (Minor Irrigation)22-23*D लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

सम्पादक की कलम से...

## बहुविवाह और निकाह-हलाला पर पाबंदी की मांग

सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिमों में प्रचलित बहुविवाह और निकाह-हलाला के मामलों पर विचार के लिए संविधान पीठ बनाने की सहमति दे दी है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा है कि वह इन प्रथाओं को चुनौती देनेवाली याचिका पर विचार के लिए नयी संविधान पीठ बनायेगी। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि नयी पीठ इन मामलों की सुनवाई करेगी। यह निर्देश वरिष्ठ वकील अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर दिया गया। उपाध्याय ने याचिका का चीफ जस्टिस की पीठ के समक्ष उल्लेख किया था। याचिका में मुस्लिमों की बहुविवाह और हलाला प्रथा को प्रतिबंधित करने की मांग की गयी है। उपाध्याय ने पीठ से कहा कि दो न्यायाधीश जस्टिस इंदिरा बनर्जी और जस्टिस हेमंत गुप्ता सेवानिवृत्त हो चुके हैं और नयी पीठ बनायी जानी है। इससे पूर्व पांच जजों- जस्टिस इंदिरा बनर्जी, हेमंत गुप्ता, सूर्यकांत, एमएम सुंदरेश और सुधांशु धुलिया की पीठ मामले की सुनवाई कर रही थी। याचिका में मांग की गयी है कि मुस्लिमों में प्रचलित बहुविवाह प्रथा और निकाह हलाला को प्रतिबंधित किया जाये। ये अवैध व असंवैधानिक हैं। याचिका में कहा गया है कि निकाह-हलाला की प्रथा में एक तलाकशुदा महिला को पहले किसी और से शादी करना होती है। इसके बाद मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत अपने पहले पति से फिर शादी करने के लिए तलाक लेना पड़ता है। दूसरी ओर, बहुविवाह एक ही समय में एक से अधिक पत्नी या पति होने की प्रथा है। बता दें कि इससे पहले शीर्ष कोर्ट तीन तलाक की प्रथा को अवैध करार दे चुकी है। इसके बाद केंद्र सरकार ने तीन तलाक को गैर कानूनी घोषित करते हुए ऐसा करने पर सख्त सजा का प्रावधान कर दिया है। आपको बता दें कि हलाला के तहत तलाकशुदा महिला को अपने पति के साथ दोबारा शादी करने के लिए पहले किसी दूसरे पुरुष से शादी करनी होती है। दूसरे पति जब तलाक देगा तभी वह महिला अपने पहले पति से निकाह कर सकती है, जबकि बहुविवाह नियम मुस्लिम पुरुष को चार पत्नी रखने की इजाजत देता है।

## आज का इतिहास

**1901 :** भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, विद्वान और न्यायविद महादेव गोविन्द रानाडे का निधन।
**1938 :** प्रख्यात बंगाली साहित्यकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का निधन।
**1995 :** जापान में 7.2 तीव्रता के भूकंप में 5,372 लोगों की मौत।
**1989 :** सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए दो साल के मानव अभियान की योजना की घोषणा की।
**2003 :** भारतीय मूल की कल्पना चावला दूसरी अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना।
**2006 :** समाजवादी नेता माइकल बैशलेट चिली की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं।
**2013 :** इराक में सिलसिलेवार बम धमाकों में 33 लोगों की मौत।
**1556 :** स्पेन के सम्राट कैरेल ने अपने पुत्र फिलीप द्वितीय को अपना उत्तराधिकारी चुना।
**1581 :** ब्रिटेन में संसद ने रोमन कैथलिक ईसाइयों के खिलाफ कानून पारित किया।
**1681 :** महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी का भव्य राज्याभिषेक हुआ।
**1769 :** कलकत्ता (अब कोलकाता) के अकरा में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया।
**1943 :** इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला।
**1947 :** विंसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।
**1955 :** पुणे में खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का औपचारिक रूप से उद्घाटन।
**1966 :** भारत के शिक्षाविद एवं स्वतंत्रता सेनानी साधु वासवानी का निधन।
**1989 :** मलयालम सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक प्रेम नजीर (मूल नाम अब्दुल खादिर) का निधन। इनके नाम सबसे अधिक 600 फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाने का विश्व रिकार्ड है।

# भारत की बात क्यों सुन रही है दुनिया

> पश्चिमी देश चाहते थे कि जी-20 यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस की आलोचना करें, लेकिन भारत ने ब्राजील, मेक्सिको, सऊदी अरब और सिंगापुर जैसे देशों के साथ मिलकर पक्का किया कि बयान में राजनीतिक के बजाय आर्थिक मुद्दों को प्रमुखता दी जाए। इतना ही नहीं, उसने बयान पर रूस की भी सहमति हासिल की। स्वतंत्र विदेश नीति : भारत इसलिए ऐसा कर पाया क्योंकि यूक्रेन युद्ध के दौरान उसने स्वतंत्र विदेश नीति अपनाए रखी है। पश्चिमी देशों के रुख में भारत के नजरिये को स्वीकार्यता खासतौर पर एससीओ समिट के बाद मिली।

इस साल फरवरी के आखिरी हफ्ते में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से हाल ही खत्म हुई जी-20 बैठक के बीच भारत की वैश्विक मंच पर हैसियत बढ़ी है। इसकी बड़ी वजह यूक्रेन युद्ध में तटस्थ रुख और वैश्विक मंचों पर भारत का विकासशील-गरीब देशों की आवाज बनना है। देश की बढ़ती आर्थिक हैसियत का भी इसमें अहम रोल है। इसी साल भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी इकॉनमी बना है और इस दशक के खत्म होने से पहले वह अमेरिका और चीन के बाद तीसरी आर्थिक ताकत बन सकता है। हाल ही में खत्म हुई जी-20 बैठक के साझे बयान (कम्यूनीक) से भी भारत के बड़ते कद की बात साबित होती है। **सबको साथ लेकर चला भारत :** भारत ने जी-20 मीटिंग में सदस्य देशों के बीच आम सहमति बनाने में अहम रोल अदा किया। मीटिंग में भारत विकासशील देशों और उभरते हुए देशों (इमर्जिंग मार्केट्स) के साथ मिलकर जी-20 के साझे बयान का मसौदा तैयार किया। इसकी प्रस्तावना और साझे बयान को अंतिम रूप देने में भी उसकी भूमिका रही। साझे बयान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन अहम बातों को सदस्य देश जगह देने पर राजी हुए। इनमें यूक्रेन युद्ध में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की चेतावनी को खारिज करना, कूटनीति और बातचीत से शांति कायम करना शामिल हैं। कुछ महीने पहले हुए शंघाई को-ऑपरेशन समिट (एससीओ) में पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन से कहा था, 'यह युद्ध का युग नहीं है।' इसे भी जी-20 में माना गया। पश्चिमी देश चाहते थे कि जी-20 यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस की आलोचना करें, लेकिन भारत ने ब्राजील, मेक्सिको, सऊदी अरब और सिंगापुर जैसे देशों के साथ मिलकर पक्का किया कि बयान में राजनीतिक के बजाय आर्थिक मुद्दों को प्रमुखता दी जाए। इतना ही नहीं, उसने बयान पर रूस की भी सहमति हासिल की। **स्वतंत्र विदेश नीति :** भारत इसलिए ऐसा कर पाया क्योंकि यूक्रेन युद्ध के दौरान उसने स्वतंत्र विदेश नीति अपनाए रखी है। पश्चिमी देशों के रुख में भारत के नजरिये को स्वीकार्यता खासतौर पर एससीओ समिट के बाद मिली। इस सम्मेलन में पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पूतिन से कहा था, 'यह युद्ध का युग नहीं है।' इसे लेकर जानकारों की ओर से कहा गया कि जो बात पूतिन से कही जानी चाहिए थी, वह मोदी ने आखिरकार कह ही दी। लेकिन क्या यह मत सही है? सच पूछिये तो मोदी ने जो बात कही, इस नजरिये में उसका पूरा सच शामिल नहीं है। पहली बात तो यह है कि यूक्रेन युद्ध की शुरूआत से ही मोदी हिंसा रोकने की अपील कर रहे हैं। दूसरी बात यह है कि प्रधानमंत्री और भारत के दूसरे उच्चाधिकारी लगातार यह कहते आए हैं कि इस भू-राजनीतिक संकट में हम वही करेंगे, जो राष्ट्रहित में होगा। यही वजह है कि भारत पश्चिमी देशों के रूस पर लगाये आर्थिक प्रतिबंधों से दूर रहा। यह सही फैसला था क्योंकि यूरोप ने भी रूस से तेल और गैस खरीदना बंद नहीं किया और इसे आर्थिक प्रतिबंधों से अलग रखा। **पूतिन ने की मोदी की तारीफ :** 'यह युद्ध का युग नहीं है' वाले बयान के बाद पश्चिमी देशों के मीडिया ने इसे इस तरह से पेश किया, जैसे भारत ने रूस को लेकर रुख बदल दिया है। लेकिन यह गलत सोच थी। मोदी ने पूतिन से यह बात इसलिए कही क्योंकि युद्ध की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। वह यूक्रेन युद्ध के कारण खड़े हुए खाद्य और तेल-गैस संकट की ओर ध्यान दिलाना चाहते थे, जिससे श्रीलंका दिवालिया हो गया और बांग्लादेश-नेपाल-पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों के साथ बड़ी संख्या में विकासशील और गरीब देश जबरदस्त संकट का सामना कर रहे हैं। पूतिन को भी पता है कि मोदी के कहने का मतलब वह नहीं, जो पश्चिमी देश और उनका मीडिया निकाल रहा है। इसलिए एससीओ समिट में पूतिन ने पीएम मोदी की इस राय को तवज्जो दी। उन्होंने दुनिया को यकीन दिलाया कि भारत के साथ उनके संबंध पहले की तरह ही हैं। हाल ही में रूस की सबसे बड़ी पॉलिटिकल कॉन्फ्रेंस वल्दाई फोरम में भी पूतिन ने भारत का जिक्र किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को एक बड़ा देशभक्त बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने बड़ी तरक्की की है और भारत के साथ रूस के गहरे संबंध हैं, जिसे आगे बढ़ाने की कोशिश होनी चाहिए।

■ मृत्युंजय राय

# उम्मीद ही न बचे तो कैसे जिये कोई?

सवाल यह है कि जब उम्मीदों के दीये एक-एक कर बुझते चले जा रहे हों और नये दीये जलने की कोई उम्मीद नजर न आ रही हो तब आदमी क्या करे। आखिर जिंदगी तो उम्मीदों के ही सहारे चलती है। उम्मीद ही न बचे तो कैसे जिये कोई? सवाल उनका भले न हो, लेकिन उन्हीं की स्थितियों को देखकर उपजा है। उपजा भी उन्हीं लोगों के मन में, जो उनके आसपास रहे हैं, इस बात को समझते हैं कि किसी बड़े मकसद के लिए एक झटके में जान दे देना बहुत बड़ी बात नहीं है। पल-पल छीजते जाना, अभावों का अंतहीन सिलसिला झेलते रहना, जिंदगी की अनिवार्य जरूरतों के लिए दूसरों का मुंहताज बने रहना, अपनों को शर्मिंदा होते देखना एक झटके में मर जाने से कहीं ज्यादा मुश्किल है। वह भी तब, जब आप में अच्छा कमाने और ढंग से जीने की पूरी काबिलियत हो। आपने अपनी इच्छा से वह सब छोड़ा हो, किसी बड़ी उम्मीद की रोशनी में। आप कह सकते हैं कि वह जमाना और था, पर उसी जमाने में वह कॉलेज और यूनिवर्सिटी में पढ़ते हुए एक लोकप्रिय छात्र नेता के रूप में उभर आये थे। लोकप्रियता के पीछे वैकल्पिक दुनिया और बेहतर समाज का सपना था जिसे वह विश्वसनीय ढंग से पेश करने का हुनर जानते थे। पर इसी लोकप्रियता का परिणाम यह हुआ कि वह खुद भी इस सपने की सचाई में यकीन करने लगे। उन्हें लगने लगा कि अगर ढंग से कोशिश की जाए तो यह सपना सच हो सकता है। इसी यकीन का नतीजा था कि जब पिता इस बात पर जोर देने लगे कि आईएएस नहीं बनना चाहते न सही, कम से कम बैंक पीओ की परीक्षा में तो बैठ जाओ तो सीधे इनकार कर दिया। और, बेटे को सही राह पर लाने की गरज से पिता ने संपत्ति से बेदखल करने की धमकी दी तो कह दिया कि आप रखिये अपनी संपत्ति। उससे एक फूटी कौड़ी भी मुझे नहीं चाहिए। लेकिन सरकारी नौकरी और साहबी न सही, आजीविका के लिए कुछ तो करना था। सो, लॉ करके प्रैक्टिस शुरू की अपने शहर में और वहां के नामी वकील कहलाने लगे। धीरे-धीरे प्रैक्टिस इतनी अच्छी जमी कि समय कम पडने लगा। सपने में जो यकीन था वह फिर आड़े आया। नतीजा यह कि एक दिन जमी जमाई प्रैक्टिस भी छोड़ दी, कि इससे तो भला बुरा जो होना है एक ही परिवार का होगा। वहां तो करोड़ो परिवारों के भले-बुरे का सवाल है। उस फैसले ने कुछ दिन तो वाहवाही दिलाई, पर जमाना तेजी से बदलता गया। साथ के लोग भी छिटकते गये और सपना दिनोदिन धुंधला ही पड़ता जा रहा है। गजब यह कि शिकायत उनके लब पर फिर भी नहीं है। पता नहीं यह प्रतिकूलता को पचाने की उनकी ताकत है या नजर ही ऐसी है जो तूफानों के पार भी कहीं उम्मीद की टिमटिमाती लौ देख पा रही है। **ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

■ प्रणव प्रियदर्शी

# मुक्त व्यापार समझौते की चुनौती

ब्रिटेन में विभिन्न स्तरों पर नई परियोजनाएं शुरू करने के मामले में भारत अग्रणी देशों में शुमार है। भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते से आयात और निर्यात प्रवाह में वृद्धि, निवेश प्रवाह में वृद्धि, संसाधनों के अधिक कुशल आबंटन से उत्पादकता में वृद्धि और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए अधिक खुलेपन से आर्थिक विकास एवं समृद्धि में वृद्धि होने की उम्मीद है। इस समझौते से 2035 तक दोनों देशों के बीच सालाना कारोबार आईस अरब पाउंड तक बढ़ जायेगा। उदारवादी पूंजीवादी देश ब्रिटेन की भारत के साथ सहयोग को उच्च स्तर पर ले जाने और उसका पसंदीदा भागीदार बनने की कोशिशें अब साकार हो सकती हैं। हाल में समूह बीस (जी-20) की शिखर बैठक के दौरान ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात के बाद इस बात की संभावनाएं बढ़ गई हैं कि निकट भविष्य में दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता अस्तित्व में आ जायेगा। दरअसल, बाली में जी-20 सम्मेलन के दौरान ऋषि सुनक ने तीन हजार भारतीयों को वीजा देने की घोषणा कर अपने सकारात्मक इरादे जाहिर कर यह संदेश देने की कोशिश की कि उनकी अर्थव्यवस्था को ब्रेक्जिट के बाद मिले झटकों से उबारने के लिए भारत एक महत्त्वपूर्ण सहयोगी बनने जा रहा है। यूरोप से दूर अपने आर्थिक भविष्य को तलाशने की ब्रिटिश कोशिशों को 2010 में ही साफ करते हुए ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री डेविड केमरून ने कहा था कि भारत और ब्रिटेन के संबंध पसंदीदा भागीदारी वाले होने चाहिए। इसके पहले 2005 में दोनों के बीच निवेश को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त आर्थिक और व्यापारिक फोरम की स्थापना हो चुकी थी। लेकिन वीजा नियमों, भारतीय समुदाय पर होने वाले नस्लीय हमलों और कश्मीर जैसे मुद्दों को लेकर ब्रिटेन की राजनीतिक नीतियों में दोहरापन समस्याओं को बढ़ाता रहा। भारत के आंतरिक मामलों पर भी लेबर पार्टी का दृष्टिकोण नकारात्मक ही रहा। इन सबके साथ पिछले कुछ वर्षों में ब्रिटिश राजनीतिक घटनाक्रम और अस्थिरता भी दोनों देशों के बीच रिश्तों में गर्माहट न आने का एक प्रमुख कारण रही। पर अब परिस्थितियां बदली हैं। भारत और ब्रिटेन के रिश्ते पहले से अधिक मजबूत और प्रभावी बनने की ओर अग्रसर होते दिखाई दे रहे हैं। ब्रिटेन सहित यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्थाएं जहां सिकुड़ रही हैं, वहीं भारत की अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत ने अपनी विकास दर की रफ्तार को बनाये रखा है। इस समय ब्रिटिश अर्थव्यवस्था अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। अमेरिकी डालर के मुकाबले ब्रिटिश पाउंड की कीमत निचले स्तर पर है। सरकार की नई कर नीतियों से ब्रिटेन पर कर्ज बढ़ता जा रहा है, जो पहले ही बहुत है। महंगाई से आम लोगों की मुश्किलें बढ़ती जा ही हैं। लोगों की आमदनी भी घटती जा रही है। बेरोजगारी चरम पर है ही। यूरोपीय संघ में साझा हितों के चलते ब्रिटेन के नागरिक इस तरह की मंदी का शिकार पहले कभी नहीं हुए थे। ब्रिटेन यूरोपीय संघ (ईयू) से बाहर निकलने वाला पहला देश बना और 31 जनवरी 2020 को ब्रिटेन आधिकारिक तौर पर ईयू से अलग हो गया था। ईयू से अलग होने से हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए ब्रिटेन भारत की ओर देख रहा है जो दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है और जहां निवेश की अपार संभावनाएं हैं। गौरतलब है कि भारत और ब्रिटेन के बीच रिश्ते तीन सौ साल से ज्यादा पुराने हैं। दोनों देशों के आपसी संबंधों को मजबूत रखने में ब्रिटेन में रहने वाले प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका है। ये प्रवासी भारतीय ब्रिटेन और भारत के बीच एक पुल का काम कर रहे हैं। दूसरी ओर ब्रिटेन में भारत की भूमिका भी बेहद महत्त्वपूर्ण रही है। ब्रिटेन में विभिन्न स्तरों पर नई परियोजनाएं शुरू करने के मामले में भारत अग्रणी देशों में शुमार है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में भारत की कंपनियों की अहम भूमिका है। भारतीयों की आठ सौ से ज़्यादा कंपनियों ने ब्रिटेन में एक लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया है। भारत के हजारों छात्र ब्रिटेन में पढ़ रहे हैं। ब्रिटेन के लिए शिक्षा आय बढ़ाने का बड़ा जरिया है, लेकिन उसकी सख्त वीजा नीतियों से परेशान भारतीय छात्र अब अमेरिका, आस्ट्रेलिया और जर्मनी में पढ़ाई या नौकरी के लिए जा रहे हैं।

■ ब्रह्मदीप अलूने

## धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

चली गयी। [इससे चिन्तित होकर] मैंने महाराज रैभ्यसे कहा- हे राजन्! आपकी पुत्री एकावली कमलोंको देखती हुई बहुत दूर निर्जन वनमें चली जाती है। तब उसके पिताने घरपर ही अनेक जलाशयोंका निर्माण कराकर उनमें पुष्पित तथा भौरोंसे आवृत कमल लगवाकर उसे दूर जानेसे मना कर दिया। इसपर भी मनमें कमलोंके प्रति आसक्ति रखनेवाली वह कन्या बाहर निकल जाती थी। तब राजाने उसके साथ हाथोंमें शस्त्र धारण किये हुए रक्षक नियुक्त कर दिये। इस प्रकार रक्षित होकर वह सुन्दरी मेरे तथा सखियोंसहित क्रीडाके लिये गंगातटपर प्रतिदिन आया- जाया करती थी ॥ 53-61 ॥

यशोवती बोली- एक बार वह सुन्दरी एकावली प्रातः काल उठकर अपनी सखियोंके साथ बाहर निकल पड़ी। वह बहुत-से रक्षकोंसे रक्षित थी तथा उसके ऊपर चैवर डुलाये जा रहे थे हे राजेन्द्र वह सुन्दरी यहाँ सुन्दर कमलोंके पास क्रीड़ा करनेके लिये आयी थी ॥ 1-2 ॥

कमलोंसे खेलनेकी रुचिवाली इस कन्याके साथ मैं भी अप्सराओंसहित गंगाके तटपर आयी थी ॥ ३ ॥

जब मैं तथा एकावली दोनों खेलनेमें व्यस्त हो गयीं, उसी समय हाथोंमें परिघ, तलवार, गदा, धनुष, बाण तथा तोमर धारण किये हुए बहुत-से राक्षसोंके साथ कालकेतु नामक बलवान् दानव वहाँ अकस्मात आ पहुँचा ॥ 4-5 ॥

उसने कमलोंके साथ क्रीडा करती हुई उस रूप-यौवनसम्पन्न तथा दूसरी कामपत्नी रतिकी भाँति प्रतीत हो रही एकावलीको देख लिया ॥ 6 ॥

हे राजन! मैंने एकावलीसे कहा- हे कमलनयने! यह कौन-सा दैत्य आ गया है। अब हम दोनों रक्षकोंके पास भाग चलें ॥ 7 ॥

हे राजकुमार। इस प्रकार विचारविमर्श सखी एकावली तथा मैं भयभीत होकर शस्त्रधारी सैनिकोंके बीच तुरंत चली गयी ॥ 8 ॥

वह कामातूर कालकेतु उस मोहिनी एकाकी देखकर अपनी विशाल गदा लेकर दौड़ता हुआ पासमें आ गया और उसने रक्षकाको हटाकर दर मारे काँपती तथा रोती हुई कृश कटवाली तथा कमलके समान नेत्रोंवाली एकावलीको लिया ॥ 9-10 ॥

'इस राजकुमारीको छोड़ दो और मुझे ग्रहण कर लो 'ऐसा मेरे कहनेपर भी उसने मुझे स्वीकार नहीं किया और कामके वशीभूत वह दानव एकावलीको लेकर वहाँसे निकल गया ॥ 11 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### जल ही जीवन है

जल ही जीवन है ,जल है तो कल है' भविष्य के लिए पानी बचाएं' लेकिन पानी की बर्वादी उतना ही हो रहा है। शहर के सप्लाई नल का टोटी टूटने से प्रतिदिन सुबह शाम हजारों लीटर पानी की बर्बाद हो रही है। वार्डों में लगाए गए अधिकांश सार्वजनिक नलों की टोटी टूटी है या फिर पूरा नल ही गायब है। लोग प्लास्टिक पाइप लगाकर या फिर अन्य जुगाड़ से काम चला रहे हैं। यदि इसी तरह से पानी की बबार्दी जारी रही तो आने वाले समय में शहर में गंभीर पेयजल संकट हो सकता है। शहर के 35 वार्डों में लगे अधिकांश सार्वजनिक नलों में टोटी नहीं हैं। जिसकी वजह से प्रतिदिन सुबह से शाम तक हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह जाता है। इस ओर न तो निगम ध्यान दे रहा है और न ही शहरवासी। पानी बचाव के लिए कई मुहावरे जो हर रोज शासन-प्रशासन आम आदमी तक पहुंचाता है। यह सभी वाक्य हर रोज व्यक्ति किसी न किसी प्रकार देख व सुन रहा है, लेकिन इनका पालन न ही जिला प्रशासन कर रहा है और न ही आम नागरिक। मोहल्लों के टूटे नलों को देखकर जाना जा सकता है कि इन मुहावरे का कितना असर लोगों पर हो रहा है। इसके लिए शासन की तरफ से न तो पहल की गई और न ही लोगों को जागरूक करने को कोई अभियान चलाया गया। मोहल्ले में लगे नलों की टोटी टूटने के बाद ना तो उन्हें सुधारा गया और न ही इसकी लोगों ने कभी शिकायत निगम व संबंधित विभाग से की है। वार्डों के अधिकतर नलों में पाइप नहीं होने से लोग प्लास्टिक पाइप लगाकर काम चला रहे हैं। इससे पानी व्यर्थ बहने से आसपास पानी का जमाव होता है जो कि धीरे-धीरे बीमारियों का कारण बनता है। वहीं मोहल्ले में इस कारण गंदगी भी फैलती है।

■ आदर्श कुमार , मेदिनीनगर।

# इसरो को मिला प्राइवेट कंपनियों का दम

तीन साल पहले यदि आप स्पेस में रुचि रखने वाले किसी शख्स से यह कहते कि एक प्राइवेट स्पेस कंपनी इसरो की मदद से रॉकेट लॉन्च करने जा रही है तो वह आप पर हंसता और कहता कि यह दूर का सपना है। लेकिन हैदराबाद स्थित एक अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एरोस्पेस ने पिछले हफ्ते सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अपने विक्रम-एस रॉकेट का पहला परीक्षण किया है और चेन्नई की अग्निकुल कॉसमॉस एरोस्पेस कंपनी इस साल के अंत तक अपना पहला रॉकेट लॉन्च करने जा रही है। ये दोनों कंपनियां आने वाले समय में रॉकेट मैन्युफैक्चर्स की दुनिया में एक नई परिभाषा गढ़ेंगी। स्काईरूट और अग्निकुल देश में रॉकेट लॉन्चिंग की क्षमता धीरे-धीरे बढ़ाने के अवसर खोलेंगी- फिलहाल, इसरो हर साल 10 से कम रॉकेट लॉन्च करता है। भारत को हर साल दहाई अंकों में रॉकेट लॉन्च करना चाहिए ताकि कमर्शल और सरकारी पेलोड को ऑर्बिट में भेजने के मामले में बराबर के देशों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके। छोटे रॉकेट का फायदा यह है कि यह हल्के पेलोड (500 किलोग्राम या उससे कम वजन वाले) को मनचाहे ऑर्बिट में सुविधा के अनुसार छोड़ सकता है। यही नहीं, छोटे लॉन्च वीइकल की उत्पादन क्षमता समय और जरूरत के हिसाब से बढ़ाने में ज्यादा दिक्कत नहीं आती है। इसे जल्दी-जल्दी लॉन्च भी किया जा सकता है। यदि भारत का प्राइवेट सेक्टर लगातार सफलता पाता है तो बहुत कम समय में भारत का अंतरिक्ष संस्थान पेलोड लॉन्च करने की अपनी क्षमता का लाभ उठा सकता है। एक दशक पहले तक रॉकेट को बनाने में ज्यादा लागत आने की वजह से रैपिड लॉन्च और सामरिक अंतरिक्ष प्रक्षेपण क्षमताओं को हासिल करना कठिन था। लेकिन अब 3 डी प्रिंटिंग कॉम्पोनेंट और कार्बन-फाइबर से बॉडी बनाये जाते हैं। सहज उपलब्धता की वजह से इसकी लॉन्चिग क्षमता में तेजी आई है। रैपिड लॉन्च का सबसे प्रारंभिक फायदा सेना को होने वाला है। कारण कि आर्म्ड फोर्सेस के लिए स्पेस असेट्स, जैसे कि उपग्रह, अंतरिक्ष स्टेशन, अंतरिक्ष मॉड्यूल, अंतरिक्ष कैप्सूल, अंतरिक्ष यान वगैरह काफी महत्व रखने लगे हैं। युद्ध के दौरान भारत के संचार और टोही असेट्स को दुश्मन के साइबर हमले, काइनैटिक मारक क्षमताओं या निर्देशित ऊर्जा हथियारों के जरिये नष्ट कर सकते हैं। ऐसे में स्पेस के क्षेत्र में यह उपलब्धि भारत को कई मामलों में सक्षम बना सकती है। जो सैटलाइट क्षतिग्रस्त हो जाते हैं, या काम करना बंद कर देते हैं, उन्हें फिर से काम करने लायक बनाने में भी इससे मदद मिलेगी। दूसरी तरफ देखें तो अन्य मामलों में भी ये उपयोगी साबित हो सकते हैं। जैसे किसी संकट के दौरान सीमाओं की निगरानी के लिए छोटे उपग्रहों की तैनाती आसानी से हो सकती है। इसके साथ ही अंतरिक्ष में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पाने और उस सूचना को पुख्ता करने में भी देश की खुफिया एजेंसियों को मदद मिल सकती है। वर्तमान में इसरो का स्मॉल सैटलाइट लॉन्च वीइकल (एसएसएलवी) छोटे लॉन्च वीईकल रेंज में एकमात्र रॉकेट है जो 500 किलोग्राम तक के पेलोड को कक्षा में पहुंचाने में सक्षम है। यह पूरी तरह से ऑपरेशनल है। लेकिन इस साल की शुरूआत में इसका तकनीकी प्रदर्शन मिशन फेल हो गया था। एसएसएलवी ठोस रॉकेट मोटर्स के जरिये संचालित तीन चरणों वाला रॉकेट है। लेकिन त्वरित प्रतिक्रिया के लिए ठोस प्रणोदक रॉकेट की कुछ सीमाएं हैं : पहला, ठोस प्रणोदक रॉकेटों की जरूरत सबसे पहले जलवायु नियंत्रित भंडारण सुविधाओं के लिए होती है ताकि समय के साथ प्रणोदक (प्रोपैलेंट) पर दरारें न उभर आएं। दूसरा, ठोस-ईंधन वाले रॉकेट अपने तरल-ईंधन वाले समकक्षों की तुलना में अधिक कंपन्न पैदा करते हैं, इसलिए वे संवेदनशील उपकरणों के साथ पेलोड ले जाने के लिए उपयुक्त नहीं हो सकते हैं। भारत में प्राइवेट लॉन्च प्रोवाइडर्स को अगर सफलता मिलती है तो यह आने वाले समय में ऑन-डिमांड उत्पादन के लिए अनुकूल होगी। भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र पिछले तीन वर्षों में एक लंबा सफर तय कर चुका है।

■ प्रणव आर. सत्यनाथ

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# जॉइंट फैमिली की वजह से नहीं कर पा रहे हैं इंटिमेसी को खुलकर एंजॉय तो आजमायें ये टिप्स

आजकल ज्यादातर कपल शादी के बाद अपनी फैमिली से अलग रहते हैं, ऐसी परिस्थिति में वह जब चाहें जैसे चाहें अपनी सेक्स लाइफ एंजॉय कर सकते हैं। लेकिन मुसीबत उन कपल के लिए होती है जो जॉइंट फैमिली में रहते हैं। हमारी सोसायटी की सोच सेक्स को लेकर भले ही बदल रही है, लेकिन आज भी इस विषय पर घरों में खुलकर बात नहीं की जाती है। शादीशुदा लोगों के रिश्ते में सेक्स की क्या अहमियत होती है, इस बात से हर कोई वाकिफ है। आजकल ज्यादातर कपल शादी के बाद अपनी फैमिली से अलग रहते हैं, ऐसी परिस्थिति में वह जब चाहें जैसे चाहें अपनी सेक्स लाइफ एंजॉय कर सकते हैं। लेकिन मुसीबत उन कपल के लिए होती है जो जॉइंट फैमिली में रहते हैं। हमारी सोसायटी की सोच सेक्स को लेकर भले ही बदल रही है, लेकिन आज भी इस विषय पर घरों में खुलकर बात नहीं की जाती है, फिर चाहें घर के सभी सदस्य शादीशुदा ही क्यों न हों। जॉइंट फैमिली में रहने वाली कपल को अपनी शारीरिक जरूरतों को पूरा करने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में आज हम जॉइंट फैमिली में रहने वाले कपल्स के लिए कुछ टिप्स लेकर आएं, जिनकी मदद से वह अपनी सेक्स लाइफ को बेहतर ढंग से एन्जॉय कर पाएंगे।

**बाथरूम में ट्राई करें सेक्स :** लोगों से भरे घर में सेक्स के शोर को दबाना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में कपल रूम की बजाय बाथरूम में सेक्स ट्राई कर सकते हैं। पानी के शोर से कपल अपनी आवाजों को दबा सकते हैं और बाथरूम में कई पोजीशन ट्राई कर सकते हैं, जो उनके सेक्स को बेहतरीन बना देगी।

**फर्श पर ट्राई करें सेक्स :** जॉइंट फैमिली में रहते हैं तो बेड पर सेक्स करना मुसीबत का कारण बन सकता है। दरअसल, बेड पर सेक्स करने से आवाज होती है, जो शायद आप अन्य घर के सदस्यों को नहीं सुनाना चाहेंगे। इसलिए बेड की बजाय फर्श पर सेक्स करने का ट्राई करें। इसके लिए फर्श पर गद्दा बिछाएं और सेक्स को अच्छे से एंजॉय करें।

**टीवी ऑन कर के सेक्स ट्राई करें :** सेक्स की आवाज को दबाने का सबसे अच्छा विकल्प टीवी है। पार्टनर के साथ जब भी सेक्स करने जा रहे हैं उस दौरान आप टीवी को ऑन कर दें। टीवी की तेज आवाज से आपकी आवाज दब जाएगी और फिर आप पार्टनर के सेक्स को बिना किसी झिझक के एन्जॉय कर पाएंगे।

**वीकेंड पर कहीं घूमने जाएं :** जॉइंट फैमिली की वजह से अगर आप अपनी सेक्स लाइफ अच्छे से एंजॉय नहीं कर पा रहे हैं, तो वीकेंड में पार्टनर के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। आप खुद कहीं नहीं जाना चाहते तो फैमिली के लिए मूवी या फिर पिकनिक प्लान कर सकते हैं। फैमिली को कहीं बाहर भेजकर पार्टनर के साथ आप अच्छे से सेक्स एन्जॉय कर सकते है।

# पांच साल से कम उम्र के बच्चों में फ्लू के कारण अस्पताल में भर्ती होने का खतरा सात गुना ज्यादा

इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 6 महीने से 5 साल तक की उम्र के बच्चों को हर साल टीका लगवाने का सुझाव दिया है। बच्चों में पूरे साल फ्लू का खतरा रहता है, विशेष रूप से सर्दियों में और मानसून में यह खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। टीकाकरण के बाद शरीर में एंटीबॉडी विकसित होने में करीब 2 हफ्ते का समय लग जाता है, इसलिए मानसून या सर्दियों का मौसम आने के 2 से 4 हफ्ते पहले टीका लगवा लेना चाहिए। 5 साल से कम उम्र के बच्चों में न केवल फ्लू के कारण ज्यादा परेशानी होने का खतरा रहता है, बल्कि वे अन्य लोगों को संक्रमित भी कर सकते हैं।

सालाना 4-इन-1 फ्लू टीकाकरण की जरूरत को लेकर डॉ. भव्य कुमार जैन, एमबीबीएस, डीसीएच ने कहा, 'छह महीने से पांच साल के बच्चों में फ्लू होने पर स्वास्थ्य संबंधी गंभीर परेशानियां हो सकती हैं। लेकिन अब हमारे पास सालाना 4-इन-1 फ्लू टीकाकरण के रूप में इससे बचाव का एक प्रभावी तरीका है। अपने डॉक्टर से फ्लू के टीके के बारे में पूछें। माता-पिता के रूप में आप अपने बच्चों के स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छा काम यह कर सकते हैं कि उन्हें फ्लू जैसे रोकथाम के लायक संक्रमणों से बचाएं। सर्दी के मौसम में आमतौर पर फ्लू के मामले बढ़ जाते हैं।'



**फ्लू के लक्षण :** फ्लू इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होता है और यह नाक, गले व फेफड़े पर असर डालता है। इसके कुछ सामान्य लक्षण हैं खांसी, बुखारी, गले में खराश, थकान, मांसपेशियों में दर्द और सिरदर्द। संक्रमित लोगों के बोलने, छींकने या खांसने से वायरस आसानी से दूसरों में पहुंच सकता है। सांसों के साथ बाहर आने वाले ड्रॉपलेट प्रत्यक्ष तौर पर स्वस्थ लोगों तक पहुंच सकते हैं या किसी सतह पर गिरकर वहां से किसी अन्य को संक्रमित कर सकते हैं।

## बच्चों में फ्लू के कारण न्यूमोनिया और ब्रोंकाइटिस का भी खतरा रहता है

ज्यादातर लोग कुछ दिन या हफ्ते में ठीक हो जाते हैं, लेकिन 5 साल से कम उम्र के बच्चे, खासकर 2 साल से कम उम्र के बच्चे और जिन बच्चों को पहले से कोई गंभीर बीमारी हो, उनमें फ्लू के कारण बहुत ज्यादा बीमार पड़ने का खतरा रहता है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ सकता है। बच्चों में न्यूमोनिया और ब्रोंकाइटिस जैसी गंभीर परेशानियों का भी खतरा रहता है, क्योंकि उनका इम्यून सिस्टम पूरी तरह से विकसित नहीं होता है।

**भारत में 1 लाख में से करीब 10 बच्चों की इन्फ्लूएंजा के कारण मौत का खतरा रहता है :** अध्ययन बताते हैं कि भारत में सांस संबंधी गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे 5 साल से कम उम्र के 11 प्रतिशत बच्चे फ्लू से संक्रमित होते हैं। भारत में 5 साल से कम उम्र के बच्चों में इन्फ्लूएंजा के कारण जान गंवाने की दर भी ज्यादा है। भारत में 1,00,000 में से करीब 10 बच्चों में इन्फ्लूएंजा के कारण मौत का खतरा रहता है।

## बच्चों को साल में एक बार टीका अवश्य लगवा देना चाहिए

बहुत से फ्लू वायरस हैं जो संक्रमण का कारण बन सकते हैं। इन्हीं में से एक है एच1एन1 वायरस, जो 'स्वाइन फ्लू' श्रेणी का वायरस है। 4-इन-1 फ्लू टीका सबसे ज्यादा पाए जाने वाले चार वायरस वैरिएंट से बचने में मदद कर सकता है। इन वायरस में लगातार बदलाव होता रहता है। इसीलिए फ्लू के टीके की हर साल समीक्षा होती है और बीमारी का कारण बन रहे वायरस को ध्यान में रखते हुए जरूरत पड़ने पर इनमें बदलाव भी किया जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सुझाव देते हैं कि बच्चों को साल में एक बार टीका अवश्य लगवा देना चाहिए।

## दिल व सांस के बीमारी से जूझ रहें बच्चों को 5 साल के उम्र के बाद भी हर साल टीका लगवाना चाहिए : आईएपी

आईएपी का सुझाव है कि दिल की गंभीर बीमारी, सांस संबंधी बीमारी जैसे अस्थमा, डायबिटीज, इम्यूनोडिफिशिएंसी (जैसे एचआईवी) या अन्य किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चों में फ्लू से संक्रमित होने का खतरा ज्यादा रहता है और उन्हें 5 साल की उम्र के बाद भी हर साल टीका लगवाना चाहिए। ज्यादा जानकारी के लिए अभिभावकों को उनके बाल रोग विशेषज्ञ से परामर्श करना चाहिए।

# कुछ अच्छी आदतें, जो बिगाड़ सकती हैं आपकी सेहत

अच्छी हेल्थ पाने के लिए आप ऐसी बहुत सी गलत आदतें अपना लेते है जिनके नुकसान आपको पता ही नहीं होते है। ऐसी बहुत सी गुड हैबिट्स है जो हमारी सेहत के लिए काफी नुकसानदेह है। जानते है कौन सी है वो गुड हैबिट्स जो हमारी सेहत के लिए ठीक नहीं होती। अच्छी हेल्थ पाने के लिए आप ऐसी बहुत सी गलत आदतें अपना लेते है जिनके नुकसान आपको पता ही नहीं होते है। ऐसी बहुत सी गुड हैबिट्स है जो हमारी सेहत के काफी नुकसानदेह है। जानते है कौन सी है वो गुड हैबिट्स जो हमारी सेहत के लिए ठीक नहीं होती।



**ज्यादा वर्क आउट :** अपनी फिटनेस को लेकर जागरूक होना अच्छी बात है लेकिन फिटनेस के नाम पर खुद को थका देना बिलकुल गलत है। जिम में घंटो वर्क आउट आपके शरीर पर गलत प्रभाव भी डाल सकता है। जिम में घंटो की मेहनत के बाद आप अपना वजन तो कम कर सकते है लेकिन दुबले होने और फिट होने में फर्क होता है। स्लिम बॉडी की तरफ सभी आकर्षित होते हैं। सब स्लिम और फिट होना चाहते है लेकिन अगर आप स्लिम है लेकिन स्वस्थ नहीं तो ऐसी फिटनेस का कोई फायदा नहीं है। हैवी वर्क आउट के चक्कर में आपकी सेहत कमजोर भी हो सकती है ज्यादा जिम या एक्सरसाइज से आप खुद को थकान का शिकार बना लेते है। वर्क आउट उतना ही करें जिससे आप खुद को फिट महसूस करें ना कि थका हुआ।

**कम मात्रा में भोजन :** स्लिम दिखने के चक्कर में अक्सर लोग जरूरत से कम खाना खाते है। जरूरत से कम खाना आपको स्लिम बनाने की जगह कमजोर बना देगा और आप बहुत सी बीमारियों के शिकार हो सकते है।

**सलाद या फलों का सेवन :** कुछ लोग खुद को हेल्दी और फिट रखने के लिए केवल सलाद या फलों का ही सेवन करते है जो ठीक नहीं है। फल और हरी सब्जियां सेहत के लिए फायदेमंद है यह तो सभी को पता है। लेकिन अनाज और वसा भी हमारी सेहत के लिए बहुत जरुरी है। कई प्रकार के अनाजों से शरीर में जरुरी विटामिन्स और पोषक तत्वों की पूर्ति होती है। केवल फलों से सारे विटामिन्स बॉडी को नहीं मिल पाते।

**गरम पानी पियें :** गरम पानी पीने से डाइजेशन सही रहता है। यह स्किन को भी हाइड्रेट रखने में सहायक है। लेकिन बहुत ज्यादा गरम पानी भी सेहत के लिए ठीक नहीं है। ज्यादा गरम पानी पीने से स्किन ड्राई हो जाती है। एसिडिटी की समस्या भी हो सकती है।

**खाना खाने के बाद टहलना :** भोजन के बाद टहलना चाहिए यह तो सभी को पता है लेकिन क्या आप जानते है खाना खाने के तुरंत बाद आराम जरुरी है। कुछ लोग भोजन के तुरंत बाद लम्बी सैर के लिए निकल जाते है जो स्वास्थ्य के नजरिये से ठीक नहीं है भोजन करने के 20 मिनट बाद ही टहलने जाये। भोजन को डाइजेस्ट होने के लिए शरीर को थोड़ी देर तक आराम देना चाहिए।

**विटामिन सप्लीमेंट की दवाओं का सेवन :** कुछ लोग विटामिन्स की पूर्ति के लिए विटामिन्स टेबलेट्स का सेवन बिना डॉक्टर की सलाह के करते है। यह स्वास्थ्य के लिए बहुत नुकसानदेह है। अगर डॉक्टर ने आपको विटामिन्स सप्लीमेंट्स लेने की सलाह दी है तो ठीक है लेकिन बिना डॉक्टर की सलाह के इन दवाओं का सेवन ठीक नहीं है।

# कई बीमारियों का रामबाण इलाज है कड़ी पत्ता, जानिये इसके चमत्कारी फायदे

कड़ी पत्ता एक आयुर्वेदिक औषधि है, जो विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर है। हृदय संबंधी रोगों के इलाज लिए कड़ी पत्ते का इस्तेमाल प्राचीन समय से होता आया है। इसके अलावा कड़ी पत्ता कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। खाने में कड़ी पत्ता का इस्तेमाल अमूमन हर घर में होता है। खासतौर पर दक्षिण भारत में कड़ी पत्ता बहुत से व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है। यह ना केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। कड़ी पत्ते में बहुत से औषधीय गुण पाए जाते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हैं। इसमें आयरन, फॉलिक एसिड और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं जो डायबिटीज, एनीमिया और डायरिया जैसी कई अन्य बीमारियों से निजात पाने में मदद करते हैं।



**डायबिटीज को करें कंट्रोल :** शुगर के मरीजों के लिए कड़ी पत्ता बहुत फायदेमंद होता है। कड़ी पत्ते में हाइपोग्लाइसेमिक नामक तत्व पाया जाता है जो ब्लड-शुगर लेवल को कंट्रोल में रखता है। कड़ी पत्ते के सेवन से डायबिटीज कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

**दिल के लिए फायदेमंद :** कड़ी पत्ता एक आयुर्वेदिक औषधि है, जो विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर है। हृदय संबंधी रोगों के इलाज लिए कड़ी पत्ते का इस्तेमाल प्राचीन समय से होता आया है। इसके अलावा कड़ी पत्ता कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में भी मदद करता है।

**डायरिया में असरदार :** डायरिया में कड़ी पत्ते का इस्तेमाल रामबाण इलाज है। कड़ी पत्ते में मौजूद काबाजौले एल्कलॉइड्स नामक तत्व डायरिया से बचाता है। इसका नियमित सेवन लीवर की क्षमता बढ़ाता है।

**त्वचा का रखें ख्याल :** कड़ी पत्ता हमारी त्वचा के लिए भी बहुत लाभदायक होता है। इसमें मौजूद तत्व बैक्टीरियल इन्फेक्शन, जले-कटे और त्वचा की अन्य परेशानियों से राहत दिलाते हैं।

**एनीमिया में लाभदायक :** एनीमिया के मरीजों के लिए कड़ी पत्ते का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके इस्तेमाल से शरीर में खून की कमी को दूर किया जा सकता है। इसमें आयरन, जिंक और फॉलिक एसिड भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जिससे खून की कमी को कम करने में मदद मिलती है।

**वजन घटाने में असरदार :** कड़ी पत्ते के सेवन से मोटापे पर नियंत्रण रखने में मदद मिलती है। इसमें डाइक्लोरोमेथेन, एथिल एसीटेट और महानिम्बाइन जैसे तत्व पाए जाते हैं जो वजन घटाने और कोलेस्ट्रॉल कम करने में सहायता करते हैं।

**बाल मजबूत करें :** कड़ी पत्ता बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसके प्रयोग से बाल मजबूत होते हैं और डैंड्रफ की समस्या से भी छुटकारा मिलता है।

# चूने कत्थे को भूल जायें, ये मिलाकर खायें पान में, मिलेंगे जादुई फायदे

लोग शौकिया तौर पर पान खाते है लेकिन क्या आपको पता है आप जो पान के पत्ते शौक के तौर पर खा रहे है उससे कुछ बीमारियों को भी दूर भगा सकते है। इसमें कुछ औषधीय गुण भी है अगर पान के पत्तों को तुलसी के बीजो के साथ खाया जाये तो आपको इसके जादुई फायदें मिलेंगे। हमारे आस-पास बहुत सी ऐसी चीजे उपलब्ध है जिसके फायदें हमें पता ही नहीं होते है और ऐसी ही एक चीज है पान का पत्ता। अब तक आप यही जानते थे कि पान के पत्तों को चूना लगा कर ही खाया जाता है और ये अच्छी डाइजेशन में काम आते है। कभी -कभी लोग शौकिया तौर पर भी पान खाते है लेकिन क्या आपको पता है आप जो पान के पत्ते शौक के तौर पर खा रहे है उससे कुछ बीमारियों को भी दूर भगा सकते है। इसमें कुछ औषधीय गुण भी है अगर पान के पत्तों को तुलसी के बीजो के साथ खाया जाये तो आपको इसके जादुई फायदें मिलेंगे। तुलसी के बीज एंटी ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते है। आयुर्वेद के अनुसार दोनों का एक साथ सेवन सेहत से जुड़ी बहुत सी परेशानियों को दूर कर सकता है।

**तुलसी के बीज और पान के पत्ते के फायदे :** अभी सर्दियों के मौसम की शुरूआत हो रही है और बहुत से लोगो को बदले मौसम में सर्दी जुकाम और गले में खराश की परेशानी सताने लगी है। पान के पत्ते और तुलसी के बीज जुकाम और सर्दी को दूर भगा सकते है। अगर पान के पत्ते के साथ तुलसी के कुछ बीजों का सेवन किया जाये तो जुकाम से होने वाले सिर दर्द से छुटकारा पाया जा सकता है गले की खराश ,खांसी में लाभ होता है।

**खराब डाइजेशन में फायदेमंद :** पान का पत्ता और तुलसी के बीज एक साथ खाने से खराब पाचन की तकलीफ से राहत मिलती है। यह आपके सैलिवरी ग्लेंड्स को एक्टिव करता है जिससे डाइजेशन से रिलेटेड परेशानियों से छुटकारा मिलता है। गैस एसिडिटी की परेशानियां भी खत्म हो जाती है। अगर आपको अल्सर की समस्या है तो भी इनका सेवन आपके लिए लाभप्रद हो सकता है।

**इम्युनिटी बूस्टर :** पान के पत्ते और तुलसी के बीजों का एक साथ सेवन आपकी इम्यून पॉवर को बढ़ा सकता है। तुलसी एक अच्छा इम्यून बूस्टर है। अगर आपको कमजोरी रहती है तो आपको पान के पत्ते और तुलसी के बीजों का सेवन नियमित रूप से करना चाहिए इससे आप फिजिकली एकदम फिट रहेंगे।

**ओरल हेल्थ को सुधारे :** किसी भी वजह से अगर आपके मुँह से दुर्गन्ध आती है तो पान के पत्ते और तुलसी के बीज आपको इस परेशानी से राहत दिला सकते है। यह मुँह के अंदर जो भी बैक्टीरिया होते है उनको दूर करता है। पान और तुलसी के बीजो के साथ ही आप इसमें इलायची और लौंग के इस्तेमाल से मुँह की दुर्गन्ध को दूर कर सकते है।

# इन कारणों से हो सकती है गॉल ब्लैडर में पथरी की समस्या

पित्ताशय की थैली यकृत के नीचे के ठीक बगल में स्थित एक छोटा अंग है। जिगर द्वारा उत्पादित अतिरिक्त पित्त पित्ताशय की थैली में जमा हो जाता है। कभी-कभी बहुत से लोगों को पित्ताशय की थैली में दर्द होता है। प्रारंभ में, पित्त पथरी को इस दर्द का एकमात्र कारण माना जाता है। पथरी की समस्या आजकल बहुत बहुत आम हो गई है। बड़ी संख्या में लोग इस समस्या से पीड़ित हैं। अक्सर खराब जीवनशैली और गलत खानपान की गलत आदतों की वजह से युवा भी इस समस्या से ग्रस्त हो जाते हैं। किडनी हमारे शरीर का एक अहम अंग है और यह खून से से खतरनाक और जहरीले पदार्थों को बाहर निकलने में मदद करती है। शरीर में पानी की कमी या अन्य कारणों से पथरी हो सकती है। पथरी की समस्या किडनी, पित्त की थैली और यूरीन पाइप में हो सकती है। पथरी में पीठ या पेट के निचले हिस्से में असहनीय दर्द होता है और साथ ही कई अन्य परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है।



**क्या है होता पित्ताशय? :** बहुत से लोग पित्ताशय की पथरी से पीड़ित होते हैं। इससे पेट के ऊपरी दाहिने हिस्से में तेज दर्द होता है। हालांकि, पित्त पथरी दर्द का एकमात्र कारण है लेकिन हमेशा पथरी नहीं होती है। पित्ताशय की थैली यकृत के नीचे के ठीक बगल में स्थित एक छोटा अंग है। जिगर द्वारा उत्पादित अतिरिक्त पित्त पित्ताशय की थैली में जमा हो जाता है। कभी-कभी बहुत से लोगों को पित्ताशय की थैली में दर्द होता है। प्रारंभ में, पित्त पथरी को इस दर्द का एकमात्र कारण माना जाता है। लेकिन सभी मामलों में यही एकमात्र कारण नहीं है।

**कोलेस्ट्रॉल की अधिकता :** पित्त में कोलेस्ट्रॉल अधिक मात्रा में मौजूद होता है। आमतौर पर पित्त में मौजूद कोलेस्ट्रॉल को खत्म करने के लिए रसायन होते हैं। लेकिन अगर कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक हो जाए तो इसे कम करना मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में अतिरिक्त कोलेस्ट्रॉल क्रिस्टल के रूप में पित की थैली में जमा होने लगता है। यही बाद में गॉल ब्लैडर स्टोन का कारण बन सकता है।

**बिलीरुबिन की मात्रा का बढ़ना :** पित्त में बिलीरुबिन पाया जाता है। यह एक रसायन है जो लाल रक्त कोशिकाओं के टूटने पर उतपन्न होता है। जब किसी कारण लिवर में बहुत अधिक मात्रा में बिलीरुबिन का उत्पादन होने लगता है तो इससे इससे लिवर संबंधी बीमारियां जैसे लिवर सिरोसिस, पीलिया और पित्त की थैली में पथरी हो सकती है।

**पित्ताशय का ठीक से खाली न होना :** अक्सर कई वजहों से पित्ताशय ठीक तरह से खाली नहीं हो पाता है। ऐसे में यदि पित्ताशय ठीक से खाली नहीं हो रहा हो तो इससे भी पित्त का अधिक जमाव हो सकता है। इसके कारण पित्त की थैली में पथरी बनने लगती है।

❖ प्रिया मिश्रा

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** मेष राशि के जातक अपने परिवार के साथ भावनात्मक रूप से जुड़े रहेंगे। घर पर रहकर ही काम करने का प्रयास करेंगे। आपका रचनात्मक कौशल कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

**वृष राशि :** वृष राशि के जातक कार्यक्षेत्र में लंबे समय से चला आ रहा कोई विवाद को सुलझाने का प्रयास करेंगे और अपनी बातचीत से लोगों के साथ सहमति बनाने में कामयाब रहेंगे।

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातक बौद्धिक व कलात्मक रुप से अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करने में कामयाब रहेंगे। शुरूआती अवस्था में खर्चे बहुत अधिक होंगे परंतु यही खर्चे लाभ का साधन भी बनेंगे।

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातकों का व्यवहार सहयोगात्मक रहेगा। आने वाली परिस्थितियों के अनुकूल अपने आप को ढाल लेंगे और सभी बाधाओं का सामना पूर्ण आत्मविश्वास के साथ करेंगे।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों की अच्छी प्लानिंग की क्षमता आज उन्हें कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाएगी। कई बाधाएं आएंगी लेकिन वह अपने काम पर ही फोकस करेंगे।

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों के सामाजिक रिश्ते आज उनके कामकाज में बहुत मदद करेंगे। अचानक से कुछ ऐसी परिस्थितियां बन जाएंगी।

**तुला राशि :** तुला राशि के जातक बहुत ही व्यवस्थित रूप से अपने काम को पूरा करेंगे। काम की अधिकता की वजह से तनावग्रस्त भी रहेंगे।

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जातकों की सोच काफी परिष्कृत रहेगी। समाज में अपने रुतबे को लेकर चिंतित रहेंगे और इस तरह से काम करेंगे कि आपके सामाजिक स्तर में वृद्धि होगी।

**धनु राशि :** धनु राशि के जातकों के अपने साझेदारों के साथ रिश्ते प्रगाढ़ होंगे। विवाद को हल करके आगे के काम पर फोकस करेंगे। आपकी परिपक्व और विस्तृत सोच कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाने में मदद करेगी।

**मकर राशि :** मकर राशि के जातक आज किसी भी विवाद में पड़ने से बचेंगे। जो पुराने विवाद है उन्हें भी सुलझाकर सबके साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करेंगे। सहयोगी आपको पूरी तरह से काम में मदद करेंगे।

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि के जातक कार्यक्षेत्र के माहौल को बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे। आज सहयोगियों के साथ आपके संबंधों में सुधार होगा। आज का दिन बेहतर है।

**मीन राशि :** मीन राशि के जातकों का ज्यादा ध्यान आज कामकाज की बजाए मनोरंजन की तरफ रहेगा। कार्यक्षेत्र में किसी नई लव रिलेशनशिप की शुरूआत भी हो सकती है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# पीओके में ऐक्शन पर भारतीय सेना के बयान से पाकिस्तान में घबराहट

### गिलगित बाल्टिस्तान का जिक्र, कश्मीर में शुरू हो चुका है विकास

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान सेना की तरफ से भारतीय सेना के नॉर्दन आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी के एक बयान पर प्रतिक्रिया दी गई है। पाकिस्तान सेना की तरफ से कहा गया है कि भारतीय सेना के एक सीनियर ऑफिसर की तरफ से आनेवाला ऐसा अवांछित बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। पाकिस्तान सेना की मीडिया विंग आईएसपीआर की तरफ से ले. जनरल द्विवेदी के बयान की निंदा की गई है। ले. जनरल द्विवेदी ने कहा था कि अगर भारत सरकार की तरफ से आदेश दिया गया तो फिर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भी वापस ले लेगी। जनरल द्विवेदी ने यह भी कहा था कि अगर पाकिस्तान की सेना ने युद्धविराम समझौते को तोड़ने का प्रयास किया तो फिर उसे करार जवाब दिया जाएगा।



**ले.** जनरल द्विवेदी ने कहा कि सेना यह सुनिश्चित करने के लिए हमेशा तैयार है कि युद्धविराम पर जो समझौता है, उसे कभी तोड़ा नहीं जाएगा क्योंकि यह दोनों देशों के हित में है। लेकिन अगर इसे तोड़ा गया तो फिर इसका करारा जवाब मिलेगा। 27 अक्टूबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि पीओके में जो कश्मीरी हैं, उनका दर्द भारत महसूस करता है। कश्मीर में विकास शुरू हो चुका है और भारत को अब गिलगित बाल्टिस्तान तक पहुंचने में कोई नहीं रोक सकता है।

जनरल द्विवेदी से पहले भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी 27 अक्टूबर को कहा था कि पाकिस्तान ने भारत की पीठ में छुरा भोंका है और कश्मीर के कब्जे वाले इलाकों में बसे लोगों पर अत्याचार कर रहा है। आईएसपीआर की तरफ से एक के बाद एक ट्वीट किए गए हैं। इन ट्वीट्स में कहा गया है कि भारतीय सेना के हाई रैंक ऑफिसर की तरफ से आजाद जम्मू-कश्मीर को लेकर जताई गई चिंता बेबुनियादी है। पाकिस्तान आर्मी की मानें तो यह बयान भारत की सेनाओं की उस गलत मानसिकता को दर्शाता है तो राजनीति से परिपूर्ण है।

### आदेश पर तैयार सेना

**आईएसपीआर** ने कहा है कि जिन लॉन्च पैड्स और आतंकियों का जिक्र किया जा रहा है, वह पूरी तरह से निराधार हैं। पाकिस्तान का कहना है कि भारत की तरफ से ऐसे बयान जम्मू-कश्मीर में जारी मानवाधिकार हनन से ध्यान हटाने के लिए दिए जा रहे हैं। नॉर्दन आर्मी कमांडर ले. जनरल द्विवेदी ने कहा था, जहां तक भारतीय सेना की बात है, भारत सरकार से कोई भी ऑर्डर मिलने पर वह उसे हर हाल में पूर करेगी। अगर ऐसा कोई आदेश हमें दिया जाता है तो हम हमेशा तैयार रहेंगे।

# मलेशिया के नये पीएम होंगे अनवर इब्राहिम

**कुआलालुम्पुर (एजेंसी)।** अनवर इब्राहिम मलेशिया के नये प्रधानमंत्री होंगे। सुल्तान अब्दुल्ला अहमद शाह ने अनवर को नए प्रधानमंत्री बनाने की मंजूरी दी है। बीते शनिवार को हुए आम चुनाव में किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिली थी जिसके बाद से देश में राजनीतिक संकट चल रहा था, लेकिन अब अनवर इब्राहिम के नाम पर मुहर लग गयी है। राजनीतिक अस्थिरता की वजह से पिछले चार सालों में मलेशिया में तीन बार आम चुनाव हो चुके हैं। मलेशिया के सुल्तान अब्दुल्ला अहमद शाह ने अनवर इब्राहिम को नये प्रधानमंत्री बनने की मंजूरी दे दी है। अनवर इब्राहिम का प्रधानमंत्री बनना इसलिए भी मायने रखता है, क्योंकि ये इस्लामिक बेहतरी के बजाय सभी देशों से बेहतर संबंध रखने में विश्वास रखते हैं। अनवर इब्राहिम को सुधारवादी



नेता के रूप में जाना जाता है। अनवर इब्राहिम के प्रधानमंत्री बनने से मलेशिया में राइट विंग राजनीति के उदय को कम करने में मदद मिलेगी। ऐसी उम्मीद जतायी जा रही है कि यह सरकार पिछले सरकार के तुलना में बेहतर शासन चलायेगी। अनवर इब्राहिम के प्रधानमंत्री बनने के बाद हिंसा की आशंका को देखते हुए पुलिस ने देशभर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

## न्यूज गैलरी

### पीएम ने लचित दिवस की दीं शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को असम और देशवासियों को लाचित दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने कहा लचित दिवस असम के अहोम साम्राज्य के गुमनाम नायक लचित बरफुकन की वीरता का सम्मान करने के लिए मनाया जा रहा है, जिन्होंने मुगलों को हराया और औरंगजेब के शासन में मुगलों की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं को थाम दिया था। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि लचित दिवस की बधाई। असम के लिए लचित दिवस विशेष है, क्योंकि हम महान लचित बोड़फुकन की 400वीं जयंती मना रहे हैं। वे अद्वितीय साहस के प्रतीक थे। उन्होंने लोगों की भलाई को सबसे ऊपर रखा और वह एक न्यायप्रिय और दूरदर्शी लीडर थे।

### जनरल आसिम मुनीर पाक के नये सेना प्रमुख

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लेफ्टिनेंट जनरल आसिम मुनीर को देश का नया सेना प्रमुख चुना। वह निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा की जगह लेंगे। बाजवा 29 नवम्बर को सेवानिवृत्त होनेवाले हैं। बाजवा (61) को 2016 में तीन साल के लिए सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। उन्हें 2019 में तीन साल का सेवा विस्तार दिया गया था। उन्होंने अपने कार्यकाल के और विस्तार का अनुरोध करने की संभावना से इनकार कर दिया था। लेफ्टिनेंट जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी का अध्यक्ष चुना गया है। पाकिस्तान की सूचना एवं प्रसारण मंत्री मरियम औरंगजेब ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पीएम शहबाज शरीफ ने लेफ्टिनेंट जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ और लेफ्टिनेंट जनरल सैयद आसिम मुनीर को थल सेनाध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला किया है।

### अग्नि-3 मिसाइल का सफल परीक्षण

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से मध्यम रेंज वाली बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का बुधवार को सफल ट्रेनिंग लांच किया गया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। अग्नि-3 3500 किमी तक मार करने में सक्षम है। यह मीडियम रेंज की मिसाइल है। परणाणु क्षमता से लैस इस मिसाइल की जद में में पूरा पाकिस्तान और आधा चीन आता है। इस मिसाइल की साइज भी बहुत ज्यादा है। इसकी लंबाई 17 मीटर और व्यास 2 मीटर है। जो एक सेकेंड में पांच किलोमीटर की दूरी तय करने में सक्षम है। 50 टन वजन वाली मिसाइल में दो चरणोंवाला इंजन लगा है जो ठोस ईंधन से चलता है। यह मिसाइल अपने साथ 1.5 टन का हथियार ले जाने में सक्षम है। यह सफल परीक्षण सामरिक बल कमांड के तत्वावधान में किए गए नियमित उपयोगकर्ता प्रशिक्षण लॉन्च के अंतर्गत किया गया था।

# जम्मू-कश्मीर के सांबा में ड्रोन से गिरायी आईईडी, हथियार और रुपये

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में पुलिस ने गुरुवार सुबह ड्रोन के जरिये सीमा पार से गिरायी गयी आईईडी, हथियारों और नकदी की एक खेप बरामद की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन ने संवाददाताओं को बताया कि स्थानीय लोगों ने गुरुवार सुबह 6.15 बजे अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग पांच किलोमीटर दूर रामगढ़ और विजयपुर के बीच एक संदिग्ध पैकेट देखा और पुलिस को इसके बारे में सूचित किया। महाजन ने कहा कि संदिग्ध पैकेट में स्टील के तले वाला लकड़ी का एक बॉक्स था, जिसमें से बम निरोधक दस्ते ने डेटोनेटर सहित दो आईईडी, दो चीनी पिस्तौलें, 60 राउंड के साथ चार मैगजीन और पांच लाख रुपये की नकदी बरामद की। यह नकदी 500 रुपये के नोटों में थी।

महाजन ने कहा कि यह सीमा पार से ड्रोन के जरिये सामान गिराये जाने का मामला है। हम इसकी जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेप का इस्तेमाल किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए किया जा सकता था, लेकिन पुलिस ने इसकी कोशिश नाकाम कर दी। महाजन ने बताया कि खेप की जानकारी देनेवाले स्थानीय लोगों और इस पर कार्रवाई करने वाले पुलिस कर्मियों को इनाम दिया जायेगा।

# गोवा में पर्यटन के साथ कृषि व ग्रामीण विकास से भी रोजगार बढ़ेगा : पीएम मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में पुलिस समेत विभिन्न सरकारी विभागों में नवनियुक्त नौजवानों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये और कहा कि डबल इंजन की सरकार गोवा में पर्यटन के साथ-साथ कृषि एवं ग्रामीण विकास की योजनाओं के साथ रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। श्री मोदी ने गोवा रोजगार मेला को वीडियो लिंक के माध्यम से संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने की दिशा में गोवा सरकार ने अहम कदम उठाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आनेवाले कुछ महीनों में गोवा पुलिस समेत अन्य विभागों में भी भर्तियां होनेवाली हैं। इससे गोवा पुलिस और मजबूत होगी और



नागरिकों की, खासकर के पर्यटकों की सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ी सुविधा बढ़ने वाली है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों से देश के अलग-अलग राज्यों में लगातार रोजगार मेले का आयोजन हो रहा है। केंद्र सरकार भी रोजगार मेले के माध्यम से हर महीने हजारों युवाओं को नौकरी दे रही है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि जहां-जहां भाजपा सरकारें हैं, डबल इंजन की सरकारे हैं, वहां राज्य सरकारें भी अपने स्तर पर ऐसे रोजगार मेले का आयोजन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बीते आठ वर्षों में केंद्र सरकार ने गोवा के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये का निवेश किया है। लगभग तीन हजार करोड़ रुपये की लागत से मोपा में बने नये हवाई अड्डे का लोकार्पण भी जल्द ही होने जा रहा है। इस हवाईअड्डे के निर्माण से जुड़े कार्यों में गोवा के हजारों लोगो को रोजगार मिला है। इसी तरह आज जो गोवा में कनेक्टिविटी एवं बुनियादी ढांचे की परियोजनाएं चल रही हैं, उनसे भी गोवा के युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं।


# नौसेना को मिला मोरमुगाओ युद्धपोत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अत्याधुनिक मिसाइल और अन्य हथियारों से लैस मोरमुगाओ युद्धपोत आज नौसेना को मिल गया जिससे उसकी मारक क्षमता कई गुना बढ गयी है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने नौसेना को परियोजना 15 बी श्रेणी का दूसरा पोत विध्वंसक यानी यार्ड 12705 (मोरमुगाओ) गुरूवार को सुपुर्द किया। स्वदेशी इस्पात से बनाया गया यह पोत नौसेना के सबसे बड़े विध्वंसकों में एक है जिसकी लंबाई 164 मीटर और वजन 75000 टन से अधिक है। यह पोत समुद्री युद्ध के पूर्ण स्पेक्ट्रम में फैले विभिन्न प्रकार के कार्यों और मिशनों को पूरा करने में सक्षम है। इसे सतह से सतह पर मार करने वाली सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल और लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली बराक-8 मिसाइलों से लैस किया गया है।

# जामा मस्जिद में महिलाओं की अकेले एंट्री बैन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की जामा मस्जिद ने महिलाओं की अकेले एंट्री पर बैन लगा दिया है। मस्जिद की दीवारों पर इस नोटिस की कॉपी लगा दी गयी हैं, जिसके मुताबिक मस्जिद में लड़की या लड़कियों का अकेले आना मना है। यानी लड़कियों का ग्रुप भी मस्जिद के अंदर नहीं जा सकता है। इसे लेकर मस्जिद प्रशासन ने वजह बतायी है कि अकेली लड़कियां मस्जिद में लड़कों को टाइम देकर मिलने बुलाती हैं। यहां डांस वीडियो बनाती हैं, हम इस पर रोक लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं पर रोक नहीं लगायी गयी है। परिवार या शादीशुदा जोड़ों पर कोई बैन नहीं है। जो लड़कियां यहां अकेली आती हैं, लड़कों को मिलने का टाइम देती हैं। यहां गलत हरकतें होती हैं, लड़कियां मस्जिद में डांस करती हैं, टिकटॉक वीडियो बनाती हैं।

■ मस्जिद प्रशासन बोला- ये टिकटॉक बनाने की जगह नहीं



यह बैन इन हरकतों को रोकने के लिए लगाया गया है। अगर कोई यहां आकर इबादत करना चाहे तो आ सकता है। लेकिन किसी भी धार्मिक स्थल को पार्क समझ लेना सही नहीं है। हालांकि, इस मसले पर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने मस्जिद को नोटिस जारी किया है।

**दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष ने फैसले को गलत बताया :** स्वाति मालिवाल ने कहा कि जामा मस्जिद में महिलाओं की एंट्री रोकने का फैसला बिल्कुल गलत है। महिलाओं और पुरुषों के बीच इबादत के अधिकार को लेकर फर्क नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वे जामा मस्जिद को इस मामले में नोटिस जारी कर रही हैं।

# गुजरात चुनाव के पहले चरण में 167 उम्मीदवार दागी, 100 पर हत्या-दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोप

– आरएनएम

**नयी दिल्ली।** गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए एक दिसम्बर को मतदान होना है। पहले चरण में 89 सीटों पर चुनाव लड़ने वाले कुल 788 उम्मीदवारों में से 167 उम्मीदवार आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। इनमें आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार शीर्ष पर हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से गुरुवार को रिपोर्ट जारी की गयी है। इसमें बताया गया है कि आप के 32 उम्मीदवार आपराधिक मामलों का सामने कर रहे हैं। दूसरे नंबर पर कांग्रेस और तीसरे पर भाजपा है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, आपराधिक मामलों वाले 167 उम्मीदवारों में से 100 पर हत्या या बलात्कार जैसे गंभीर आरोप हैं। इसके साथ ही कुल उम्मीदवारों में 21 प्रतिशत पर आपराधिक मामले हैं, जबकि 13 प्रतिशत पर गंभीर आरोप हैं। आम आदमी पार्टी (आप) कुल 89 सीटों में से 88 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके 36 प्रतिशत उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी (आप) के 30 प्रतिशत उम्मीदवार हत्या, बलात्कार, हमला, अपहरण जैसे गंभीर मामलों का सामना कर रहे हैं। आप द्वारा मैदान में उतारे गये आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों की संख्या 32 है। हैरान करनेवाली बात यह है कि यह पार्टी राज्य में स्वच्छ और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देने का वादा करते हुए प्रचार में जुटी है। इसके बाद सबसे ज्यादा आपराधिक उम्मीदवारों वाली पार्टी कांग्रेस है। उसके 35 प्रतिशत उम्मीदवार आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। वहीं, 20 प्रतिशत उम्मीदवारों पर गंभीर मामले चल रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे पुरानी पार्टी पहले चरण में सभी 89 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस के आपराधिक मामलोंवाले उम्मीदवारों की संख्या 31 है।

**भाजपा के 16 प्रतिशत उम्मीदवार दागी :** वहीं, सत्तारूढ़ भाजपा भी पहले चरण में सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने आपराधिक रिकॉर्ड वाले 14 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि प्रतिशत के लिहाज से ऐसे उम्मीदवारों की कुल संख्या का 16 प्रतिशत है और 12 प्रतिशत उम्मीदवार गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं। भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) के 14 फीसदी उम्मीदवार पहले चरण में चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें चार उम्मीदवार (29 प्रतिशत) आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। उसके कुल सात फीसदी उम्मीदवारों पर इस बार गंभीर आपराधिक मामले हैं। एडीआर की रिपोर्ट में बताया गया है कि 2017 के विधानसभा चुनावों में पहले चरण में चुनाव लड़नेवाले उम्मीदवारों में से 15 प्रतिशत दागी थे, जबकि आठ फीसदी उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले थे। रिपोर्ट में बताया गया है कि गंभीर आपराधिक मामलों वाले कुछ उम्मीदवारों में भाजपा के जनक तलविया और कांग्रेस के वसंत पटेल भी शामिल हैं। आपराधिक रिकॉर्ड वाले अन्य उम्मीदवारों में भाजपा के पुरुषोत्तम सोलंकी, कांग्रेस के गनीबेन ठाकोर और जिग्नेश मेवानी, आप के गोपाल इटालिया और अल्पेश कठेरिया शामिल हैं।

**2017 के विस चुनाव के पहले चरण में थे 70 दागी उम्मीदवार :** पहले चरण के 167 उम्मीदवारों में से 100 ने चुनाव आयोग को जो हलफनामा सौंपा है, उसमें उन्हें अपने ऊपर गंभीर मामले घोषित किये हैं। इनमें महिला खिलाफ अपराध के नौ मामले, हत्या के तीन मामले और हत्या के प्रयास के 12 मामले शामिल हैं। 2017 में पहले चरण में ऐसे 78 उम्मीदवार मैदान में थे। पिछले 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 36, भाजपा के 25 और बीटीपी के 67 दागी उम्मीदवार पहले चरण में मैदान में थे। सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के आदेश के अनुसार, सभी राजनीतिक दलों को लंबित आपराधिक मामलों और ऐसे उम्मीदवारों के चयन की वजहों की जानकारी अपनी वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है। इसके साथ ही जानकारी को एक स्थानीय और एक राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित करना व आधिकारिक सोशल मीडिया मंच पर अपलोड करना अनिवार्य है।

# मेघालय-असम बॉर्डर पर हिंसा बढ़ी, उपद्रवियों ने फॉरेस्ट ऑफिस को जलाया

**गुवाहाटी/शिलांग (एजेंसी)।** मेघालय-असम बॉर्डर पर एक विवादित क्षेत्र में मंगलवार को फायरिंग में हुई छह लोगों की मौत के बाद हिंसा बढ़ गई है। मेघालय के ग्रामीणों के एक ग्रुप ने असम के पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले में एक फॉरेस्ट ऑफिस में कथित रूप से तोड़फोड़ की और आग लगा दी। वहीं, मुक्रोह गांव और मेघालय की राजधानी शिलांग में भीड़ ने दो वाहनों को आग लगा दी। अधिकारियों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि मंगलवार की रात असम के खेरोनी फॉरेस्ट रेंज के तहत अंतरराज्यीय सीमा से सटे एक फॉरेस्ट ऑफिस के सामने गांव वाले कथित तौर पर चाकू, रॉड और लाठियों से लैस होकर इकट्ठा हो गए। पहले भीड़ ने फॉरेस्ट ऑफिस में तोड़फोड़ की, फिर परिसर में रखे फर्नीचर, दस्तावेज और मोटरसाइकिल जैसी संपत्तियों को आग लगा दी। सुरक्षाकर्मियों की एक टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही ग्रामीण भाग गए। इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

### मेघालय में दो वाहनों में लगायी आग




### खासी स्टूडेंट यूनियन ने ली ऑफिस और वाहनों को जलाने की जिम्मेदारी

**स्थानीय** लोगों ने मुक्रोह गांव में लावारिस हालत में मिले असम सरकार के एक वाहन को आग लगा दी। मेघालय के खासी स्टूडेंट यूनियन ने मुक्रोह में फॉरेस्ट ऑफिस और असम सरकार के वाहन को आग लगाने की जिम्मेदारी ली। उन्होंने आरोप लगाया कि मेघालय में एमडीए व्यवस्था अपने नागरिकों की सुरक्षा करने में विफल रही है। छात्र संघ के सदस्यों ने इलोंग सिविल अस्पताल में प्रदर्शन किया, जहां फायरिंग में मारे गये छह लोगों के शव पोस्टमार्टम के लिए लाये गये थे।

## ट्रस्ट ने दिव्यांग वृद्ध महिला-पुरुषों के बीच कम्बल व टोपी का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं और सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान में बृहस्पतिवार को अरगोड़ा के चापु टोली एव लोहरा कोचा के निर्धन लाचार, असहाय, विकलांग एवं वृद्ध महिलाओं और पुरुषों के बीच 178 कम्बल, 178 टोपी एवं 178 ऊनी मोजा का वितरण हेहल प्रखण्ड के समाज सेवी महिला मुस्कान कुमारी, किरण बान्डो के सहयोग से स्वामी सदानंद जी महाराज के शिष्यों ने संस्था के सदस्यों एव पदाधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न समानों का वितरण किया गया। ट्रस्ट के सदस्यों ने सेवा प्रकरण में कहा की भगवान की सेवा से बड़ा पुण्य मिलता है, जब निर्धन लाचार एवं दिव्यांगों की सेवा करते हैं। कम्बल वितरण का कार्य आगे भी समय-समय किये जायेंगे। संस्था के सदस्यों ने इस बर्ष 1100 कम्बल 1100 टोपी/ मफलर 1100 उनी मोजा का वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। सेवा के सभी कार्य संस्था के सदस्यों के सहयोगसे किये जाता है। आज की सेवा के महान कार्य मे संस्था के सह-संरक्षक बसंत कुमार गौतम अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, नन्द किशोर चौधरी, ओमप्रकाश सरावगी,, बिष्णु सोनी, धीरज गुप्ता, आलोक सिंह,रमेन्द्र पाण्डेय एव इनके अलावा भी संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

## राष्ट्रीय सीनियर आर्टिस्टिक जिमनास्टिक प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी व पंजाब के लिए हुए रवाना

**रांची।** पंजाब,लवली प्रोफेशनल युनिवर्सिटी,फगवाड़ा में 26 से 29 नवंबर 2022 को होने वाले सीनियर नेशनल आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता के लिए झारखण्ड के जिम्नास्टिक खिलाड़ी,टीम मैनेजर,जज, कोच रांची रेलवे स्टेशन से रवाना हुए। लायन्स क्लब ऑफ इस्ट के अध्यक्ष रतन अग्रवाल के द्वारा सभी जिम्नास्टिक खिलाड़ी को टी शर्ट प्रदान किया गया। झारखंड जिम्नास्टिक संघ के अध्यक्ष आर०के० आनन्द, सचिव निशिकांत पाठक, कार्यकारी सचिव राजीव रंजन, लायन्स क्लब ऑफ इस्ट के अध्यक्ष रतन अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, झारखंड जिम्नास्टिक संघ के कोषाध्यक्ष गोविंद झा, उपाध्यक्ष -तूलिका श्रीवास्तव, प्रशासनिक सचिव दीपक गुप्ता,आशुतोष द्विवेदी, धनबाद जिला जिम्नास्टिक संघ के अध्यक्ष शशिकांत पाण्डेय तथा अन्य जिला संघों ने टीम के जीत की शुभकामनाएं देकर विदा किया।

## महिला / पुरुष कुश्ती खिलाड़ियों का ट्रायल 26 नवंबर को रांची में

**रांची।** ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कुश्ती प्रतियोगिता में भागीदारी हेतु रांची विश्वविद्यालय के कुश्ती टीम गठन के लिए मारवाड़ी कॉलेज रांची के अगुवाई में महिला एवं पुरुष कुश्ती खिलाड़ियों का खुली चयन ट्रायल दिनांक 26 नवंबर 2022 को प्रात: 10 :00 बजे से मोराबादी स्थित गेट न० 19 कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र के हॉल में आयोजित है। इस चयन ट्रायल में रांची विश्वविद्यालय में अध्ययनरत कोई भी कुश्ती खिलाड़ी भाग ले सकते हैं ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड ,अपने महाविद्यालय का परिचय पत्र, मैट्रिक एवं इंटर का अंक प्रमाण पत्र लाना आवश्यक है।

## किरायेदार से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी पिता-पुत्र बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एसएम शाहजाद की अदालत ने महिला किरायेदार से जबरदस्ती दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी पिता गोल्डन साव एवं उसका बेटा तुलसी साव को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। घटना को लेकर पीड़िता ने 19 सितंबर 2020 को खेलगांव थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि गाड़ी होटवार निवासी मकान मालिक गोल्डन साव का 19 वर्षीय बेटा तुलसी साव कमरे में अकेले पाकर घुस गया और जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने पति को दी। इसके बाद खेलगांव में पिता-पुत्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने 10 जुलाई 2021 को तुलसी साव को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## म्हॉली स्पिरिट फाउंडेशन ट्रस्ट झारखण्ड के तत्वावधान मुफ्त हार्ट चेकअप कैंप आज

रांची। हॉली स्पिरिट फाउंडेशन ट्रस्ट झारखण्ड के तत्वावधान में लेक रोड स्थित राईन उर्दू गर्ल्स स्कूल में आज मुफ़्त हार्ट चेकअप कैंप का आयोजन किया जायेगा। कैंप सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। चेकअप कैंप में ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल जमशेदपुर के मशहूर डॉक्टर परवेज आलम सहित उनकी पूरी टीम मौजूद रहेगी। कैंप में ब्लड शुगर, ईसीजी, बीपी व वजन जैसे जांच बिलकुल मुफ़्त होंगे । हॉली स्प्रीट के झारखण्ड प्रमुख रमजान कुरैशी ने सभी से हार्ट जांच कैंप का लाभ उठाने की अपील की । उन्होंने बताया की कैंप में बीमारियों को लेकर लोगों को जागरूक भी किया जायेगा । मुफ़्त जांच के लिए निबंधन व अधिक जानकारी के लिए रमजान कुरैशी से मोबाइल नंबर 9263726408 पर संपर्क कर सकते हैं। इस कैंप से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में टेक्निकल व सिविल वर्क से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की, कहा-

# लंबे समय से चल रहे अपूर्ण योजनाओं को पूरा करना पहली प्राथमिकता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में टेक्निकल एवं सिविल वर्क से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त, रांची श्री विशाल सागर, निदेशक एनईपी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला अभियंता जिला परिषद, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा सिंचाई, सड़क, बिजली, पेयजल एवं स्वच्छता, भवन प्रमंडल, जिला परिषद, स्पेशल डिविजन आदि विभागों द्वारा जिला में चल रही योजनाओं की कार्य प्रगति की विस्तृत रुप से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारियों को चल रही स्कीम से संबंधित रिपोर्ट देने को कहा। उन्होंने कहा कि जो स्कीम लंबे समय से चल रहे हैं और कारणवश अपूर्ण हैं, उन्हें पूरा करना प्राथमिकता है। उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। उसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास करें। अगर को संवेदक या अधिकारी लापरवाही करते हैं तो उनपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं को पूर्ण करने में नन डिपार्टमेंटल इश्यू हैं तो बतायें उनका समाधान किया जायेगा। बैठक में सभी कार्यपालक अभियन्ताओं को निदेश दिया गया कि यदि किसी भी योजना के क्रियान्वयन में भूमि संबंधी समस्या अथवा अन्य किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो अविलम्ब लिखित रूप में जिला प्रशासन को इसकी सूचना दें ताकि उसका निराकरण अविलम्ब कराकर योजना कार्य समय सीमा के अन्दर पूर्ण किया जा सकें। सिरम टोली से मेकॉन गोलचक्कर तक एलिवेटेड रोड, अरगोड़ा से कटहल मोड़ तक रोड के चौड़ीकरण आदि महत्वपूर्ण परियोजनाओं की भी उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गयी। इन सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए की जानेवाली आवश्यक प्रक्रियाओं को उपायुक्त जल्द से जल्द पूरा करने का निदेश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने डीएमएफटी, अनटाइड फंड, जिका के स्कीम की भी समीक्षा की।


## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा
**E-Mail ID- dscogarhwa@gmail.com**

### कृषको, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को अनुदानित दर पर पम्प सेट एवं छोटे कृषि उपकरण बैंक वितरण की योजना

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, रॉंची, राज्यादेश सं0 41 दिनांक 11.11.2022 के आलोक में गढ़वा जिले के कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा अन्य के लिए अनुदानित दर पर पम्पसेट एवं पाईप तथा छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना की योजना।

पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना

मनरेगा अंतर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह तथा साथ ही साथ भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वित्तीय वर्षों में तालाब जीर्णोद्वार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत् निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य जल श्रोत से लाभान्वित कृषकों को भी उक्त योजना के तहत् पम्पसेट (1.5–3.0 H.P.तथा 3.5–5.0 H.P.) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) तथा 1.0 एच0पी0 सोलर पम्प सेट (Troly Mounted Movable Type) उपलब्ध कराया जायेगा।

| क0 | पम्पसेट के प्रकार | लक्ष्य | 90% अनुदान |
|---|---|---|---|
| 1 | पम्पसेट 1.5–3.0 H.P. एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) | 300 | अधिकतम रू0 20,000.00 (बीस हजार रूपये मात्र) |
| 2 | पम्पसेट 3.5–5.0 H.P.) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) | 40 | अधिकतम रू0 30,000.00 (तिस हजार रूपये मात्र) |
| 3 | 1.0 एच0पी0 सोलर पम्पसेट (Troly Mounted Movable Type) | 20 | अधिकतम रू0 90,000.00 (नब्बे हजार रूपये मात्र) |

जिन कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग (निदेशक समेती/भूमि संरक्षण निदेशालय/कृषि निदेशालय/उद्यान निदेशालय) द्वारा सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चूका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नही होगी। मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के कार्यालय में अपना नाम सूचीबद्ध करायेगें।

छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना

महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस–पैक्स, में कृषक समूह के लिए 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 5.00 (पॉच लाख) रूपये पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर एवं उनके सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर इत्यादि के वितरण किया जयेगा। मिनी ट्रक्टर पैकेज अथवा पावर टीलर या अन्य कृषि यंत्रो का पैकेज की कुल किमत 6.25 (छः लाख पच्चीस हजार) रूपये से अधिक होने या अनुदान की राशि 5.00 (पॉच) लाख से अधिक होने पर कृषक समूह अपना अतिरिक्त अंशदान देकर कृषि यंत्र प्राप्त कर सकते है। जिसका लक्ष्य गढ़वा जिले के लिए 15 इकाई (पन्द्रह) व्यक्तिगत कृषको के लिए अधिकतम लागत रूपये 2.00 लाख रखे जाने एवं इसका 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 1.60 (एक लाख साठ हजार) रूपये देय होगा। जिसका लक्ष्य 12 (बारह) इकाई लक्ष्य प्राप्त है।

1. झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी (JSLPS) या अन्य किसी सक्षम संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों या अन्य कृषक समूहों का योजनान्तर्गत चयन किया जायेगा।
2. स्वयं सहायता समूहों के गठन में 10 से 12 सदस्यों का होना आवश्यक है।
3. छोटे कृषि उपकरण बैंक में वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल /लैम्पस–पैक्स या अन्य कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी जिस समूह के सदस्यों के पास खेती योग्य कुल 10.00 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
4. वैसे समूहों को भी प्राथमिकता दी जायेगी जिस समूह के सदस्यों में से कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैद्य लाईसेंस होगा।
5. व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषकों के लिए वैसे कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिस कृषक परिवार के पास खेती योग्य 2.00 एकड़ भूमि होगी।
6. माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।
7. कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के द्वारा किसी यंत्रो/पम्पसेट/एन0एफ0एस0एम0 योजना में प्राप्त कृषि यंत्र में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा उन यंत्रो को छोड़कर ही अन्य किसी कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
8. आवेदन पत्र जमा करने हेतु आवश्यक निर्देशः–
(1) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमान्त कृषक/महिला समूह का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
(2) आवेदन पत्र पर त्रिस्तरीय पंचायती राज के प्रतिनिधि का अनुशंसा अनिवार्य होगा।
(3) कृषक/समूह/संस्था द्वारा आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में नियमानुसार सच्ची सूचना अंकित कर संबंधितों की अनुशंसा के पश्चात ही इस कार्यालय में जमा की जा सकेगी।
(4) आवेदक कृषक अंचलाधिकारी से निर्गत भू–धारिता सम्बन्धि प्रमाण आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेगें।
(5) आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
(6) अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार्य नही होगा।
(7) पूर्णरूपेण भरे हुए आवेदन पत्र संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक 21.12.2022 को संध्या 5.00 बजे तक स्वीकार किये जायेगें एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय से जॉच के फलस्वरूप दिनांक 25.12.2022 तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जायेगा।
(8) आवेदन पत्र इस कार्यालय एवं संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकेंगे। आवेदन पत्र भूमि संरक्षण निदेशालय के वेवसाईट-www.jharkjandsoil.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पताः– भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा संयुक्त कृषि भवन गढ़वा फोन नं0–9431192883

ह0/
भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 283309 Agriculture(22-23)D



## कार्यालय :- जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू
मेदिनीनगर, पलामू, पिन – 822101

### प्रेस - विज्ञप्ति
#### आवश्यक–सूचना

पलामू जिले के कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मुल्य (MRP) निम्न प्रकार है :–

| Sl. No | Company | UREA | DAP | MOP | SSP | | | | Complex | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Ind./Imp. | Ind./Imp. | | SSP-P | SSP-G | SSP-P (Zn) | SSP-G (Zn) | 20:20:0:1 | 12:32:16 | 10:26:26 | 14:28:00 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | - | - | - | 1400.00 | - | - | - |
| 2 | NFL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL/KRIBHCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | 1700.00 | 435.00 | - | - | - | - | - | 1470.00 | 1550.00 |
| 6 | IPL | 266.50 | 1350.00 | 1700.00 | 515.00 | 555.00 | - | - | - | - | - | - |
| 7 | PPL | - | 1350.00 | - | - | - | - | - | 1470.00 | - | - | - |
| 8 | SAI | - | - | - | 610.00 | 650.00 | - | - | - | - | - | - |
| 9 | MATIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 10 | KCFL | - | - | - | 650.00 | 690.00 | 675.00 | 715.00 | - | - | - | - |

नोट :–
1. यूरिया की प्रति बोरी 45 KG Packsize की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 KG Packsize होती है।
2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित MRP से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनिकी प्रबंधक, जिले के जिला कृषि कार्यालय तथा संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय में इसकी शिकायत की जा सकती है।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू।

PR 283349 (District) 22-23 (D)



## कार्यालय, जिला परिवहन पदाधिकारी, पलामू
**Email- ID:-dtopalamu03@Gmail.com**

### प्रेस विज्ञप्ति

एतद द्वारा सूचित किया जाता है राज्य मुख्यालय से प्राप्त निम्नांकित वाहनों का पथकर (Raoad Tax) की राशि वाहन संख्या के पूर्व तिथि से बकाया है वाहनों का पथकर (Raoad Tax) की राशि के भुगतान के बिना वाहनों का परिचालन दण्डनीय है।

अतः निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन की तिथि से दो दिनों के भीतर बकाया पथकर (Raoad Tax) की राशि का भुगतान करना सुनिश्चित करें। जो निम्नवत है।

| Sl No. | Vehicle No. | Vehicle type | Sl No. | Vehicle No. | Vehicle type |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BR159265 | LGV | 21 | JH03B1948 | HGV |
| 2 | BR15A9444 | HGV | 22 | JH03B2737 | MGV |
| 3 | BR15G0287 | HGV | 23 | JH03B3274 | HGV |
| 4 | BR24G0215 | HGV | 24 | JH03B3275 | HGV |
| 5 | BR524036 | HGV | 25 | JH03B4206 | HGV |
| 6 | CG04CZ6067 | HGV | 26 | JH03B4556 | LGV |
| 7 | CG04G4812 | HGV | 27 | JH03B5344 | HGV |
| 8 | CG10C6903 | HGV | 28 | JH03B7233 | MGV |
| 9 | DL1LB5666 | LGV | 29 | JH03B8035 | HGV |
| 10 | HR55A4888 | HGV | 30 | JH03B8037 | HGV |
| 11 | JH02A9898 | HGV | 31 | JH03B8220 | HGV |
| 12 | JH03A1181 | HGV | 32 | JH03B8381 | MGV |
| 13 | JH03A2106 | LGV | 33 | JH03B8837 | MGV |
| 14 | JH03A3786 | HGV | 34 | JH03B8943 | HGV |
| 15 | JH03A3811 | HGV | 35 | JH03B9060 | MGV |
| 16 | JH03A3910 | HGV | 36 | JH03B9412 | HGV |
| 17 | JH03A9456 | HGV | 37 | JH03B9416 | HGV |
| 18 | JH03B0556 | HGV | 38 | JH03B9436 | HGV |
| 19 | JH03B0871 | HGV | 39 | JH03B9444 | HGV |
| 20 | JH03B0914 | HGV | 40 | JH03B9989 | MGV |
| 41 | JH03C2438 | HGV | 71 | JH03F5222 | LGV |
| 42 | JH03C2721 | MGV | 72 | JH03F7080 | LGV |
| 43 | JH03C9910 | HGV | 73 | JH03F8485 | LGV |
| 44 | JH03D1929 | HGV | 74 | JH03F8629 | MGV |
| 45 | JH03D2886 | HGV | 75 | JH03F8931 | MGV |
| 46 | JH03D4827 | MGV | 76 | JH03G0642 | LGV |
| 47 | JH03D5234 | LGV | 77 | JH03G0859 | MGV |
| 48 | JH03D5758 | LGV | 78 | JH03G3542 | HGV |
| 49 | JH03D6693 | LGV | 79 | JH03G3784 | LGV |
| 50 | JH03D7786 | HGV | 80 | JH03G4845 | HGV |
| 51 | JH03D8499 | LGV | 81 | JH03G7682 | MGV |
| 52 | JH03D8841 | HGV | 82 | JH03G8150 | LGV |
| 53 | JH03E0181 | LGV | 83 | JH03G9012 | LGV |
| 54 | JH03E0748 | LGV | 84 | JH03H1219 | LGV |
| 55 | JH03E0925 | LGV | 85 | JH03H1797 | LGV |
| 56 | JH03E3093 | LGV | 86 | JH03H2138 | LGV |
| 57 | JH03E3367 | LGV | 87 | JH03H3060 | LGV |
| 58 | JH03E4726 | HGV | 88 | JH03H3595 | MGV |
| 59 | JH03E4891 | HGV | 89 | JH03H8547 | MGV |
| 60 | JH03E5956 | MGV | 90 | JH03J0122 | LGV |
| 61 | JH03E6242 | LGV | 91 | JH03J0364 | LGV |
| 62 | JH03E6471 | LGV | 92 | JH03J1800 | HGV |
| 63 | JH03E7203 | LGV | 93 | JH03J2364 | LGV |
| 64 | JH03E7453 | HGV | 94 | JH03J2715 | HGV |
| 65 | JH03E7463 | HGV | 95 | JH03J4023 | MGV |
| 66 | JH03E9089 | LGV | 96 | JH03J6976 | LGV |
| 67 | JH03F3255 | HGV | 97 | JH03J7651 | LGV |
| 68 | JH03F3369 | LGV | 98 | JH03J8735 | LGV |
| 69 | JH03F3697 | HGV | 99 | JH03K1409 | LGV |
| 70 | JH03F4416 | LGV | 100 | JH03K1579 | MGV |
| 101 | JH03K5483 | MGV | 131 | JH03P7937 | HGV |
| 102 | JH03K8390 | LGV | 132 | JH03P8157 | LGV |
| 103 | JH03L0831 | LGV | 133 | JH03P8623 | HGV |
| 104 | JH03L3656 | MGV | 134 | JH03P9599 | MGV |
| 105 | JH03L6999 | LGV | 135 | JH03Q0199 | HGV |
| 106 | JH03L7682 | LGV | 136 | JH03Q1370 | LGV |
| 107 | JH03L8698 | MGV | 137 | JH03Q3227 | HGV |
| 108 | JH03L9279 | MGV | 138 | JH03Q4928 | HGV |
| 109 | JH03M1815 | LGV | 139 | JH03Q5873 | LGV |
| 110 | JH03M2383 | HGV | 140 | JH03Q5969 | LGV |
| 111 | JH03M3994 | MGV | 141 | JH03Q6549 | LGV |
| 112 | JH03M4513 | MGV | 142 | JH03Q8105 | LGV |
| 113 | JH03M5315 | HGV | 143 | JH03Q8791 | LGV |
| 114 | JH03M5507 | HGV | 144 | JH03Q8863 | HGV |
| 115 | JH03M5693 | MGV | 145 | JH03Q9826 | LGV |
| 116 | JH03M7835 | LGV | 146 | JH03R2365 | HGV |
| 117 | JH03M8092 | HGV | 147 | JH03R3080 | LGV |
| 118 | JH03M9283 | HGV | 148 | JH03R4132 | LGV |
| 119 | JH03M9692 | LGV | 149 | JH03R6193 | LGV |
| 120 | JH03N1030 | MGV | 150 | JH03R8542 | HGV |
| 121 | JH03N1921 | LGV | 151 | JH03R8748 | HGV |
| 122 | JH03N3410 | LGV | 152 | JH03R9122 | HGV |
| 123 | JH03N8274 | LGV | 153 | JH03R9907 | HGV |
| 124 | JH03P2840 | HGV | 154 | JH03S0179 | HGV |
| 125 | JH03P3680 | LGV | 155 | JH03S0980 | HGV |
| 126 | JH03P4022 | MGV | 156 | JH03S1065 | MGV |
| 127 | JH03P4988 | MGV | 157 | JH03S1596 | HGV |
| 128 | JH03P5169 | HGV | 158 | JH03S1945 | LGV |
| 129 | JH03P7564 | MGV | 159 | JH03S2017 | HGV |
| 130 | JH03P7714 | MGV | 160 | JH03S2755 | HGV |
| 161 | JH03S3120 | HGV | 191 | JH03V9308 | HGV |
| 162 | JH03S3545 | HGV | 192 | JH03W7619 | LGV |
| 163 | JH03S3702 | HGV | 193 | JH13A9767 | MGV |
| 164 | JH03S5763 | HGV | 194 | UP32AN3498 | HGV |
| 165 | JH03S5935 | HGV | 195 | UP65R2323 | MGV |
| 166 | JH03S6705 | HGV | 196 | WB554504 | LGV |
| 167 | JH03S6796 | LGV | 197 | WB65A8730 | HGV |
| 168 | JH03S7042 | HGV | 198 | CG14A2234 | MPV |
| 169 | JH03S7279 | HGV | 199 | CG15A4797 | MPV |
| 170 | JH03S7447 | HGV | 200 | JH03A0037 | LPV |
| 171 | JH03S7455 | HGV | 201 | JH03A1107 | LPV |
| 172 | JH03S8189 | HGV | 202 | JH03A2575 | LPV |
| 173 | JH03S8924 | HGV | 203 | JH03A2884 | LPV |
| 174 | JH03S9445 | HGV | 204 | JH03A2931 | LPV |
| 175 | JH03S9492 | HGV | 205 | JH03A3050 | LPV |
| 176 | JH03S9717 | HGV | 206 | JH03A3134 | LPV |
| 177 | JH03S9863 | MGV | 207 | JH03A3911 | LPV |
| 178 | JH03S9900 | HGV | 208 | JH03A3984 | LPV |
| 179 | JH03T1561 | HGV | 209 | JH03A3986 | LPV |
| 180 | JH03T3284 | HGV | 210 | JH03B0134 | LPV |
| 181 | JH03T4926 | LGV | 211 | JH03B1671 | LPV |
| 182 | JH03T5121 | MGV | 212 | JH03B7831 | LPV |
| 183 | JH03T6977 | LGV | 213 | JH03B8190 | LPV |
| 184 | JH03T8447 | HGV | 214 | JH03B8543 | LPV |
| 185 | JH03U0560 | LGV | 215 | JH03C5479 | LPV |
| 186 | JH03U5571 | HGV | 216 | JH03C8061 | LPV |
| 187 | JH03U5982 | MGV | 217 | JH03C9347 | LPV |
| 188 | JH03U7965 | LGV | 218 | JH03D2585 | MPV |
| 189 | JH03V0254 | LGV | 219 | JH03D9820 | LPV |
| 190 | JH03V8839 | HGV | 220 | JH03E6750 | LPV |
| 221 | JH03G4661 | MPV | 236 | JH03T3774 | MPV |
| 222 | JH03G9183 | LPV | 237 | JH03T9304 | MPV |
| 223 | JH03H0884 | MPV | 238 | JH03U2498 | LPV |
| 224 | JH03H7406 | HPV | 239 | JH03U3591 | HPV |
| 225 | JH03K6573 | MPV | 240 | JH03V5586 | HPV |
| 226 | JH03L1706 | MPV | 241 | JH03V7455 | LPV |
| 227 | JH03L7757 | MPV | 242 | JH03W9008 | LPV |
| 228 | JH03M2937 | LPV | 243 | JH05V5127 | LPV |
| 229 | JH03P9368 | HPV | 244 | UP64C4662 | LPV |
| 230 | JH03Q5531 | HPV | 245 | JH03A1318 | LGV |
| 231 | JH03R0527 | HPV | 246 | JH03A1319 | LGV |
| 232 | JH03S1404 | HPV | 247 | JH03K8160 | LGV |
| 233 | JH03S7285 | LPV | 248 | JH03R6032 | MGV |
| 234 | JH03S8391 | MPV | | | |
| 235 | JH03S9984 | LPV | | | |

विश्वासभाजन
जिला परिवहन पदाधिकारी,पलामू

PR 283344 District(22-23)#D

## न्यूज गैलरी

### चैम्पियन फ्रांस का विजयी आगाज, ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराया



**दोहा (एजेंसी)।** फ्रांस की फुटबॉल टीम ने अपने पहले ही मैच में दिखा दिया है कि वह फीफा विश्व कप 2022 में अपने स्टार स्ट्राइकर के बिना भी खेल सकती है और बड़ी जीत हासिल कर सकती गै। करीम बेंजेमा की अनुपस्थिति में, कायलिन एमबापे ने एक गोल किया और ओलिवियर गिरौद के दो गोलों में से एक में मदद की, जिससे गत चैम्पियन ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हरा दिया। गिरौद ने 71वें मिनट में एमबापे के क्रॉस से हेडर से थिएरी हेनरी के 51 गोल के नेशनल रिकॉर्ड की बराबरी की। गिरौद पिछले विश्व कप में एक भी गोल करने में नाकाम रहे थे, लेकिन 2014 के टूर्नामेंट में उन्होंने गोल किये थे। ऐसे में अब गिरौद के पास शनिवार को हेनरी का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका होगा, जब फ्रांस का सामना डेनमार्क की टीम से होगा।

### ब्रील एम्बोलो की बदौलत स्विट्जरलैंड ने कैमरून को 1-0 से दी मात

**अल वकराह (एजेंसी)।** स्विट्जरलैंड ने कैमरून में जन्मे ब्रील एम्बोलो के गोल की बदौलत गुरुवार को फीफा विश्व कप 2022 के ग्रुप-जी मुकाबले में कैमरून को 1-0 से मात दी। एम्बोलो ने दूसरे हाफ के तीसरे मिनट में गोल जमाकर स्विट्जरलैंड को ग्रुप तालिका के शीर्ष पर पहुंचाया। विश्व कप में 20 साल बाद अपनी पहली जीत तलाश रही कैमरून ने इससे पहले मुकाबले पर पकड़ बना रखी थी, लेकिन एम्बोलो का गोल स्विस टीम की जीत में निर्णायक साबित हुआ। एम्बोलो का जन्म कैमरून की राजधानी यॉन्डे में हुआ था, लेकिन उनका परिवार पहले फ्रांस, और फिर स्विट्जरलैंड में जा बस गया था। एम्बोलो के गोल के बाद अल जबून स्टेडियम में मौजूद मुट्ठी भर स्विस समर्थक जश्न में झूम उठे, हालांकि 25 वर्षीय फुटबॉलर इस जश्न में शामिल नहीं हुए। इस जीत के साथ स्विट्जरलैंड तीन अंक हासिल करके ग्रुप-जी के शीर्ष पर आ गयी है। स्विस टीम का अगला मुकाबला ब्राजील से होगा, जबकि कैमरून को सर्बिया का सामना करना है।

### वनडे सीरीज से पहले रॉस टेलर ने चुनी पसंदीदा टीम

**ऑकलैंड (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुक्रवार 25 नवम्बर से वनडे सीरीज शुरू होगी। इससे पहले पूर्व क्रिकेटर रॉस टेलर ने अपनी फेरवेट टीम चुनी हैं। टेलर ने न्यूजीलैंड पर भरोसा जताया है कि वे भारत के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू एक दिवसीय श्रृंखला जीतने के प्रबल दावेदार हैं। पहला मैच ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जायेगा। टेलर ने कहा कि मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड घर में पसंदीदा के रूप में शुरू होता है। वे इस प्रारूप को बखूबी जानते हैं। उन्हें पता है कि इन हालात में कैसे खेलना है। यह एक युवा और रोमांचक भारतीय पक्ष है और जब भारत ने कुछ साल पहले (2020 दौरे) टी-20 इंटरनेशनल में हमें 5-0 से हराया था, तो हमने वनडे 3-0 से जीता था। उन्होंने कहा, 'हमें बस इंतजार करना होगा और देखना होगा, लेकिन इन तथ्यों को देखते हुए न्यूजीलैंड थोड़ा पसंदीदा है।' आखिरी बार भारत ने न्यूजीलैंड को 2019 की शुरूआत में हराया था जब उन्होंने एकदिवसीय श्रृंखला में 4-1 से जीत दर्ज की थी। उस श्रृंखला का पांचवां और अंतिम ओडीआई जेम्स नीशम को आउट करने के लिए एमएस धोनी की स्टंप के पीछे से स्मार्ट रणनीति के लिए प्रसिद्ध हुआ।

# न्यूजीलैंड दौरे से विश्व कप 2023 की तैयारी शुरू

**ऑकलैंड (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शिखर धवन की कप्तानी में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला के पहले मुकाबले में शुक्रवार को एक दिवसीय विश्व कप-2023 की तैयारी शुरू करेगी। भारत में होनेवाले विश्व कप में 12 माह से भी कम का समय रह गया है और मेजबान होने के नाते प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर चुकी भारतीय टीम इसी श्रृंखला के साथ अपनी एकादश को मूर्तरूप देने में व्यस्त हो जायेगी। यही कारण है कि टी-20 और टेस्ट टीम से बाहर रहनेवाले 36 वर्षीय धवन को श्रृंखला के लिए कप्तानी सौंपी गयी है। बाएं हाथ के अनुभवी बल्लेबाज विश्व कप के 10 मैचों में 53.7 की औसत से 537 रन बना चुके हैं और अगले आयोजन के लिए भी बतौर ओपनर भारत की पहली पसंद होंगे। धवन ने हालांकि पिछली कुछ एक दिवसीय श्रृंखलाओं में संघर्ष किया है और अगर वह न्यूजीलैंड के विरुद्ध अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते, तो टीम प्रबंधन युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को भी ओपनर बनाने पर विचार कर सकता है। गिल ने इस वर्ष 50 ओवर के क्रिकेट में 75.71 की औसत और



107.50 की स्ट्राइक रेट से 530 रन बनाये हैं। इस सीरीज में इसी तरह का प्रदर्शन उन्हें विश्व कप में सलामी बल्लेबाज की भूमिका का दावेदार बना सकता है।

### बड़े खिलाड़ियों को श्रृंखला से दिया गया है आराम

**रोहित** शर्मा, विराट कोहली, लोकेश राहुल, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह जैसे बड़े खिलाड़ियों को भले ही इस श्रृंखला से आराम दिया गया है, लेकिन भारत के पास इनके विकल्प परखने का सुनहरा अवसर है। श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत और संजू सैमसन जहां टीम के मध्यक्रम को संबल देंगे, वहीं दीपक हुड्डा बल्ले से योगदान देने के साथ-साथ टीम के छठे गेंदबाजी विकल्प भी साबित हो सकते हैं। भारत के पास वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर के रूप में ऐसे गेंदबाज हैं जो बल्लेबाजी में गहराई प्रदान करते हैं। इस सीरीज में तेज गेंदबाज उमरान मलिक के एक दिवसीय पदार्पण करने की भी संभावना है। दूसरी ओर, आईसीसी की शीर्ष वनडे टीम न्यूजीलैंड ने भी मार्टिन गप्टिल के स्थान पर फिन ऐलन को एक दिवसीय टीम का सलामी बल्लेबाज बनाकर विश्व कप की तैयारियों का अंदेशा दे दिया है। टी-20 सीरीज 1-0 से हारनेवाले ब्लैक कैप्स 50 ओवर वाली श्रृंखला जीतकर दोबारा लय हासिल करना चाहेंगे।

# अथिया संग शादी से पहले केएल राहुल पहुंचे मंदिर, जल्द लेंगे सात फेरे



**मैंगलोर (एजेंसी)।** टीम इंडिया के ओपनर और उप-कप्तान केएल राहुल और बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी की शादी की तैयारियां जोरों पर है। इन्हीं तैयारियों के बीच भारतीय टीम के स्टार ओपनर राहुल मैंगलोर के प्रसिद्ध सुब्रह्मण्य मंदिर में पूर्जा-अर्चना करने पहुंचे। राहुल के साथ उनके दोस्त भी मंदिर में नजर आये। हालांकि, राहुल के साथ उनकी होने वाली पत्नी अथिया साथ में नहीं दिखी। राहुल और अथिया की जनवरी 2023 में सात फेरे लेकर शादी के बंधन में बंध जायेंगे। भारतीय टीम के ओपनर बल्लेबाज केएल राहुल बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी के साथ जनवरी 2023 में शादी करनेवाले हैं। दोनों की यह शादी बॉलीवुड अभिनेता और अथिया के पिता सुनील शेट्टी के खंडाल मेंशन में होगी। वहीं, अपनी शादी के पहले राहुल मैंगलोर में सुब्रह्मण्य मंदिर पहुंचे। राहुल की मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए तस्वीर और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

### बोर्ड दिया राहुल को आराम

भारतीय टीम के ओपनर केएल राहुल फिलहाल टीम इंडिया का हिस्सा नहीं हैं। दरअसल, टी-20 वर्ल्ड कप के बाद उन्हें न्यूजीलैंड सीरीज से आराम दिया गया था। हालांकि, अगले महीने टीम इंडिया के बांग्लादेश दौरे पर होनेवाली सीरीज में केएल राहुल वापसी करेंगे। बांग्लादेश में भारतीय टीम को तीन वनडे और दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है।

### लंबे समय से कर रहे हैं एक-दूसरे को डेट

**भारतीय** टीम के मौजूदा उपकप्तान केएल राहुल और बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। उन्हें कई जगहों पर एक साथ स्पॉट भी किया गया है। अब इस जोड़ी की शादी जनवरी 2023 में होनेवाली है। टी-20 वर्ल्ड कप के बाद केएल राहुल बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी के साथ शादी करने के लिए राजी हो गये हैं।

# फीफा वर्ल्ड कप में एशियाई टीम का धमाका, जर्मनी उलटफेर का शिकार

**दोहा (एजेंसी)।** कतर की मेजबानी में खेले जा रहे फीफा वर्ल्ड कप 2022 सीजन में दूसरा बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। बुधवार को जर्मनी और जापान के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच में जापान ने जर्मनी को

- चार बार का वर्ल्ड चैम्पियन जर्मनी उलटफेर का शिकार, आठ मिनट में दो गोल करके जीता जापान

2-1 से करारी शिकस्त देते हुए धमाकेदार अंदाज में जीत दर्ज की। बता दें कि जर्मनी ने चार बार वर्ल्ड कप (1934, 1938, 1982, 2006) खिताब जीता है। मैच का पहला हाफ जर्मनी ने अपने नाम किया। उसने पहले हाफ में 1-0 की बढ़त बनायी थी। जबकि दूसरे हाफ में जापान ने दमदार खेल दिखाया और 8 मिनट में 2 गोल दागते हुए 2-1 से मैच अपने नाम कर लिया। फीफा की रैंकिंग में जर्मनी की टीम 11वें नंबर पर है, जबकि जापान की टीम 24वें नंबर पर है।

**दूसरे हाफ में दो गोल से जीता जापान :** मैच का पहला गोल जर्मनी के लिए इल्के गुंडोगन ने दागा। उन्होंने यह गोल पहले ही हाफ में पेनल्टी से 33वें मिनट में किया था। पहले ही हाफ में जापान और जर्मनी ने 2-2 गोल और भी दागे थे, लेकिन यह ऑफसाइड करार दिये गये। दूसरे हाफ में जापान ने अपना दमदार खेल दिखाया। उसने जर्मनी को पूरी तरह से बैकफुट पर रखा। जापान के लिए पहला गोल रित्सु दोन ने किया। उन्होंने यह गोल मैच के 75वें मिनट में दागा। इसी के साथ मैच 1-1 की बराबरी पर आ गया था। इसके बाद जापान के लिए तकुमा असानो ने विनिंग गोल दागा। उनका यह गोल 83वें मिनट में आया।

### जापान ने इतिहास में पहली बार जर्मनी को हराया



**जापान** के लिए यह जीत बेहद खास है, क्योंकि उसने इसके साथ ही इतिहास रच दिया है। जापान टीम ने इतिहास में पहली बार जर्मनी को हराया है। अब तक दोनों टीमों के बीच कुल पांच मैच हुए, जिसमें जर्मनी ने दो मैच जीते, जापान ने एक मुकाबला (यही वाला) जीता। जबकि दो मैच ड्रॉ पर खत्म हुए थे।

### टी-10 क्रिकेट : पूरन की पारी की बदौलत डेक्कन ग्लेडिएटर्स जीता

**अबूधाबी (एजेंसी)।** निकोलस पूरन के धमाकेदार अर्धशतक की मदद से डेक्कन ग्लेडिएटर्स ने अबूधाबी टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट में टीम अबूधाबी को 35 रन से हराया। पूरन ने आठ छक्कों और पांच चौकों की मदद से 77 रन बनाए जिससे डेक्कन की टीम ने छह विकेट पर 134 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम अबूधाबी किसी भी समय लक्ष्य तक पहुंचने की स्थिति में नहीं दिखी और डेक्कन के गेंदबाजों ने उसे छह विकेट पर 99 रन पर रोक दिया। उसकी तरफ से जेम्स विन्से ने सर्वाधिक 37 रन बनाए जबकि फेबियन एलेन ने नाबाद 26 रन का योगदान दिया।

# बांग्लादेश दौरे के लिए टीम इंडिया और इंडिया ए का ऐलान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए यश दयाल और रवींद्र जडेजा की जगह तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और हरफनमौला शाहबाज अहमद को इंडिया 'ए' टीम में जगह दी गयी है। दयाल पीठ के निचले हिस्से में समस्या से ग्रस्त हैं जबकि जडेजा अभी तक अपने घुटने की चोट से उबर नहीं पाए हैं। वह बीसीसीआई मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। न्यूजीलैंड में 25 नवम्बर से ऑकलैंड में शुरू होनेवाली तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला के लिए कुलदीप और शाहबाज को शुरू में टीम में नामित किया गया था। हालांकि, अब वे बांग्लादेश जानेवाली टीम का हिस्सा होंगे। न्यूजीलैंड में वर्तमान में एक दिवसीय टीम के लिए कोई विकल्प नहीं दिया गया है।

### ऐसी होंगी टीमें : -

**न्यूजीलैंड वनडे के लिए भारत की टीम :** शिखर धवन (कप्तान), शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर, उमरान मलिक।

**बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), शिखर धवन, विराट कोहली, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर, राहुल त्रिपाठी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, मो. शमी, मो. सिराज, दीपक चाहर, कुलदीप सेन।

**इंडिया ए टीम का भी हुआ चुनाव**

चयनकर्ताओं ने बांग्लादेश ए के खिलाफ दो चार दिवसीय मैचों के लिए भारत ए टीम का भी चयन किया है।

**पहले चार दिवसीय मैच के लिए भारत-ए टीम :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), रोहन कुन्नुमल, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, सरफराज खान, तिलक वर्मा, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, राहुल चाहर, जयंत यादव, मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, अतीत सेठ।

**दूसरे 4 दिवसीय मैच के लिए इंडिया ए टीम :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), रोहन कुन्नुमल, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, सरफराज खान, तिलक वर्मा, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, राहुल चाहर, जयंत यादव, मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, अतीत शेठ, चेतेश्वर पुजारा, उमेश यादव, केएस भरत (विकेटकीपर)।

# आईपीएल-2023 में इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट दे सकते हैं दिखाई

**मुंबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सीजन से पहले होनेवाली नीलामी में अपना नाम दर्ज करवाया है। रूट इंग्लैंड के लिए 32 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 35.72 की औसत से 893 रन बना चुके हैं, लेकिन मई 2019 के बाद से उन्होंने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान रूट ने डेली मेल अखबार को दिये हालिया साक्षात्कार में कहा था कि टेस्ट कप्तानी छोड़ने के बाद उनका कार्यभार कम हुआ है और अब वह टी-20 में भी अपनी संभावनायें तलाशेंगे।



रूट ने इससे पहले 2018 की आईपीएल नीलामी में भी अपना नाम दर्ज किया था, हालांकि उन्हें किसी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा था। डेली मेल ने रूट के हवाले से कहा था कि मैं आईपीएल नीलामी में जाने पर विचार करूंगा और मुझे टूर्नामेंट में मौका मिलने की उम्मीद है। हर मैच के महत्व में शामिल होना बहुत अच्छा होगा। बयान में कहा गया थाकि संन्यास लेने, धीमा होने या कम प्रारूप खेलने के बारे में मेरे मन में कोई विचार या भावना नहीं है। कुछ भी हो, मैं अपने समय के साथ थोड़ी अधिक स्वतंत्रता महसूस करता हूं। मुझे हमेशा टी-20 सीरीज के दौरान आराम मिलता था और मुझे लगता है कि मैं प्रारूप से अलग हो गया, क्योंकि मैंने इसे पर्याप्त नहीं खेला। आप यह महसूस कर सकते हैं कि आप पीछे छूट गये हैं। अब अगले कुछ साल यह पता लगाने का अच्छा समय हो सकता है कि मैं उस प्रारूप में अपने खेल के कितनी दूर ले जा सकता हूं। उल्लेखनीय है कि एकदिवसीय विश्व कप-2023 की मेजबानी भारत को दी गयी है और उससे पहले भारतीय परिस्थितियों में खेलना रूट के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। इससे पहले इंग्लैंड को 2023 के शुरूआती हिस्से में दक्षिण अफ्रीका और बंगलादेश में एक दिवसीय श्रृंखला भी खेलनी है।

### नीदरलैंड और इक्वाडोर के मैच में स्ट्राइकर के बीच होगा मुकाबला

**दोहा (एजेंसी)।** इक्वाडोर के स्ट्राइकर इनर वैलेंसिया और नीदरलैंड के फॉरवर्ड मेम्फिस डेपे का प्रदर्शन शुक्रवार को होनेवाले विश्वकप मुकाबले में काफी हद तक परिणाम का निर्धारण करेगा। यह दोनों ही स्ट्राइकर अलग शैली के हैं। वैलेंसिया के शॉट अधिक ताकतवर और सीधे होते हैं जबकि डेपे ज्यादा कुशल हैं। यह दोनों ही खिलाड़ी अपनी टीम के लिए बेहद महत्व रखते हैं और ऐसे में इस मुकाबले में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। इस मैच में जीत दर्ज करनेवाली टीम के छह अंक हो जाएंगे और उसकी ग्रुप ए में स्थिति मजबूत हो जाएगी। वैलेंसिया ने कतर के खिलाफ इक्वाडोर की तरफ से दोनों गोल किए थे। वह अब तक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 37 गोल कर चुके हैं। दूसरी तरफ नीदरलैंड ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर सेनेगल को 2-0 से हराया था। डेपे उस मैच में दूसरे हाफ में ही मैदान पर उतरे थे। डेपे ने नीदरलैंड को विश्व कप में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# फीफा विश्व कप : सेनेगल के खिलाफ दबाव से निपटना चाहेगा कतर

**दोहा (एजेंसी)।** विश्व कप मेजबान कतर के लिए बद से बदतर साबित हो सकता है, अगर उसके खिलाड़ी ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच में अफ्रीकी चैम्पियन सेनेगल के खिलाफ दबाव से निपटने में सफल नहीं हो पाए। कतर पहले ही विश्व कप के शुरूआती मैच को गंवानेवाला पहला मेजबान बन चुका है। उसे रविवार को इक्वाडोर से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। इससे उस पर ग्रुप चरण से बाहर होनेवाला दूसरा मेजबान बनने का खतरा भी मंडरा रहा है जबकि पहली बार ऐसा 2010 में दक्षिण अफ्रीका के साथ हुआ था। अगर वह प्रत्येक मैच में हार गया या फिर घरेलू विश्व कप में एक भी गोल करने में सफल नहीं रहा तो इससे फीफा के छोटे और अमीर खाड़ी देश को विश्व कप की मेजबानी सौंपने के फैसले की और भी आलोचना होगी जो 12 साल पहले मेजबानी का अधिकार जीतने से पहले फुटबॉल के इस बड़े टूर्नामेंट में कभी भी क्वालीफाई नहीं कर सका था। कतर के कोच फेलिक्स



सांचेज ने कहा कि हम इस जिम्मेदरी से थोड़े अभिभूत थे। हम थोड़े नर्वस भी थे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम (सेनेगल के खिलाफ) थोड़े कम दबाव में होंगे और हम मैच में अधिक प्रतिस्पर्धी तरीके से खेलेंगे। मुझे लगता है कि हम इसकी ओर काम कर सकते हैं। कतर के पास शुक्रवार को सेनेगल के खिलाफ होने वाले मैच में यह दिखाने का मौका होगा कि वह विश्व कप में शामिल होने का हकदार है।

प्रतिद्वंद्वी टीम में इंग्लैंड, स्पेन, इटली और फ्रांस की शीर्ष लीग में खेलनेवाले कई खिलाड़ी होंगे, भले ही उसे चोटिल फॉरवर्ड सादियो माने की कमी खल रही हो। सांचेज ने कहा कि हम अभी काफी सुधार कर सकते हैं। कतर भले ही 2019 का एशियाई चैम्पियन हो, लेकिन टीम का प्रत्येक सदस्य देश में स्थानीय क्लब के लिए खेलता है जो उनके और विश्व कप के मानक के बीच अंतर का संकेत हो सकता है। सेनेगल को भले ही मजबूत नीदरलैंड से शुरुआती मैच में हार मिली हो लेकिन उसने प्रतिद्वंद्वी टीम को परेशानी में डाला था। पर दूसरे हाफ में उसके मिडफील्डर चेखोऊ कोयाते और डिफेंडर अब्दोऊ डियाओ चोटिल हो गए थे जिससे मैच के दौरान टीम की लय पर असर पड़ा था और नीदरलैंड ने इसी का फायदा उठाते हुए अंत में गोल दागकर जीत दर्ज की थी। कोयाते के कतर के खिलाफ मैच से बाहर रहने की संभावना है लेकिन सेनेगेल के कोच अलियोऊ सिसे ने कहा कि टीम का ध्यान अगले मैच पर लगा हुआ है जिसमें उन्हें इस्माइला सार, बोलाये दिया और क्रेपिन डियाटा की नई फॉरवर्ड पंक्ति से काफी उम्मीदें लगी हुई हैं।